राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 धोनी को लेकर सीएसके सीईओ का बडा बयान आया सामने.....

खतरे में सहवाग का 319 का रिकॉर्ड, 5 भारतीय क्रिकेटर तोडने का रखते हैं..... 11

वर्ष : 14 | अंक : 40 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 जून, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी के उद्योगपति साले के ठिकानों पर ईडी का छापा

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी हैं उद्योगपति अजय कुमार उर्फ कारू सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एवं आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम आय से अधिक संपत्ति एवं टैक्स चोरी को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी मंत्री विजय चौधरी के साले अजय कुमार सिंह उर्फ कारू सिंह के आवास और फैक्ट्री सहित पांच से अधिक ठिकाने पर छापेमारी कर रही है। केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी केंद्रीय सुरक्षाबलों की टीम के साथ दस गाड़ियों से सुबह पांच बजे श्रीकृष्ण सिंह नगर स्थित अजय सिंह के आवास पर पहुंचे हैं। इस बीच अधिकारियों की अन्य टीम कारू सिंह के फुलवरिया थाना क्षेत्र के गौड़ा में एनएच-28 किनारे स्थित ब्रॉडवे लिंक प्राइवेट लिमिटेड, बियाडा परिसर में निमार्णाधीन इथनॉल फैक्ट्री, सिंघौल स्थित जेसीबी कार्यालय सहित अन्य जगहों पर भी छापेमारी कर रही है। कहा जा रहा है कि

कारू सिंह के देश के कई अन्य ठिकाने पर भी छापेमारी चल रही है। किसी को भी बाहर नहीं आने दिया जा रहा है। समाचार भेजे जाने तक सभी जगह एक साथ छापेमारी जारी रहने के कारण इस संबंध में विस्तार से जानकारी नहीं मिल रही है। सुरक्षा बलों की टीम ने आवास के मुख्य द्वार को बंद कर दिया है तथा आसपास भी किसी को जाने नहीं दिया जा रहा है। ब्रॉडवे लिंक प्राइवेट लिमिटेड एवं लोहा फैक्ट्री सहित अन्य ठिकाने का भी मुख्य द्वार बंद कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मटिहानी निवासी कारोबारी अजय कुमार सिंह उर्फ कारू सिंह का बेगूसराय जिला मुख्यालय सहित देश के कई शहरों में आलीशान भवन है। कारू सिंह बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी के साले हैं। इनका जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुंगेर के सांसद ललन सिंह तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी करीबी संबंध है। बेगूसराय के बड़े उद्योगपति, संवेदक, बिल्डर और कारोबारी में शुमार अजय कुमार सिंह उर्फ कारू सिंह का बेगूसराय के फुलवरिया थाना क्षेत्र में लोहा फैक्ट्री एवं फेब्रिकेशन वर्कशॉप सहित कई अन्य कारोबार है। संभावना जताई जा रही है कि फैक्ट्री एवं अन्य कारोबार में प्राप्त आय को छुपाने सहित अन्य कारणों से यह छापेमारी की जा रही है। बेगूसराय एवं सिंगापुर सहित इनकी तीन लोहा की फैक्ट्रियां हैं। इथेनॉल फैक्ट्री बन रही है। वहीं, बिहार और झारखंड सहित कई अन्य जगहों के उद्योगों, बिल्डिंग कारोबार एवं ठेकेदारी में भी पार्टनरशिप है। छह घंटे से चल रहे छापेमारी से आशंका जताई जा रही है कि टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। छापेमारी की सूचना मिलते ही कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। राजनीतिक एवं उद्योग जगत में तरह-तरह की चर्चा हो रही है।

मौसम

अधिकतम तापमान 38.0°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	60,415
चांदी	71,500
संसेक्स	62,849
निफ्टी	18,599

जी-20 देश शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार को दें बढ़ावा : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को इस बात पर जोर दिया कि जी-20 देश शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जी-20 देशों के शिक्षा मंत्रियों के पुणे में आयोजित समारोह को वाशिंगटन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने उपस्थित गणमान्यों से शिक्षा के क्षेत्र में सामूहिक अनुसंधान को बढ़ावा देने पर काम करने का आह्वान किया। जी-20 देशों की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी द्वारा सामने लाए जा रहे अवसरों और चुनौतियों के बीच सही संतुलन बनाने की जरूरत है। श्री मोदी ने यह भी बताया कि भारत को इन अनुभवों और संसाधनों को विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के साथ साझा करने में प्रसन्नता होगी। प्रधानमंत्री ने युवाओं में कौशल विकास के लिए लगातार काम

करने की जरूरत पर जोर देते हुए युवाओं के काम को उन्नत बनाकर और ऐसी युक्तियों को अपनाकर उनकी दक्षताओं के साथ बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत में, हम कौशल का पता लगाने का कार्य कर रहे हैं जहां शिक्षा, कौशल और श्रम मंत्रालय इस पहल पर मिलकर काम कर रहे हैं। श्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया कि जी-20 देश वैश्विक स्तर पर कौशल पता लगाने का कार्य कर सकते हैं और उन कमियों का पता लगा सकते हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है। डिजिटल प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा कि यह एक समता प्रदान करने वाले के रूप में काम कर सकता है और समावेशिता को बढ़ावा देता है। यह शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप ढलने में एक शक्ति गुणक है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की क्षमता पर भी चर्चा की जो सीखने, कौशल और शिक्षा के क्षेत्र में काफी संभावनाएं प्रदान करती है। अनुसंधान और नवाचार पर दिए गए जोर पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने देश भर में दस हजार 'अटल टिंकरिंग लैब्स' स्थापित की हैं जो हमारे स्कूली बच्चों में अनुसंधान और नवाचार को विकसित करने में मदद करती हैं। उन्होंने बताया कि इन प्रयोगशालाओं में 75 लाख से अधिक छात्र 12 लाख से अधिक नवीन परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। बच्चों और युवाओं के भविष्य के प्रति जी 20 शिक्षा मंत्रियों की बैठक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि समूह ने सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हरित परिवर्तन, डिजिटल परिवर्तन और महिला सशक्तिकरण को त्वरक के रूप में पहचाना है। प्रधानमंत्री ने कहा, शिक्षा इन सभी प्रयासों के मूल में है। शिक्षा न केवल वह नींव है जिस पर हमारी सभ्यता का निर्माण हुआ है, बल्कि यह मानवता के भविष्य का वास्तुकार भी है। उन्होंने शिक्षा मंत्रियों को शेरपाओं के रूप में संदर्भित किया और कहा कि वह सभी के लिए विकास, शांति और समृद्धि के प्रयास में मानव जाति का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'नई ई-लर्निंग को नवोन्मेषी ढंग से अपनाने और उपयोग करने की जरूरत है और कहा कि इसका उद्देश्य बेहतर प्रशासन के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना होना चाहिए।

विपक्षी एकता से पहले केजरीवाल का अल्टीमेटम, अध्यादेश पर समर्थन दे कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विजय अभियान को 2024 में रोकने निकले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी एकता की बैठक से पहले ही जोर का झटका दिया है। नीतीश कुमार ही विपक्षी दलों की महा बैठक के अगुआ है। 23 जून को होने वाली विपक्षी पार्टियों की महा बैठक से पहले ही आम आदमी पार्टी (आप) ने कांग्रेस को अल्टीमेटम दिया है। अल्टीमेटम यह कि वह दिल्ली अध्यादेश पर आप का समर्थन करे, वरना वह बैठक का बायकॉट करेगी। आप के इस स्टैंड से नीतीश का मिशन मटियामेट हो सकता है। आप की मंशा है कि 23 जून की बैठक में सबसे पहले दिल्ली के लिए सेवा क्षेत्र में लाए गए केंद्र के अध्यादेश पर सबसे पहले चर्चा हो। अध्यादेश के मुद्दे पर सभी पार्टियां उनका समर्थन करें। हालांकि, कांग्रेस ने इस मुद्दे पर अब तक अपना पक्ष साफ नहीं किया है। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के नेता शुरू से ही अध्यादेश का विरोध करने को राजी नहीं है। उनका कहना है कि वह अध्यादेश के खिलाफ नहीं हैं। अध्यादेश के मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मिलने का समय भी मांग चुके हैं लेकिन उन्हें अभी तक कोई समय नहीं मिला। केजरीवाल ने विपक्षी नेताओं को पत्र लिखकर 23 जून को होने वाली गैर-भाजपा दलों की बैठक में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण को लेकर केंद्र के अध्यादेश पर चर्चा करने और मामले पर अपना रुख स्पष्ट करने की को कहा है। केजरीवाल ने विपक्षी नेताओं से कहा कि वे इसे 'दिल्ली केंद्रित समस्या' के तौर पर नहीं सोचें। साथ ही कहा है कि यदि विरोध नहीं किया गया तो केंद्र सरकार अन्य राज्यों के लिए भी इसी तरह का अध्यादेश ला सकती है। इधर, विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने के लिए विपक्षी नेताओं का पटना पहुंचना शुरू हो गया है। आज सबसे पहले जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती पहुंचीं। फिर शाम में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पटना पहुंच चुकी हैं।

राहुल को प्रधानमंत्री बनाने के लिए कांग्रेस कर रही हैं कोशिश : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि 2024 में कांग्रेस राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने की कोशिश कर रही है,और लोगो को श्री नरेन्द्र मोदी एवं राहुल के बीच चुनाव करना है। श्री शाह ने आज यहां मोदी सरकार के नौ वर्ष के शासन के पूरा होने पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए लोगो से पूछा कि 2024 में कौन प्रधानमंत्री होगा राहुल बाबा या नरेन्द्र मोदी।भीड़ से आवाज आई नरेन्द्र मोदी।विपक्ष की कल पटना में होने वाली बैठक से ठीक पहले श्री शाह ने एक तरह से 2024 में मोदी एवं राहुल के बीच प्रधानमंत्री पद के लिए मुकाबले को खड़ा करने की कोशिश की। उन्होने कहा कि नौ वर्षों में मोदी जी ने देश का सम्मान दुनिया में बढ़ाया और देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया की 11वीं से पांचवीं अर्थव्यवस्था बना दिया।उन्होने कहा कि नौ वर्षों में मोदी सरकार ने बहुत सारे परिवर्तन किए जबकि 10 वर्ष सत्ता में रही मनमोहन सरकार ने घपले घोटाले किए और भारी भ्रष्टाचार हुआ,जबकि नौ वर्षों के शासनकाल पर मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार के एक भी आरोप नही लगे। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में देश में आतंकवादी घटनाएं होती थी हमारे जवानों के लिर काट लिए जाते थे।पाकिस्तान को आदत पड़ चुकी थी उसने कश्मीर में पुलवामा और उरी में हमला किया जिसका मुंह तोड़ जवाब उसे मिला।उन्होने कहा कि उनकी सरकार ने कश्मीर से धारा 370 हटाया जिसे कांग्रेस सरकार 70 वर्षों से नही हटा सकी थी।छत्तीसगढ़ का जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि वामपंथ उग्रवाद की कमर तोड़ दी गई है और बस्तर के महज कुछ इलाकों तक नक्सली सिमट गए है। उन्होने अयोध्या में बन रहे राम मन्दिर का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस राम मन्दिर के निर्माण को लटका कर रखे हुई थी और लोगो को भ्रमा रही थी।मोदी जी सत्ता में आते ही एक दिन जाकर भूमि पूजन कर दिया।मन्दिर तेजी से बन रहा है।उन्होने लोगो को राम मन्दिर में दर्शन के लिए तैयार रहने के अपील करते हुए कहा कि जनवरी में रामलला की प्रतिमा वहां स्थापित हो जायेंगी। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ का जिक्र करते हुए कहा कि यहां की बघेल सरकार घोटाले पर घोटाले कर रही है।यह वादाखिलाफी करने वाली सरकार है। इसने शराबबन्दी का वादा पूरा नही किया बल्कि उसकी होम डिलवरी शुरू करवा दी। 10 लाख नौकरियां देने का वादा किया था वह भी पूरा नही किया।बुजुर्ग माताओं को वृद्धावस्था पेंशन नही मिल रही है,साथ ही राज्य पर डेढ़ लाख करोड़ का कर्ज हो गया है।राज्य में बघेल सरकार का कार्यकाल में एक हजार किसानों ने आत्महत्या की और इस छोटे राज्य में पांच हजार बलात्कार की घटनाएं हुई। उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने नौ वर्षों में राज्य को तीन लाख करोड़ रूपए दिए जबकि 10 वर्ष की मनमोहन सरकार में महज 74 हजार करोड़ रूपए ही मिले थे।उन्होने कहा कि मोदी सरकार द्वारा दी गई यह राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है।उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता इस सरकार से त्रस्त है और वह वह चुनाव की राह देख रही है।चुनाव में इस सरकार की कुर्सी पलटना तय है।

पटना में विपक्षी दलों की बैठक 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले 'अच्छी शुरूआत' : तृणमूल कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस का मानना है कि बिहार के पटना में शुक्रवार को आयोजित होने जा रही विपक्षी दलों की बैठक 2024 के आम चुनाव से पहले "एक अच्छी शुरूआत" है। तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर "अलोकतांत्रिक एवं तानाशाही नीतियों" का आरोप लगाते हुए इनके खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विरोधी दलों के एकजुट होने के महत्व पर जोर दिया। बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) (जद-यू) नेता नीतीश कुमार द्वारा बुलाई गई बैठक में राहुल गांधी, ममता बनर्जी, एम के स्टालिन, शरद पवार, महबूबा मुफ्ती और हेमंत सोरेन एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं के भाग लेने की उम्मीद है। जद-यू ने पिछले साल भाजपा का साथ छोड़ दिया था। विपक्षी दलों की बैठक के लिए ममता बनर्जी के साथ तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी भी होंगे। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा, "पटना पहुंचने से पहले ही एक अच्छी शुरूआत देश के संविधान को बचाने के लिए काम कर रहे सभी दल कई मुद्दों पर एकमत हैं। अभी के लिए, हमारे पास एक तारीख, एक स्थान और एक समझौता है कि बैठक में हर पार्टी के प्रमुख रहेंगे।" तृणमूल कांग्रेस नेता ने कहा, "इसके बाद अगली बैठक की तारीख और स्थान पटना में तय किया जाएगा। इसके अलावा, यही सलाह है कि कोई भी बैठक को लेकर अटकल न लगाए।" पटना में विपक्षी नेताओं की बैठक आयोजित करने का विचार बनर्जी द्वारा रखा गया था, जिन्होंने अप्रैल में कोलकाता में नीतीश कुमार से मुलाकात के दौरान जयप्रकाश नारायण को याद करते हुए उनका जिक्र किया था। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुखेंदु शेखर रॉय ने कहा कि लक्ष्य यह होना चाहिए कि विपक्षी एकता जल्द से जल्द आकार ले क्योंकि 2024 के आम चुनाव में एक साल से भी कम समय बचा है। उन्होंने कहा, "भाजपा ने देश के लोकतंत्र को नष्ट कर दिया है और संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। अगर भाजपा की विरोधी और उसके खिलाफ संघर्ष कर रहीं पार्टियां एकजुट होकर लड़ने में विफल रहती हैं, तो यह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण होगा।" रॉय ने कहा कि विपक्षी एकता को एकजुट करने के प्रयास पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्षी उम्मीदवार के चयन के दौरान ही शुरू हो गए थे। यह पूछे जाने पर कि क्या विपक्षी दलों के मोर्चे के नेतृत्व का मुद्दा इसमें बाधा पहुंचाएगा, इस पर रॉय ने कहा, "सिर्फ मीडिया और भाजपा को इसके बारे में चिंता है। न तो विपक्षी दल और न ही इस देश के लोग इस तरह के नेतृत्व के मुद्दे को लेकर चिंतित हैं।" नाम नहीं जाहिर करने का अनुरोध करते हुए एक अन्य तृणमूल नेता ने कहा कि बैठक में मणिपुर में जारी संकट पर भी चर्चा होगी, जहां जातीय हिंसा में 100 से अधिक लोगों की जान चली गई है। इस महीने की शुरूआत में कर्नाटक चुनावों में कांग्रेस की भारी जीत के बाद तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था कि उनकी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों में वहां कांग्रेस का समर्थन करेगी, जहां वह मजबूत है। जद-यू के नेता कुमार पिछले साल अगस्त में भाजपा से नाता तोड़ने के बाद से ही "विपक्षी एकता" पर जोर दे रहे हैं। भाजपा ने प्रस्तावित विपक्षी बैठक को "निरर्थक कवायद" करार दिया और कहा कि इस तरह के "अवसरवादी गठबंधन से कोई नतीजा नहीं निकलेगा"। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा, "ये निरर्थक हैं। हमने 2014 और 2019 में ऐसे प्रयास देखे और परिणाम हमारे सामने हैं। इस देश के लोग भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा करते हैं। वे कभी भी अस्थिर और अवसरवादी गठबंधन को वोट नहीं देंगे।"

राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार-2022 और 2023 प्रदान किए

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में नर्सिंग प्रोफेशनलों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए। वर्ष 2022 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्राप्त करने वालों में दिल्ली की अनीता नाकरा और मेजर जनरल स्मिता देवरानी के अलावा नमिता कलिता (असम), सुजाता पीटर टस्कानो (महाराष्ट्र), डिमखानमन हंगशिंग (मणिपुर), तेजावथ सुशीला (तेलंगाना), रीटा मंडल (पश्चिम बंगाल), रिलायंस पिरंगप (मेघालय), एथोडो लिंग्गी (अरुणाचल प्रदेश), डॉ. पोरेड्डी विजयलक्ष्मी (कर्नाटक), हिंदुम्बी के. (लक्षद्वीप), सेबती साहू (ओडिशा), नीरज तम्बोलिया (राजस्थान), गणपति संथी (तमिलनाडु) और मंजू केरा (उत्तराखंड) का नाम शामिल है। अनीता नाकरा दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, जीटीबी अस्पताल में सहायक निदेशक नर्सिंग के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कोविड-19 के दौरान भी कैंसर देखभाल केंद्र को चालू रखा। वहीं मेजर जनरल स्मिता देवरानी, वीएसएम वर्तमान में सेना मुख्यालय दिल्ली में सैन्य नर्सिंग सेवा की अतिरिक्त महानिदेशक हैं। उन्होंने कोविड-19 के दौरान नर्सिंग सेवाओं को व्यवस्थित करने के लिए विभिन्न नवाचारों को पेश करने की पहल की और सभी एएफएमएस अस्पतालों में टीकाकरण अभियान को सुव्यवस्थित किया। वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सुचित्रा मिस्त्री (अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह), गायत्री कुमारी (बिहार), नागरत्ना टी (कर्नाटक), मंजूलता महराणा (ओडिशा), सुगंधी के (तमिलनाडु), अंबिका प्रधान (सिक्किम), फिरदौसा जान (जम्मू-कश्मीर), गीता ए आर (केरल), ब्रिगेडियर अमिता देवरानी (महाराष्ट्र), पुष्पा श्रवण पोडी (महाराष्ट्र), इरोम चंद्रबाला देवी (मणिपुर), सी जोपारी (मिजोरम), साथियाकानी थंगराज (पुडुचेरी), माधवी राणे चिखाले (पंजाब) और अबिष्मिता घोष (पश्चिम बंगाल) का नाम शामिल है। राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों और नर्सिंग प्रोफेशनलों द्वारा समाज को प्रदान की गई सराहनीय सेवाओं के सम्मानस्वरूप की गई थी।

जन स्वास्थ्य | प्राथमिकता के आधार पर बनवाएं जरूरतमंदों के आयुष्मान हेल्थ कार्ड

जन स्वास्थ्य की रक्षा हमारा दायित्व : मुख्यमंत्री योगी

- गंभीर बीमारियों के इलाज में दी जाएगी भरपूर आर्थिक सहायता
- जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं सात सौ लोगों की समस्याएं

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देशित किया है कि जो भी जरूरतमंद आयुष्मान हेल्थ कार्ड से वंचित रह गए हैं, उनके कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनवाए जाएं। जन स्वास्थ्य की रक्षा हमारा दायित्व है इसलिए किसी के इलाज में धन की बाधा नहीं आनी चाहिए। जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाएं हैं, उनके इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में बेहतर व्यवस्था बनाई जाए और इसके बाद भी जरूरत पड़े तो हायर सेंटर में इलाज के लिए इस्टीमेट बनवाकर शासन को उपलब्ध कराएं। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर आर्थिक सहायता राशि जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने यह निर्देश गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दीं। मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब सात सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और बड़े

इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अस्पताल से इस्टीमेट लेकर प्रक्रिया पूरी करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से तत्काल सहायता राशि जारी करा दी जाएगी। इस दौरान पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी ने भी लापरवाही की तो उसे दंड का भागी बनना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने की गोसेवा, गोवंश को खिलाया गुड़

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला पहुंचे और गोसेवा की। उन्होंने बड़े ही स्नेह से गोवंश को उनके नाम से पुकारा तो गोवंश दौड़ते उनके पास चले आए। सीएम ने गोवंश का माथा सहलाकर उन्हें दुलारा और अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

अल्मोड़ा से पनार तक सड़क बना रही कंपनी से एनएच ने काम छीना

हल्द्वानी, एजेंसी। तय समय सीमा बढ़ाने के बाद भी अल्मोड़ा से पनार तक सड़क का काम पूरा नहीं हो सका है। इस पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने मां भगवती कंस्ट्रक्शन कंपनी से काम छीन लिया है। साथ ही परिवहन मंत्रालय को पत्र भेजकर कंपनी को काली सूची में डालने की सिफारिश की है। एनएच के अधीक्षण अभियंता अरूण कुमार ने बताया कि वार्षिक योजना 2020-21 के तहत अल्मोड़ा से पनार रोड पर 44.10 किलोमीटर सड़क का सुदृढ़ीकरण काम के लिए 28 करोड़ रुपये जारी हुए थे। इसका ठेका मां भगवती कंस्ट्रक्शन कंपनी नोएडा के नाम पर हुआ था। काम शुरू करने की तिथि एक जुलाई 2021 और समाप्ति की 30 जून 2022 थी। कंपनी ने तय समय पर काम नहीं किया। इसके बाद कंपनी को काम पूरा करने के लिए अप्रैल 2023 तक समय दिया गया। इसके बावजूद अब तक कंपनी मात्र 38 प्रतिशत तक ही सड़क बना सकी। इसलिए कंपनी से काम छीन लिया गया है। अब दोबारा टेंडर निकाले जाएंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को पत्र भेजा गया है। कंपनी को काली सूची में डालने की सिफारिश की गई है।

आढ़ती की दुकान से डेढ़ लाख चोरी में केस दर्ज

हरिद्वार, एजेंसी। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में एक आढ़ती की दुकान से डेढ़ लाख रुपये की नकदी गल्ले से चोरी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। सीसीटीवी फुटेज से आरोपी को चिह्नित कर लिया। पुलिस के मुताबिक वाल्मीकि बस्ती घासमंडी में जय प्रकाश अग्रवाल की दुकान और गोदाम है। शुक्रवार देर शाम जय प्रकाश अग्रवाल दुकान से शौच करने के लिए गए। तभी एक युवक दुकान में घुसा और अलमारी से बैग निकालकर फरार हो गया। बैग के अंदर डेढ़ लाख की रकम थी। सीसीटीवी में आरोपी कैद हो गया था। पुलिस ने आरोपी को चिह्नित कर लिया। व्यापारी के पुत्र डॉ. गौरव अग्रवाल की तरफ से मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

तहसील से बिना जांच के बनाए जा रहे आय प्रमाण पत्र

हरिद्वार, एजेंसी। जट बहादरपुर में हुए किसान यूनियन के सम्मेलन में कई मुद्दों पर मंथन हुआ। किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अंकित चौहान ने कहा कि हरिद्वार तहसील में गरीब किसानों एवं मजदूरों के आय प्रमाण पत्र बिना जांच के दफ्तर में बैठकर बनाए जा रहे हैं। जिससे उन्हें गलत आय के प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। इसे किसान यूनियन बर्दाश्त नहीं करेगी। अगर ऐसा ही चलता रहा तो यूनियन तहसील में धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। अंकित चौहान ने कहा कि सब स्टेशन कनखल विद्युत विभाग की ओर से जट बहादरपुर में भारी विद्युत कटौती की जा रही है। रात में मात्र 2 घंटे ही विद्युत आपूर्ति की जा रही है। ऊर्जा निगम की ओर से अगर रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू नहीं हुई तो बिजली घर का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गंगा और उसकी सहायक नदियों में अवैध खनन किया जा रहा है। किसानों के खेतों और सिंचाई की नालियों को भी माफिया की ओर से नहीं छोड़ा जा रहा है। सिंहद्वार पर किए गए धरने पर एसडीएम पूरण सिंह राणा ने 30 दिन में मांगों का पूरा करने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे रणनीति बनाकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान रवि कुमार को यूनियन का तहसील मीडिया प्रभारी, रजत को तहसील उपाध्यक्ष, मोहम्मद गुलशनव्वर को ब्लॉक उपाध्यक्ष, भरत सिंह ग्राम अध्यक्ष, अभिषेक, लवकुश, अरुण कुमार, सोनू, दीपक नौटियाल, अंकित, विशाल, शेखर, शालू, रवि, पपीन, विशाल उर्फ भीम आदि मौजूद रहे।

ससुराल आए व्यक्ति का शव बैंक के पास मिला

हरिद्वार, एजेंसी। बिजनौर से डालूवाला गांव में अपनी ससरुल में आए व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव पंजाब नेशनल बैंक के पास पड़ा मिला। जिससे हड़कंप मच गया। पुलिस के मुताबिक वीरेंद्र सिंह राठौर (42 वर्ष) निवासी साहुवाला गोसाई वाला बिजनौर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ धनौरी क्षेत्र के डालूवाला गांव में अपनी ससुराल में आया था। मंगलवार शाम को पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद उसकी पत्नी अपने गांव डालूवाला में वापस लौट गई थी जबकि वह धनौरी में ही रुक गया। बुधवार सुबह पंजाब नेशनल बैंक के सामने वीरेंद्र का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी प्रभारी प्रदीप राठौर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

कोठार गांव में तैयार हो रहा रुद्राक्ष वन, लगाए जाएंगे 1000 पौधे

ऋषिकेश, एजेंसी। यमकेश्वर ब्लॉक के कोठार गांव में रुद्राक्ष वन की स्थापना की जा रही है। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती और पौड़ी डीएम आशीष चौहान ने बुधवार को यहां रुद्राक्ष के पौधे लगाकर इसका उद्घाटन किया। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने बताया कि नीलकंठ महादेव मंदिर के समीप कोठार गांव में रुद्राक्ष वन की स्थापना की जा रही है। इसके लिए यहां करीब एक हजार से अधिक रुद्राक्ष के पौधे लगाए जा रहे हैं। गांव को एक सुंदर और प्रकृति के समृद्ध मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह आस्था, आध्यात्मिकता, साधना के साथ ही जीविका के लिए भी जरूरी है। कांवड यात्रा में आने वाले श्रद्धालु यहां पर बैठकर प्रकृति का आनंद ले सकेंगे। कुछ वर्षों बाद इन पौधों से रुद्राक्ष भी प्राप्त हो सकेंगे।

गौलापार में हुई दो साल की रजिस्ट्री की होगी जांच

हल्द्वानी, एजेंसी। राजस्व में वृद्धि और स्टांप चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक की। डीएम ने गौलापार क्षेत्र में दो साल में हुई रजिस्ट्री व शपथ पत्र की जांच करने के निर्देश सहायक महानिरीक्षक को दिए। डीएम वंदना ने कहा कि देखा गया है कि एक खेत नंबर से शपथ पत्र लगाकर एक ही साइज के विभिन्न बैनामा किए जाते हैं जो कि रेरा का उल्लंघन है। इस संबंध में सहायक महानिरीक्षक को पिछले दो वर्षों में गौलापार क्षेत्र में रेरा का शपथ पत्र लगाकर हुई रजिस्ट्री का डाटा उपलब्ध कराने व भौतिक सत्यापन व शपथ पत्रों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टांप चोरी रोकने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने समस्त सब रजिस्ट्रार को बैनामा से पूर्व भूमि के कॉर्डिनेट्स व केएमएल फाइल चेक कराने के निर्देश दिए जिससे यह सुनिश्चित हो जाए कि बैनामा के अनुसार ही भूमि की खरोद-फरोख्त की गई है। उन्होंने बड़ी रजिस्ट्री का सत्यापन एडीएम अशोक जोशी को करने को कहा। इस अवसर पर सहायक महानिरीक्षक महेश द्विवेदी, सब रजिस्ट्रार रामनगर प्रताप सिंह रावत, हल्द्वानी दिनेश चौहान, नैनीताल रमा तिवारी, धारी भीम सिंह उपस्थित थे। जिले के आला अधिकारियों को गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुननी होंगी और रात्रि विश्राम भी करना होगा। डीएम वंदना ने इसका रोस्टर जारी कर दिया है। डीएम खुद भी जुलाई के प्रथम सप्ताह से गांव में रात्रि विश्राम करेंगी। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की शीर्ष प्राथमिकताओं के तहत 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम जुलाई से शुरू किया जा रहा है। इसका रोस्टर तैयार कर लिया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि भ्रमण कार्यक्रम के दौरान अधिकारी जनता की समस्याएं सुनेंगे, उनका निदान करेंगे। सरकारी योजनाओं की जानकारी भी देंगे। सरकारी योजनाओं और निर्माण कार्य को भी देखेंगे। डीएम वंदना ने कहा कि जिस अधिकारी की ड्यूटी लगी है, वह किन्हीं कारणों से अवकाश पर रहते हैं तो उनकी जगह उसी विभाग के दूसरे अधिकारी जाएंगे।

पहाड़ के वाहनों को मिलेगी राहत, वहीं खुलेंगे छोटे ऑटोमेटेड फिटनेस स्टेशन

देहरादून, एजेंसी।
परिवहन विभाग ने तय किया है कि पर्वतीय जिलों में कम जमीन पर छोटे एटीएस बनाए जाएंगे। इससे इन जिलों के वाहन स्वामियों को वाहनों की जांच के लिए मैदानी जिलों में आने की जरूरत नहीं होगी अगले साल अक्तूबर से वाहनों की फिटनेस जांच के लिए ऑटोमेटिक फिटनेस स्टेशन (एटीएस) शुरू होने जा रहा है। इसके लिए पहाड़ के जिलों के वाहनों को मैदानी जिलों में आने की जरूरत नहीं होगी। परिवहन विभाग पर्वतीय जिलों में हर आरटीओ, एआरटीओ कार्यालय के क्षेत्र में छोटे एटीएस बनाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारी माल वाहनों और भारी यात्री वाहनों के लिए ऑटोमेटेड फिटनेस जांच एक अप्रैल 2023 से अनिवार्य की थी। मध्यम माल वाहनों, मध्यम यात्री मोटर वाहनों और हल्के मोटर वाहनों के लिए यह तिथि एक जून 2024 तय की गई थी। इस बीच उत्तराखंड में देहरादून के डोईवाला और रुद्रपुर में एटीएस बनकर तैयार हो गए थे। बाद में मंत्रालय ने इसमें संशोधन कर दिया था।

भारी माल वाहनों, यात्री मोटर वाहनों, मध्यम माल वाहनों, मध्यम यात्री मोटर वाहन और हल्के मोटर वाहन (परिवहन) की फिटनेस जांच एटीएस से एक अक्तूबर 2024 से अनिवार्य होगी। ऑटोमेटेड टेस्टिंग सेंटर के लिए ज्यादा जमीन की जरूरत पड़ती है क्योंकि एक साथ बड़ी संख्या में वाहनों की फिटनेस जांच हो सकती है। उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियां इतर हैं। लिहाजा, परिवहन विभाग ने तय किया है कि पर्वतीय जिलों में कम जमीन पर छोटे एटीएस बनाए जाएंगे। इससे इन जिलों के वाहन स्वामियों को वाहनों की जांच के लिए मैदानी जिलों में आने की जरूरत नहीं होगी। परिवहन विभाग हर संभाग के उप संभागीय क्षेत्रों में ये छोटे एटीएस बनाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने उत्तराखंड को चार एटीएस बनाने की जिम्मेदारी दी थी। इसमें यह प्रावधान भी थे कि अगर दो टेस्टिंग स्टेशन निर्धारित समयावधि में बने तो पांच करोड़ और चारों बन गए तो 10 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। दो स्टेशन समय से बनाए जा चुके हैं, जिसके तहत परिवहन विभाग ने वित्त को प्रोत्साहन राशि का प्रस्ताव भेज दिया है। मार्च तक बाकी दो भी पूरे हो गए तो पांच करोड़ की रकम और मिलेगी।

बेबसी ऐसी कि टैक्सी की छत पर बांध ले जाना पड़ा शिक्षक का शव

हल्द्वानी, एजेंसी। समाजसेवियों के शहर में बुधवार को जो हुआ वह शर्मसार करने वाला था। सड़क हादसे में चंपावत निवासी निजी स्कूल के शिक्षक की मौत हो गई। शव ले जाने के लिए एंबुलेंस चालक तैयार नहीं थे, जो तैयार हुए उन्होंने इतना पैसा मांग लिया जो परिजनों की क्षमता से बाहर था। मिन्नतें करने के बाद भी जब कोई कम पैसों पर ले जाने का राजी नहीं हुआ तो परिजन चंपावत जाने वाली टैक्सी की छत पर शव बांध ले गए।

पुलिस के अनुसार, बलदेव प्रसाद (33) चौड़ा मेहता पाटी जिला चंपावत में प्राइवेट स्कूल में शिक्षक थे। वह चोरगलिया में अपने रिश्तेदार के यहां आए थे। हल्द्वानी के एक स्कूल में उनका इंटरव्यू था। मंगलवार शाम चोरगलिया से बाइक से हल्द्वानी आ रहे थे। तभी कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रात 11 बजे सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच उनके परिजन भी हल्द्वानी पहुंच गए। बुधवार सुबह बलदेव की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। अब समस्या थी शव चंपावत कैसे ले जाया जाए। उन्होंने कई एंबुलेंस चालकों से बात की, लेकिन शाम के समय कोई भी चंपावत जाने के लिए तैयार नहीं हुआ। काफी मिन्नतों के बाद जो चालक तैयार हुए, उन्होंने दस हजार रुपये मांगे। परिजनों ने कमजोर आर्थिक स्थिति की दुहाई दी तो उन्होंने एक हजार रुपये कम करने की बात कही, लेकिन यह राशि भी उनकी क्षमता से बाहर थी। ऐसे में परिजन टैक्सी स्टैंड पहुंचे। वहां से वह चंपावत चलने वाली टैक्सी पोस्टमार्टम हाउस ले आए। उन्होंने शव चादर में लपेटा और टैक्सी की छत पर बांध दिया। टैक्सी में सवारियां भी थीं। फिर परिजन यहां से शव लेकर चंपावत रवाना हो गए। सवाल यह है कि हल्द्वानी से 130 किमी दूर पाटी विकासखंड (चंपावत) ले जाना कितना मुश्किल होगा, वह भी तब जब सड़कें गड्ढायुक्त हैं और ऊपर से बारिश का अंदेशा। एक युवक को गंभीर अवस्था में कालाढूंगी अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, दीपक कुमार (35) निवासी पवलगढ़ बैलपड़ाव हाल निवासी हरिपुर धमोला नहर के किनारे बेसुध पड़ा मिला। उसे कालाढूंगी अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मंदिर के गर्भगृह में सोन की परत पर घमासान, गोदियाल बोले-..कहीं ये भगवान के नाम पर कर चोरी तो नहीं

देहरादून, एजेंसी।
उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि जब गर्भगृह को स्वर्ण मंडित किया जा रहा था, तब बीकेटीसी ने कहा कि एक दानी की ओर से 230 किलो सोना दान दिया जा रहा है। लेकिन जब सोशल मीडिया पर सोने की गुणवत्ता पर सवाल उठे, तब बीकेटीसी ने केवल 23 किलो सोने की बात कही। केदारनाथ गर्भगृह की दीवारों पर सोने की परत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता गणेश गोदियाल ने आशंका जताई है कि इसके पीछे कर चोरी का मामला हो सकता है। उन्होंने सरकार से एसआईटी गठित कर इसकी जांच कराए जाने की मांग की है। ताकि हिंदुओं के आस्था के केंद्र के नाम पर हो रही तमाम तरह की शंकाओं से बादल छंट सकें। बुधवार को पीसीसी में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि जब गर्भगृह को स्वर्ण मंडित किया जा रहा था, तब बीकेटीसी ने कहा कि एक दानी की ओर से 230 किलो सोना दान दिया जा रहा है। लेकिन जब सोशल मीडिया पर सोने की गुणवत्ता पर सवाल उठे, तब बीकेटीसी ने केवल 23 किलो सोने की बात कही। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर 207 किलो सोना कहां चला गया? गोदियाल ने कहा दरअसल, यह मामला 80-जी आयकर प्रमाणपत्र का है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में भी इसी कारोबारी ने 50 किलो सोना बदरीनाथ के लिए दिया था। बाद में सोने का रंग उतर गया और तांबा दिखाई देने लगा। उन्होंने आरोप लगाया कि जब मंदिर समिति की ओर से 23 किलो सोना दान दिया जाना अपने रजिस्टर में दर्ज किया गया और 80-जी का सर्टिफिकेट दिया गया, तब प्राप्त सोने की किसी विशेषज्ञ से जांच क्यों नहीं कराई गई? उन्होंने कहा कि सोने की परत उतरने पर अब एक्रेलिक शीट लगाई जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर गर्भ गृह में वाकई में सोना लगा था तो वह मात्र तीन माह में पानी से कैसे उतर गया? उन्होंने इस मामले में एसआईटी गठित कर जांच कराए जाने की मांग की है। एसआईटी में धातु के विशेषज्ञ, पुलिस, ईडी और आयकर के अधिकारियों को भी शामिल करने की मांग की है। जिस दानदाता ने केदारनाथ में स्वर्णजड़ित प्लेटें लगवाईं, उसी ने 2005 में तत्कालीन कांग्रेस शासनकाल में बदरीनाथ मंदिर में सोना दान किया था। तब कांग्रेस को कोई आपत्ति नहीं हुई।

योग दिवस पर उठा लव जिहाद, लव जिहाद का मुद्दा

अल्मोड़ा, एजेंसी।
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जागेश्वर में हुए कार्यक्रम के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी लैंड और लव जिहाद पर खुलकर बोले। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सनातन संस्कृति को नुकसान पहुंचाने का काम किया जा रहा है। देवभूमि उत्तराखंड में लैंड हिजाद और लव जिहाद बढ़ रहा है जिसके खिलाफ सरकार मजबूती से लड़ रही है। इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाकर ही दम लिया जाएगा।

लैंड और लव जिहाद का मुद्दा योग दिवस कार्यक्रम में भी सिर चढ़कर बोला। योग साधकों का हौसला बढ़ाने यहां पहुंचे सीएम धामी ने कहा कि कुछ लोग प्रदेश में लैंड और लव जिहाद में लिप्त होकर सनातनी संस्कृति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश में जुटे हैं लेकिन सरकार हमारी प्राचीन संस्कृति को खंडित नहीं होने देगी। लैंड जिहाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जा रही है। जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए सशक्त कानून बनाया गया है। कहा कि यह सब कठिन है लेकिन प्रदेश का हित सर्वोपरि है जिसके लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। कहा कि सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत के क्षैतिज आरक्षण लागू किया है। राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण दिया गया है। समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार हो रहा है।

जागेश्वर धाम में बनेगा हेलिपैड, मिलेगी विश्व में पहचान: सीएम धामी ने कहा कि जागेश्वर धाम का विकास सरकार की प्राथमिकता है। गणतंत्र दिवस में जागेश्वर धाम की झांकी को पहला स्थान मिला जो इतिहास में दर्ज हो गया। यह पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। मास्टर प्लान के धरातल पर उतरने के बाद इसे विश्व में नई पहचान मिलेगी। यहां हेलिपैड का भी निर्माण होगा जिसके लिए भूमि चयन के निर्देश दिए गए हैं। जागेश्वर पहुंचे सीएम धामी ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 26,98,00,000, मनरेगा योजना के तहत परंपरागत जल स्त्रोतों के संवर्धन और जल संरक्षण के लिए 6,83,99,000 रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया गया। परंपरागत जल स्त्रोतों के संवर्धन और संरक्षण के लिए 20,77,96,000 रुपये की योजनाओं का लोकार्पण हुआ। उन्होंने जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र के लमगड़ा में तहसील भवन के निर्माण, वृद्ध जागेश्वर-कोटेश्वर, पेटशाल-भेटाडांगी-बमनस्वाल, डोल-शहरफाटक-भाबू बसगांव सड़क पर डामरीकरण, बसगांव से बिराड़ ल्वाली सड़क निर्माण, जीजीआईसी मन्या डूंगरा को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रघुवर दत्त जोशी के नाम से पहचान दिलाने की घोषणा की। सेवा करने का मौका मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। देवीधुरा में पंच दिवसीय विश्व कल्याण महायज्ञ के बाद शाम को सीएम धामी अचानक बिनसर पहुंचे। उनका पूरा कार्यक्रम गोपनीय रखा गया है। प्रशासन सहित अन्य कोई भी जानकारी नहीं दे रहा है। वहीं पार्टी कार्यकर्ता भी सीएम के कार्यक्रम की जानकारी देने से बचते रहे। अचानक उनके कार्यक्रम बदलने से चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। वह बृहस्पतिवार को देहरादून रवाना होंगे। सांसद अजय टम्टा, भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, जिला महामंत्री भाजपा धर्मेंद्र बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, अपर सचिव विजय जोगदंडे, आईजी कुमाऊं नीलेश आनंद भरणे, डीएम विनीत तोमर, एसएसपी रामचंद्र राजगुरु, सीडीओ अंशुल सिंह, एडीएम सीएस मर्तोलिया, एसडीएम गोपाल सिंह चौहान समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

हल्द्वानी स्टेडियम में एक साल में कितने खेल हुए उसकी फोटो सहित शपथपत्र दें

नैनीताल, एजेंसी।
हाईकोर्ट ने हल्द्वानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का कार्य तय समय में पूर्ण नहीं करने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार से कहा कि बीते एक साल में यहां कितने खेल हुए हैं उनके फोटोग्राफ सहित शपथपत्र एक सप्ताह के भीतर पेश करें। निर्माण एजेंसी की ओर से कोर्ट में कहा गया कि 30 सितंबर तक सम्पूर्ण कार्य पूरा हो जाएगा और 14 अक्तूबर तक स्टेडियम को खेल विभाग को सौप दिया जाएगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि तय समय के भीतर स्टेडियम को सौंप दें। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से भी यह बताने के लिए कहा था कि वहां पर पिछले एक साल में कौन कौन से खेल हुए, कितने लोगों को प्रशिक्षण दिया गया और वहां प्रशिक्षण देने वाले कितने कर्मचारी हैं इसका पूरा चार्ट बनाकर पेश करें। इस पर राज्य सरकार ने पूरा चार्ट पेश किया लेकिन कोर्ट इससे सन्तुष्ट नहीं हुई। जो चार्ट पेश किया गया उससे यह पता नहीं चल पा रहा कि कौन सा चार्ट किस खेल से संबंधित है। इस पर कोर्ट ने सरकार से मय फोटोग्राफ चार्ट पेश करने के लिए कहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 4 अगस्त की तिथि नियत की है। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी अमित खोलिया ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि हल्द्वानी में 200 करोड़ रुपये की लागत से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम 15.20 हेक्टेयर फारेस्ट की भूमि पर बनाया गया है जिसका कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। सरकार इसे बनाने के लिए बार बार निर्माण एजेंसियों को बदल रही है।

एथनॉल प्लांट की जांच जिला विकास प्राधिकरण को सौंपी

हल्द्वानी, एजेंसी। डीएम वंदना ने बुधवार को कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका निदान किया। चकुलुवा के ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम ने एथनॉल कंपनी की जांच जिला विकास प्राधिकरण के सचिव को सौंप दी है। उधर डीएम ने लोनिवि के अधिकारियों को भीमताल रोड पर क्षतिग्रस्त पैरापिट बनाने, नालियों की सफाई करने के निर्देश भी दिए। चकलुवा के ग्राम सुरपुर के निवासियों ने बताया कि उनके गांव में एथनॉल आधारित प्लांट स्थापित है जो मानक के अनुरूप नहीं है। डीएम ने इसकी जांच जिला विकास प्राधिकरण के सचिव को सौंप दी। भीमताल निवासी पूरन चन्द्र बृजवासी ने बताया कि भीमताल में जगह-जगह गन्दगी, मलुवा से वार्डवासी परेशान है।

मानसून से पहले सरकार ने शुरू की तैयारी, जोशीमठ में बना संयुक्त कंट्रोल रूम

देहरादून, एजेंसी।
प्रदेश में मानसून के दौरान संभावित आपदाओं से निपटने के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह से तैयार है। संवेदनशील जिलों में आपदा की स्थिति में बनाए जाने वाले स्टेजिंग एरिया, जॉइंट कंट्रोल रूम, शेल्टर, दूरसंचार, मीडिया मैनेजमेंट, क्रॉउड मैनेजमेंट आदि बिंदुओं पर पहले ही मॉक ड्रिल कर ली गई है। उत्तराखंड में मानसून को देखते हुए शासन की ओर से जोशीमठ में संयुक्त कंट्रोल रूम बनाया गया है। जो चारधाम यात्रा के साथ ही किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। यहां एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सहित लाइन विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को तैनात किया गया है। सचिव आपदा प्रबंधन विभाग डॉ. रंजीत सिन्हा ने बताया कि प्रदेश में मानसून के दौरान संभावित आपदाओं से निपटने के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील जिलों में आपदा की स्थिति में बनाए जाने वाले स्टेजिंग एरिया, जॉइंट कंट्रोल रूम, शेल्टर, दूरसंचार, मीडिया मैनेजमेंट, क्रॉउड मैनेजमेंट आदि बिंदुओं पर पहले ही मॉक ड्रिल कर ली गई है। इसके साथ ही जिलों के स्तर पर तैयारियों को पुख्ता रखने के निर्देश दिए हैं। संवेदनशील जिलों को विशेष तौर पर हिदायत दी गई है। सचिव रंजीत सिन्हा ने कहा कि सभी जिलाधिकारियों को जिलों में अनिवार्य रूप से निश्चित समयावधि के दौरान मॉक ड्रिल कराने के निर्देश दिए हैं।

कॉलेजों में प्रवेश के लिए 24 जून तक होंगे समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण, बनाई गई हेल्प डेस्क

देहरादून, एजेंसी।
शैक्षणिक सत्र 2023-24 की प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल से किए जाने के लिए राज्य विश्वविद्यालय में तकनीकी समिति गठित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। छात्रों की सुविधा के लिए कॉमन सर्विस सेंटर पर 30 रुपये के न्यूनतम शुल्क पर पंजीकरण सुविधा उपलब्ध है। प्रदेश में उच्च शिक्षा में नए शैक्षणिक सत्र के लिए समर्थ पोर्टल पर 24 जून तक पंजीकरण हो सकेंगे। इसके अलावा पोर्टल पर त्रुटि सुधार भी कर सकते हैं। सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगौली ने बताया कि समर्थ पोर्टल पर प्रवेश पंजीकरण के लिए राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों सहित अन्य राज्यों से भी उत्साहजनक आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। पंजीकरण प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पोर्टल पर प्रवेश के लिए किसी भी समस्या के निराकरण के लिए हेल्प डेस्क बनाई गई है। छात्रों की सुविधा के लिए कॉमन सर्विस सेंटर पर 30 रुपये के न्यूनतम शुल्क पर पंजीकरण सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि यदि किसी राज्य विश्वविद्यालय से संबद्ध निजी महाविद्यालय की ओर से समर्थ पोर्टल के अतिरिक्त अन्य माध्यम से प्रवेश दिया जाता है तो वह प्रवेश अमान्य होगा। शैक्षणिक सत्र 2023-24 की प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल से किए जाने के लिए राज्य विश्वविद्यालय में तकनीकी समिति गठित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। जिससे विद्यार्थी व महाविद्यालय आवश्यकतानुसार सहयोग प्राप्त कर सकें।

झडोंद के तुषार बने भारतीय तटरक्षक सेना में असिस्टेंट कमांडेंट

ऋषिकेश, एजेंसी। सिमलास ग्रांट के झडौंद गांव के तुषार भारतीय तटरक्षक सेना में असिस्टेंट कमांडेंट ऑफिसर बन गए हैं। बीते मई में भारतीय नौसेना अकादमी करेल में आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद वह सेना का हिस्सा बने थे। तुषार कुमार की शुरुआती पढ़ाई राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल बंगलुरू से हुई। इसके बाद तुषार ने डीबीएस कॉलेज देहरादून से उच्च शिक्षा हासिल की। इसके बाद भारतीय नौसेना अकादमी अजीमूला केरल से पास आउट होकर बतौर असिस्टेंट कमांडेंट ऑफिसर के रूप में वह भारतीय तटरक्षक सेना में शामिल हो गए। तुषार के पिता सेना से सूबेदार पद से रिटायर्ड हैं।

संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकी मिली युवती, पड़ोसी पर प्रताड़ित करने का आरोप

पंतनगर, एजेंसी।
जीबी पंत विश्वविद्यालय परिसर में एक युवती संदिग्ध हालात में फंदे से लटकी मिली। मौके से बरामद सुसाइड नोट में उसने पड़ोसी पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बृहस्पतिवार सुबह उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सुरक्षा विभाग में गार्ड के पद पर कार्यरत बाडू यादव झा कॉलोनी में रहते हैं। बुधवार सुबह वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ आनंदपुर में बन रहे अपने मकान का काम देखने गए थे। दोपहर में घर में मौजूद उनकी बेटी संध्या (26) ने अपने छोटे भाई मनीष को किसी काम से बाहर भेज दिया। कुछ देर के बाद मनीष घर पहुंचा तो संध्या को फंदे पर झूलता देख उसके होश उड़ गए। उसने आनन-फानन संध्या को फंदे से नीचे उतारकर पड़ोसियों पड़ोसियों की मदद से पंतनगर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी मिलते ही पिता भी परिवार के साथ जिला अस्पताल में पहुंच गए। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। इस दौरान परिजनों को एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ, जिसे उन्होंने पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताते हैं कि संध्या होशियार थी। उसने बीती 11 जून को वन दारोगा की परीक्षा भी दी थी, जिसमें वह शत प्रतिशत सफलता के लिए आशान्वित थी। संध्या ने सुसाइड नोट में लिखा है कि अपने अधेड़ पड़ोसी को उसकी मौत के जिम्मेदार ठहराया है। कहा है कि नौ फरवरी 2018 को अधेड़ ने उससे दुष्कर्म का प्रयास किया था। जिसका उसने आरोपी के विरुद्ध के नामजद मुकदमा दर्ज करवाया गया था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जमानत पर आने के बाद वह मुकदमा वापस लेने को लेकर दबाव बना रहा था। इससे पूरा परिवार मानसिक तनाव के दौर से गुजर रहा था। जब उसने मुकदमा वापस नहीं लिया तो उसने उनके खिलाफ झूठा मुकदमा कर दिया। फिर भी केस वापस नहीं लेने पर वह, उसकी पत्नी , बेटा व तीन बेटियां उसे आते-जाते गंदी-गंदी गालियां देते थे। जिससे परेशान होकर वह आत्महत्या कर रही है।

चीन, फ्रॉस, मध्य यूरोप और इटली की तर्ज पर दिल्ली में जलापूर्ति की निगरानी करेगी केजरीवाल सरकार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

चीन, फ्रॉस, मध्य यूरोप और इटली की तरह दिल्ली में जलापूर्ति को व्यवस्थित करने को लेकर युद्ध स्तर पर काम कर रही है, ताकि दिल्ली के सभी इलाकों में जरूरत के अनुसार पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। गुरुवार को सीएम अरविंद केजरीवाल ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर जलापूर्ति को व्यवस्थित करने के लिए पूरी दिल्ली में फ्लोमीटर का काम हर हाल 31 दिसंबर तक पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। वहीं, एक जुलाई से दिल्ली जल बोर्ड जलापूर्ति का सेंट्रलाइज्ड मॉनिटरिंग करना शुरू कर देगा। इसके आधार पर आवश्यकता के अनुसार दिल्ली के विभिन्न इलाकों में पानी की आपूर्ति की जा सकेगी। इस व्यवस्था को लागू होने के बाद दिल्ली के किसी भी इलाके में पानी की अतिरिक्त या कम आवश्यकता होने की सेंट्रलाइज्ड जानकारी मिल सकेगी और इसके आधार पर दिल्ली जल बोर्ड उस इलाके में आवश्यकतानुसार जलापूर्ति को लेकर निर्णय ले सकेगा।

दिल्ली सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डीजेबी के अधिकारियों से फ्लोमीटर लगाने की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान सीएम ने पाया कि पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुसार कार्य पूरा नहीं हुआ है। इस पर उन्होंने कडी नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री ने प्राइमरी और सेकेंडरी यूजीआर पर फ्लोमीटर लगाने की समय सीमा भी तय की, ताकि दिल्ली में पानी की उपलब्धता और सप्लाई की पूरी जानकारी सरकार के पास उपलब्ध हो। इसके लिए 31 दिसंबर तक दिल्ली जल बोर्ड को बाकी बचे सभी फ़्लोमीटर को लगाने का काम पूरा करना होगा। दिल्ली सरकार स्केडा सिस्टम के तहत दिल्ली में पानी की आपूर्ति को व्यवस्थित करने पर काम कर रही है। चीन, फ्रॉस, मध्य यूरोप और इटली समेत कुछ देशों में स्केडा सिस्टम से वाटर नेटवर्क का प्रबंधन किया जाता है। बैठक में जल मंत्री सौरभ भारद्वाज, दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती और डीजेबी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सीएम

अरविंद केजरीवाल हर स्तर पर पानी की बबार्दी रोकने को लेकर गंभीर

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली में उपलब्ध सीमित पानी की हर स्तर पर किसी भी तरह की बबार्दी को रोकने को लेकर बेहद गंभीर हैं। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने पानी की एक-एक बूंद को सहेजने पर बल दिया। दिल्ली जल बोर्ड के आंकलन के अनुसार, दिल्ली में उपलब्ध बहुत सारे पानी का कोई लेखा जोखा नहीं है। यह पानी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में सप्लाई तो किया जा रहा है, लेकिन दिल्ली जल बोर्ड के ऑडिट सिस्टम के अंदर पानी नहीं आ पा रहा है। पिछले 20-30 वर्षों के अंदर अलग-अलग कारणों से पानी की जो मुख्य लाइन जाती थी, वहां से पानी की टैपिंग विभिन्न इलाकों में दी गई हैं। इस वजह से कई इलाकों अंदर पानी कम प्रेशर से आता है तो कई इलाकों में पानी नहीं पहुंच पाता है।

दिसंबर तक सभी प्राइमरी और सेकेंडरी यूजीआर पर लग जाएंगे फ्लोमीटर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर बीते वर्षों में पाइप लाइन के उपर फ्लोमीटर लगाने काम तेजी से आगे बढा है। दिल्ली जल बोर्ड ने अभी तक प्राइमरी स्तर पर करीब 352 फ्लोमीटर इंस्टॉल किया है और करीब 108 फ्लोमीटर इंस्टॉल करने की जरूरत है। इसके अलावा सेकेंडरी मेन वाटर लाइन के 4053 लोकेशन पर फ्लोमीटर लगाने की जरूरत है और अभी तक 2456 पाइप लाइन के उपर फ्लोमीटर लग चुके हैं, जबकि 1537 फ्लोमीटर अभी लगाए जाएंगे। समीक्षा बैठक में सीएम अरविंद केजरीवाल ने फ्लोमीटर लगाने को लेकर अलग-अलग समय सीमा तय की है। इसके अनुसार, 31 दिसंबर 2023 तक सभी प्राइमरी और सेकेंडरी नेटवर्क पर फ्लोमीटर लगा दिए जाएंगे।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने फ्लोमीटर लगाने में हो रही देरी पर जताई नाराजगी समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी जरूरी पाइप लाइनों के उपर फ्लोमीटर लगाने का काम पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने फ्लोमीटर लगाने में हो रही देरी पर कडी नाराजगी जताई और सबकी एक टाइम लाइन तय कर दी है। सीएम द्वारा तय टाइम लाइन के अंदर दिल्ली जल बोर्ड को प्राइमरी और सेकेंडरी यूजीआर पर फ्लोमीटर लगाने होंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी फ्लोमीटर का डेटा सेंट्रल लोकेशन भी प्रदर्शित किया जाए, ताकि उसकी नियमित निगरानी कर पानी के असमान वितरण को कंट्रोल किया जा सके।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने डीजेबी को दी ये टाइम लाइन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फ्लोमीटर लगाने का काम पूरा करने के लिए एक समय सीमा तय कर दी है और दिल्ली जल बोर्ड को इसी समय सीमा के अंदर हर हाल में काम पूरा करने का निर्देश दिया है। सीएम द्वारा तय टाइम लाइन के अनुसार, अगले 22 दिनों के अंदर बिड के लिए आवेदन ले लिए जाएंगे और 20 अगस्त 2023 तक काम का आवंटन कर दिया जाएगा। इसके अलावा, मटेरियल की आपूर्ति जैसे-जैसे होती जाएगी, उसी के समानांतर फ्लोमीटर स्टॉल किए जाएंगे।

दिल्ली की तिहाड़ जेल में कैदियों के बीच फिर गैंगवार, 21 कैदी घायल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित तिहाड़ जेल में कैदियों के बीच एक बार फिर गैंगवार हुई है। इसमें करीब 21 कैदी घायल हो गए।

जेल प्रसाशन से मिली जानकारी के मुताबिक, तिहाड़ जेल संख्या-8 में कैदी आपस में भिड़ गए। इस दौरान मारपीट में कई कैदियों ने खुद को घायल कर लिया है।

बता दें कि कैदियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए तिहाड़ में चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके बावजूद ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। सुरक्षा के लिहाज से जेल के वार्डों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है।

इनमें जनरल वार्ड, स्पेशल सिक्योरिटी वार्ड व हाई रिस्क सिक्योरिटी वार्ड शामिल हैं। कुल 975 कैमरों से जेल की निगरानी की जा रही है। साथ ही 80 अधिकारियों के अलावा एक हजार से अधिक जेलकर्मी तैनात हैं।

जेल में कैदियों की हो चुकी है हत्या

देश की सबसे सुरक्षित जेलों में शुमार तिहाड़ जेल इन दिनों अपराध का गढ़ बन गई है। जेल अंदर से आए दिन गैंगवार और झड़प के मामले सामने आते रहते हैं। इतना ही नहीं हाल ही में जेल के भीतर कैदियों की बेरहमी से हत्या की भी खबरें सामने आई हैं। ऐसी वारदातों को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि जेल की सुरक्षा केवल कागजी तौर पर ही दुरुस्त है। उल्लेखनीय है कि 2 मई को तिहाड़ जेल की संख्या-9 में कुछ लोगों ने रोहिणी कोर्ट शूटआउट के आरोपी गैंगस्टर सुनील उर्फ टिल्लू ताजपुरिया पर सूए से ताबड़तोड़ 92 वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया था।

इससे पहले अप्रैल माह के दूसरे हफ्ते में जेल संख्या तीन में बंद कैदी प्रिंस तेवतिया की हत्या कर दी गई थी। प्रिंस कुख्यात बदमाश लॉरेंस बिश्नोई गैंग से मिला था।

नीतीश की मुहिम को लग सकता है बड़ा झटका, विपक्ष की बैठक से पहले आप ने कांग्रेस को दिया अल्टीमेटम

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पटना में 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 23 जून को होने वाली विपक्षी पार्टियों की महाबैठक से पहले ही विपक्षी एकता में सेंध लगती नजर आ रही है। आम आदमी पार्टी के सूत्रों का दावा है कि आप ने कांग्रेस को अल्टीमेटम दिया है कि वह अध्यादेश पर आप का समर्थन करे वरना वह बैठक का बायकॉट करेगी।

दरअसल आम आदमी पार्टी चाहती है कि 23 जून की बैठक में दिल्ली के लिए सेवा क्षेत्र में लाए गए केंद्र के अध्यादेश पर सबसे पहले चर्चा हो और सभी पार्टियां अध्यादेश के मुद्दे पर आप का समर्थन करें। हालांकि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर अब तक अपना पक्ष साफ नहीं किया है। इसे लेकर कांग्रेस की दिल्ली इकाई के नेता शुरू से ही अध्यादेश का विरोध करने को राजी नहीं है। उनका कहना है कि वह अध्यादेश के खिलाफ नहीं हैं। अध्यादेश के मुद्दे पर केजरीवाल

ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मिलने का समय भी मांग चुके हैं, लेकिन उन्हें अभी तक कोई समय नहीं मिला। कांग्रेस ने अब तक नहीं दिया है केजरीवाल को मिलने का समय इसी के चलते बीते कुछ दिनों से लगातार केजरीवाल यह बात कह रहे हैं कि कांग्रेस को उनका समर्थन करना चाहिए वरना अन्य राज्यों में भी दिल्ली जैसा हाल हो सकता है। इसके लिए केजरीवाल विपक्षी पार्टियों को चिट्ठी भी लिख चुके हैं कि वह कांग्रेस से आप के समर्थन के लिए कहें। ऐसे में बैठक से एक दिन पहले सूत्रों के हवाले से खबर चल रही है कि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को अल्टीमेटम दिया है कि वह अध्यादेश पर दिल्ली का साथ दे वरना आप बैठक का बायकॉट कर देगी। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने दिया ये जवाब कांग्रेस नेता व दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अगर वो (केजरीवाल) मीटिंग में नहीं आते तो उन्हें कोई मिस नहीं करेगा। हमें हमेशा से पता था कि वो इस बैठक में भाग न लेने के बहाने ढूंढ रहे हैं। उन्हें जरूर अपने आकाओं से भी आदेश मिला होगा कि इस बैठक में भाग न लें।

स्कूलों में छात्रों के लिए बनेंगे परामर्श कक्ष

नई दिल्ली। छात्रों के बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए सभी सरकारी स्कूलों में परामर्श (काउंसलिंग) कक्ष बनेंगे। छात्रों के स्वास्थ्य से लेकर करियर संवारने के लिए काउंसलिंग की जाएगी। शिक्षा विभाग के एजुकेशनल वोकेशनल गाइडेंस ब्यूरो (ईवीजीसी) ने इसका सर्कुलर जारी किया है। विभाग ने स्कूलों में ईवीजीसी के 500 पद पुनः आवंटित किए हैं। ईवीजीसी की तैनाती स्कूलों में की जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2023-24 से क्लस्टर स्कूल व्यवस्था बंद कर दी गई है। स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिया है कि काउंसलिंग कक्ष का उचित प्रावधान किया जाए। कक्ष सभी जरूरी संसाधनों से सुसज्जित हो। उसको छात्रों के अनुकूल तैयार करें, जिसमें संबंधित सूचनाओं को प्रदर्शित किया जाए। ईवीजीसी को कक्षा संबंधी गतिविधि के लिए रोजाना चार पीरियड आवंटित किए गए हैं। सर्कुलर के अनुसार शिक्षक छात्रों के अनुशासन, सामाजिक-मनोवैज्ञानिक संबंधी मुद्दे, खराब शैक्षणिक प्रदर्शन, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें सहित दूसरे मामले ईवीजीसी के पास भेजेंगे। उस आधार पर छात्रों की काउंसलिंग होगी, जिसका ईवीजीसी को रिकॉर्ड रखना होगा। उसका फॉलोअप भी लिया जाएगा। आखिर छात्र में कितना सुधार हुआ। ईवीजीसी कक्षा में छात्रों से पाठ्यक्रम पर चर्चा करेंगे, जिसकी रिपोर्ट हर महीने जिला काउंसलर प्रभारी को भेजी जाएगी। स्कूल प्रमुखों को निर्देश है कि वह ऐसे ईवीजीसी का चयन करें, जो छात्रों के निजी और भावनात्मक मुद्दों को समझे। जामा मस्जिद स्थित राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय नंबर-एक के प्रधानाचार्य गय्यूर अहमद ने बताया कि छात्रों के करियर सहित दूसरी समस्याओं के निदान के लिए ईवीजीसी काउंसलर की मदद ली जाती है।

दिल्ली मेट्रो ने भरी रफ्तार, 16 मिनट में तय होगा नई दिल्ली से आईजीआई एयरपोर्ट का सफर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने बुधवार को एयरपोर्ट लाइन पर मेट्रो की गति को बढ़ा दी है। आईजीआई एयरपोर्ट के माध्यम से द्वारका सेक्टर-21 से जोड़ने वाली 23 किमी लंबी एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन (एईएल) पर मेट्रो ट्रेनों की गति अब 100 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 110 किमी प्रति घंटे कर दी गई है। इसके साथ डीएमआरसी ने 110 किमी प्रति घंटे की उल्लेखनीय गति हासिल करके भारतीय मेट्रो क्षेत्र में एक नया मानदंड स्थापित किया है। साथ ही देश में सबसे तेज मेट्रो प्रणालियों में से एक होने का गौरव बरकरार रखा है। परिचालन गति में 110 किमी प्रति घंटे की वृद्धि के साथ यात्री अब लगभग 16 मिनट में नई दिल्ली से हवाई अड्डे (टी-3) तक पहुंच सकते हैं। इस गति वृद्धि ने हवाई अड्डे को शहर के केंद्र राजीव चौक के बहुत करीब ला दिया है, जहां अब 15 मिनट के भीतर पहुंचा जा सकता है। वर्तमान वृद्धि के बाद नई दिल्ली से द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन तक यात्रा का कुल समय लगभग 20 मिनट होगा। इसके अलावा आने वाले दिनों में 120 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति सीमा लागू होने के बाद पूरे एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन, एईएल पर कुल यात्रा का समय घटकर केवल 19 मिनट रह जाएगा। यह उपलब्धि डीएमआरसी की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। हाई-स्पीड यात्रा और हवाई अड्डे तक परेशानी मुक्त कनेक्टिविटी का संयोजन यात्रियों को एक सुविधाजनक और किफायती विकल्प प्रदान करता है। इसके अलावा हवाई अड्डे पर आगमन के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों को अक्सर पार्किंग स्थान खोजने और महंगे पार्किंग शुल्क का भुगतान करने की चुनौती का सामना करना पड़ता है। मेट्रो का विकल्प चुनकर यात्री न केवल आरामदायक और किफायती यात्रा का आनंद ले सकते हैं, बल्कि हवाई अड्डे पर पार्किंग से जुड़ी असुविधाओं से भी बच सकते हैं। डीएमआरसी ने हाल ही में क्यूआर कोड और व्हाट्सएप आधारित टिकटिंग के माध्यम से तेज और कैशलेस टिकटिंग विकल्पों के संदर्भ में यात्री सुविधा के लिए भी उपाय किए हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली मेट्रो ने 22 मार्च, 2023 को एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर मेट्रो ट्रेनों की परिचालन गति 90 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 100 किमी प्रति घंटे कर दी थी। बाद में आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद ट्रेनों की गति 110 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 120 किमी प्रति घंटे कर दी जाएगी।

भाजपा एक चुनावी हिन्दू पार्टी, चुनाव खत्म होते ही हिंदू मंदिरों पर करती है हमला- प्रियंका कक्कड़

दिल्ली के मंडावली में गुरुवार को पुलिस द्वारा प्राचीन मंदिर तोड़े जाने पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा और एलजी को आडे हाथ लिया। पार्टी मुख्यालय मे आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड ने विधायक कुलदीप कुमार और पूर्व विधायक नितिन त्यागी के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता कर भाजपा को हिंदू विरोधी पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक चुनावी हिन्दू पार्टी है। जब चुनाव आता है तो खुद को हिन्दुत्व हितैषी बताती है और चुनाव खत्म होते ही हिंदू मंदिरों पर हमला करने लगती है। भाजपा के इशारे और एलजी के आदेश पर दिल्ली पुलिस ने आज मंडावली में एक प्राचीन मंदिर तोड़ दिया। ऐसा लगता है कि एलजी दिल्ली को भी मणिपुर बनाना चाहते हैं। प्रियंका कक्कड ने कहा कि तत्कालीन डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने मंदिर तोडने की फाइल पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। इसके बाद एलजी ने उनको दरकिनार कर मंदिरों को तोडने का आदेश जारी किया और तब से दिल्ली में कई प्राचीन मंदिर तोड़े जा चुके हैं। पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी ने पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया का फरवरी 2023 का एक वीडियो दिखाकर बताया कि कैसे तत्कालीन डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने भाजपा द्वारा दिल्ली की कानून व्यवस्था बिगाड़ने के मंसूबों को उजागर किया था। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि मनीष सिसोदिया ने मंदिरों को तोड़ने वाली फाइल को बिना साइन किए एलजी को पास वापस भेज दी थी। क्योंकि पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक किसी भी मंदिर के टूटने से उन क्षेत्रों में माहौल बिगड़ सकता है। इस पर एलजी ने मंदिरों को तोड़ने का प्लान न केवल पास किया, बल्कि यह भी आदेश दिया है कि मंदिर या किसी भी धार्मिक स्थान को तोड़ने से संबंधित फाइल अब से दिल्ली सरकार के पास नहीं जाएगी। फाइल सीधे एलजी के पास आएगी। इसके बाद बहादुर शाह जफर मार्ग में 150 साल पुराना प्रचीन शिव मंदिर, राजेंद्र नगर में 50 साल पुराना हनुमान मंदिर, सरोजनी नगर में प्राचीन हनुमान मंदिर और श्रीनिवासपुरी में नील कंठ मंदिर तोड़ दिया गया। प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि आज मंडावली में भाजपा की दिल्ली पुलिस एक मंदिर को सुबह से तोड़ रही है। भाजपा एक एंटी हिंदू व चुनावी हिंदू पार्टी है।

दिल्ली हवाईअड्डे पर 38 करोड़ की कोकीन की तस्करी के आरोप में केन्याई महिला गिरफ्तार: सीमा शुल्क

नई दिल्ली। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 38 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन की तस्करी कर रही एक केन्याई महिला को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कोकीन शराब की बोतलों में छिपा कर रखी गई थी।

आरोपी, अदीस अबाबा होते हुए केन्या से आयी थी। सोमवार को हवाईअड्डे पर उतरने के बाद उसे रोका गया और जांच की गई। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के बैग से मिली तीन शराब की बोतलों में 2.5 किलोग्राम कोकीन छिपा कर रखी गयी थी। उन्होंने कहा कि यात्री को यह बैग नैरोबी में दिया गया था जिसे दिल्ली पहुंचकर एक व्यक्ति के हवाले करना था।

अधिकारी ने बताया कि यात्री को गिरफ्तार कर 38.05 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन जब्त कर ली गई। उन्होंने कहा कि आरोपी को मंगलवार को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया जिसने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

उल्लेखनीय है कि सीमा शुल्क अधिकारियों ने हवाईअड्डे पर 15 जून को एक अन्य केन्याई महिला को 13 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन की तस्करी के जुर्म में गिरफ्तार किया था। यह कोकीन शराब की दो बोतलों में घोली गई थी।

इस बीच अधिकारियों ने हवाईअड्डे पर काम कर रही निजी एजेंसियों के दो कर्मचारियों के खिलाफ 2.42 करोड़ रुपये के सोने की तस्करी करने को लेकर दो अलग मामले दर्ज किए।

सीमा शुल्क ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ह्वदो लोगों की तलाशी के दौरान उनके पास से 4.63 किलोग्राम सोना बरामद किया गया जिसकी कीमत तकरीबन 2.42 करोड़ रुपये है। तलाशी के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

JOTINDRA STEEL & TUBES LIMITED

Regd. Office & Works: 14/3, Mathura Road, Faridabad- 121 003 (Haryana) India
Phone : +95-129-2477800,2477806, Fax : +95-129-. CIN: L27104HR1970PLC005240
E-mail : jotindra@jotindra.com;Web-site:www.jstltd.com

NOTICE OF POSTAL BALLOT/E-VOTING

NOTICE is hereby given that pursuant to the provisions of Section 108, 110 of the Companies Act, 2013 (**"the Act"**), and other applicable provisions of the Act read with Rule 20 and 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 (**"the Rules"**), Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (**"Listing Regulations"**), Secretarial Standard on General Meetings (**"SS-2"**) issued by the Institute of Company Secretaries of India and other applicable laws, rules and regulations (including any statutory modification or re-enactment thereof for the time being in force and as amended from time to time), guidelines prescribed by the Ministry of Corporate affairs (**"MCA"**), Government of India, for holding general meeting / conducting postal ballot process through electronic voting (**remote e-voting**) vide General Circular Nos. 14/2020 dated 08.04.2020 and 17/2020 dated 13.04.2020 read with other relevant circulars, including General Circular No.20/2021 dated 08.12.2021, issued by the MCA (**"MCA Circulars"**), the following items of special business are proposed to be passed by the Members of Jotindra Steel and Tubes Limited (**"the Company"**) by means of Postal Ballot through remote e-voting (**"e-voting"**).

The remote e-voting period commences from 09.00 a.m. (IST) on Monday, June 19, 2023 and ends at 05.00 p.m. (IST) on Tuesday, July 18, 2023. Members are requested to peruse the proposed resolution along with the explanatory statement, carefully read the instructions in the Notes to this Notice and cast their vote electronically by indicating Assent (For) or Dissent (Against) for the said Resolution not later than 05:00 p.m. (IST) on Tuesday, July 18, 2023 (the last day to cast vote electronically).

The resolution, if passed by the requisite majority, shall be deemed to have been passed on Tuesday, July 18, 2023 i.e. the last date specified for e-voting.

SPECIAL BUSINESS

Appointment of Mr. SATVINDER ARORA (DIN: 10098409) as an Independent Director of the Company for a term of 5 (five) years

Notes:

1. The Explanatory Statement pursuant to Section 102 read with Section 110 of the Act setting out material facts pertaining to the resolution, is annexed hereto for your consideration and forms part of this Notice.
2. The relevant details, pursuant to the provisions of SEBI LODR and SS-2, in respect of Director seeking appointment are also annexed hereto.
3. The Notice is being sent to all the members, whose names appear on the Register of Members / List of Beneficial Owners as on Thursday, June 09, 2023. In compliance with MCA Circulars, the Notice is being sent to members only in electronic form to the e-mail addresses registered with their Depository Participants (in case of electronic shareholding) / the Company's Registrar and Transfer Agent (in case of physical shareholding). Physical copies of the Notice are not being sent to the members for this Postal Ballot. Therefore, those members who have not yet registered their e-mail addresses are requested to get their e-mail addresses registered by following the procedure given below in e- voting instructions.
4. The Notice is also available on the website of the Company at **https://www.jstltd.com/**, on the website of stock exchange i.e. Metropolitan Stock Exchange **https://www.msei.in/** respectively and on the website of the NSDL i.e. **www.evoting.nsdl.com**.
5. In compliance with the provisions of Sections 108 and 110 of the Act, read with the Management Rules and Regulation 44 of SEBI LODR, the Company is offering e-voting facility to all the members of the Company to enable them to cast their votes electronically. The Company has engaged the services of NSDL to provide e-voting facility to its members. The instructions for e-voting are annexed to this Notice.
6. The voting rights of the members shall be in proportion to their holding of Equity Shares with the paid-up equity share capital of the Company as on Thursday, June 09, 2023 (**"Cut-Off date"**). Only those members whose names are recorded in the Register of Members of the Company or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the Cut-Off date will be entitled to cast their votes by e-voting. A person who is not a member as on the Cut-Off date should treat this Notice for information purposes only.
7. Facility to exercise vote by Postal Ballot by voting through electronic means will be available during the following period:
   - Commencement of voting: Monday, 19.06.2023 at 09:00 am (IST) End of voting: Tuesday, 18.07.2023 at 05:00 pm (IST) (both days inclusive).
   - The facility for voting through electronic means will be disabled for voting by NSDL upon expiry of the aforesaid voting period.
8. All the relevant documents referred to in this Notice and explanatory statement shall be available for inspection by the members through electronic mode up to the last date specified for e-voting. The members may write to the Company at jotindra@jotindra.com in this regard.
9. A member cannot exercise his/her vote through proxy on postal ballot. However, corporate and institutional members shall be entitled to vote through their authorized representatives. Corporate and institutional members are requested to provide a proof of authorization (board resolution/authority letter/power attorney, etc.) in favour of their authorised representatives to the scrutinizer through e-mail to csjyotiarya@gmail.com with a copy marked to evoting@nsdl.co.in.
10. Further, SEBI vide notification dated January 24, 2022 has amended Regulation 40 of SEBI LODR and has mandated that all requests for transfer of securities including transmission and transposition requests shall be processed only in dematerialized form. In view of the same and to eliminate all risks associated with physical shares and avail various benefits of dematerialization, members are therefore advised to dematerialize the shares held by them in physical form.

By order of the Board of Directors
FOR JOTINDRA STEEL & TUBES LIMITED
Sd/-
AKHIL SUREKA
(MANAGING DIRECTOR)
DIN: - 00060206

दिल्ली में 24 घंटे बिजली सप्लाई, मुफ्त बिजली योजना रोकना चाहती है भाजपा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच तनातनी थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा टकराव दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) के नए चेयरमैन की नियुक्ति को लेकर है।

इस मामले को लेकर दिल्ली सरकार की बिजली मंत्री आतिशी ने आज गुरुवार को कहा कि कल रात 10 बजे भाजपा शासित केंद्र सरकार ने लोकतंत्र की हत्या करने के लिए आम आदमी पार्टी की चुनी हुई सरकार पर एक और हमला किया है।

उन्होने कहा कि रात के अंधेरे में एक और अधिसूचना जारी कर गैरकानूनी व असंवैधानिक तरीके से डीईआरसी के चेयरमैन की नियुक्ति कर दी गई। यह दिल्ली की बिजली व्यवस्था को ध्वस्त करने, सस्ती और मुफ्त बिजली रोकने के लिए है।

भाजपा दिल्ली को बिजली आपूर्ति के मामले में नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम जैसा बनाना चाहती है, जहां बिजली कटौती की गंभीर समस्या है। केंद्र और राज्य सरकार के अधिकार

को लेकर पिछले कई वर्षों से अदालत में लड़ाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार कहा है कि भूमि, कानून व्यवस्था और पुलिस के अलावा अन्य विषयों पर निर्वाचित सरकार की सलाह जरूरी है।

आतिशी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 21 जून को दिल्ली सरकार द्वारा डीईआरसी के चेयरमैन के लिए राजस्थान हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संगीत लोढ़ा का नाम एलजी को भेजा गया। इसे नहीं मानते हुए उमेश कुमार को चेयरमैन बना दिया।

यह असंवैधानिक व दिल्ली के लोगों के खिलाफ फैसला है। यह दिल्ली के लोगों को परेशान करने के लिए है। दिल्ली के लोग प्रत्येक बार अरविंद केजरीवाल को भारी बहुमत से सत्ता में भेजते हैं। भाजपा को लगता है कि यह दिल्ली के लोगों की सबसे बड़ी गलती है। इस गैरकानूनी फैसले के खिलाफ दिल्ली सरकार लड़ाई लड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी।

दिल्ली में मिलती है सबसे सस्ती बिजली- आतिशी

आतिशी ने कहा कि दिल्ली में सबसे सस्ती बिजली मिलती है। यहां 300 यूनिट तक बिना सब्सिडी बिजली की दर प्रति यूनिट 4.50 रुपये है।

वहीं, असम में 300 यूनिट तक 8.20 रुपये प्रति यूनिट, उत्तर प्रदेश में 6.50 रुपये, मध्यप्रदेश में 6.20 रुपये और महाराष्ट्र में 10 रुपये प्रति यूनिट बिजली मिलती है।

2015 से नहीं बढ़ी बिजली की दरें

केजरीवाल के मुख्यमंत्री बनने से पहले दिल्ली में प्रत्येक छह माह में बिजली के बिल बढ़ जाते थे। आम आदमी पार्टी के सत्ता में आने के बाद 2015 से 2023 तक बिजली की दरें नहीं बढ़ी है।

दिल्ली में 41 लाख परिवारों को मिलती मुफ्त बिजली- आतिशी

आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली में 41 लाख परिवारों को मुफ्त बिजली मिलती है। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली में 24 घंटे बिजली आपूर्ति रोकने, 41 लाख परिवारों को मुफ्त बिजली रोकने, भाजपा शासित राज्यों की तरह महंगी बिजली देने के लिए काम कर रही है।

जामिया कुलपति ने जारी किया जर्नल तदरीस नामा

नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया की कुलपति प्रो. नजमा अख्तर ने गुरुवार को एकेडमी ऑफ प्रोफेशनल डेवलपमेंट ऑफ उर्दू मीडियम टीचर्स (एपीडीयूएमटी), जामिया के जर्नल ह्यतदरीस नामाह्न का 9वां अंक जारी किया। उन्होंने व्यापक स्तर पर इसे कवर करने वाले एक अच्छे जर्नल के प्रकाशन के लिए अकादमी के अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अंक में शामिल लेखों को पढ़कर उर्दू शिक्षक आत्मज्ञान हासिल करेंगे। उर्दू भाषा और साहित्य को बढ़ावा देना जामिया के मुख्य उद्देश्यों में से एक है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों और अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने और अकादमी को अपना दायरा बढ़ाने की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि अकादमी ने हाल में एससीईआरटी दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है और यह समय की मांग है कि उसे अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अन्य राज्यों के एससीईआरटी के साथ भी समझौते पर विचार करना चाहिए। अकादमी को अकादमिक पुस्तकों के अनुवाद पर भी ध्यान देने की जरूरत है, जो शिक्षकों को उर्दू में विभिन्न विषयों को पढ़ाने में मददगार होगी। तदरीस नामा के वर्तमान अंक में गजल,नाटक और शोकगीत की शिक्षा से संबंधित लेख हैं।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 जून, 2023

केंद्र सरकार द्वारा डीईआरसी चेयरमैन के रूप में जस्टिस उमेश कुमार की नियुक्ति असंवैधानिक और गैरकानूनी :आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा दिल्ली के लोगों से बदला ले रही है दिल्ली की जनता ने 3 बार भाजपा को नकारते हुए अरविन्द केजरीवाल जी को अपना मुख्यमंत्री चुना, इसका बदला लेते हुए भाजपा दिल्ली के लोगों को 24 घंटे और फ्री बिजली रोकना चाहती है असंवैधानिक और गैर-कानूनी रूप से डीईआरसी के चेयरमैन की नियुक्ति इसकी शुरूआत है इस बाबत प्रेस-कांफ्रेंस में साझा करते हुए बिजली मंत्री आतिशी ने कहा कि, भाजपा शासित केंद्र सरकार द्वारा डीईआरसी चेयरमैन के रूप में जस्टिस(रिटायर्ड) उमेश कुमार की नियुक्ति पूरी तरह असंवैधानिक और गैरकानूनी है उन्होंने कहा कि संविधान में बिजली एक हस्तांतरित विषय है और केंद्र सरकार बिजली से संबंधित सभी मामलों में दिल्ली की चुनी हुई सरकार की सिफारिशों पर काम करने के लिए बाध्य है लेकिन 21 जून की सुबह जब केजरीवाल सरकार ने जस्टिस संगीत लोढ़ा को डीईआरसी चेयरमैन नियुक्त करने की सिफारिश भेजी तो भाजपा शासित केंद्र सरकार ने षड्यंत्र रचते हुए चुनी हुई सरकार के फैसले को पलट दियो उन्होंने कहा कि, दिल्ली की जनता ने 3 बार अरविंद केजरीवाल जी को अपना मुख्यमंत्री चुना इसका बदला लेने के लिए बीजेपी दिल्ली के लोगों को मिल रही 24ब7 फ्री बिजली बंद करने की साजिश रच रही है दिल्ली के लोगों को मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी पूरे भारत में सबसे सस्ती बिजली उपलब्ध करवाते है,इसके उलट भाजपा शासित राज्यों में बिजली दरें सबसे अधिक है इसलिए बदला लेने के लिए भाजपा ये सब कर रही है गैर-संवैधानिक तरीके से डीईआरसी चेयरपर्सन की नियुक्ति दिल्ली के लोगों को परेशान करने की भाजपा की साजिश है और इस असंवैधानिक नियुक्ति के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे उन्होंने कहा कि, दिल्ली के लोगों को फ्री बिजली देना, 24 घंटे बिजली देना केजरीवाल जी की गारंटी है इस गारंटी को पूरा करने के लिए हम भाजपा की हर साजिशों से जमकर मुकाबला करेंगे

बिजली मंत्री ने साझा करते हुए कहा कि, भारतीय जनता पार्टी शासित केंद्र सरकार ने दिल्ली में एक बार फिर लोकतंत्र की हत्या की है कल रात के अँधेरे में भाजपा शासित केंद्र ने राजपत्र निकालते हुए दिल्ली की चुनी हुई सरकार के सिफारिश के खिलाफ जाते हुए दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) के चेयरमैन की नियुक्ति की उन्होंने कहा कि डीईआरसी के चेयरमैन की ये नियुक्ति न केवल गैरकानूनी और गैर-संवैधानिक है बल्कि दिल्ली के लोगों के खिलाफ किया हुआ एक फैसला है

बिजली मंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने भी कह दिया कि, दिल्ली में लैंड,लॉ एंड आर्डर ,और पुलिस के मुद्दों को छोड़कर जो बाकी सभी मुद्दे ट्रांसफर सब्जेक्ट में आते है और उनपर केंद्र सरकार को और केंद्र सरकार के नुमाइंदों को दिल्ली की चुनी हुई सरकार के फैसलों को मानना पड़ेगो

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपने आप को कानून और संविधान से परे मानती है कल सुबह 21 जून को दिल्ली की चुनी हुई सरकार ने दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) के चेयरमैन के लिए जस्टिस संदीप लोधा(रिटायर्ड जस्टिस, राजस्थान हाई कोर्ट) के नाम की सिफारिश केंद्र सरकार के नुमाइंदे उपराज्यपाल को भेजी गई लेकिन दिल्ली की लोकतान्त्रिक रूप से चुनी हुई सरकार के फैसले को न मानते हुए उसे दरकिनार करते हुए कल रात जस्टिस उमेश कुमार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा शासित केंद्र सरकार ने गैरकानूनी और गैर-संवैधानिक तरीके से डीईआरसी का चेयरमैन नियुक्त कियो

बिजली मंत्री ने आगे कहा कि, ये फैसला गैर-कानूनी और गैर-संवैधानिक तो है ही साथ ही ये फैसला दिल्ली वालों को परेशान करने के लिए लिया गया है क्योंकि दिल्ली के लोग हर बार चुनाव में भारी बहुमत से अरविन्द केजरीवाल को अपना मुख्यमंत्री चुनते है इसे भारतीय जनता पार्टी दिल्ली वालों की गलती मानती है और इसी कारण वो दिल्ली के लोगों से बदला ले रहे है उन्होंने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि दिल्ली के लोगों को 24 घंटे बिजली मिले, फ्री बिजली मिले भाजपा वाले चाहते है कि दिल्ली भी नोएडा,गाजियाबाद,गुरुग्राम की तरह हो जाए जहाँ घंटों बिजली जाती है क्योंकि यहाँ की सरकारें लोगों को 24 घंटे बिजली नहीं दे पाती

उन्होंने कहा कि,भाजपा को लगता है कि, दिल्ली वालों ने अरविंद केजरीवाल जी को मुख्यमंत्री बना कर गलती कर दी क्योंकि केजरीवाल जी तो गर्मियों में भी दिल्ली के लोगों को 24 घंटे बिजली देते है उन्होंने कहा कि, भाजपा वालों के अनुसार दिल्ली के लोगों की दूसरी गलती है कि, उन्होंने जिस अरविंद केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया वो देश में सबसे सस्ती बिजली देता है

बिजली मंत्री ने साझा किया कि, अगर हम देश भर के पॉवर टैरिफ की तुलना करे तो दिल्ली में बिजली की कीमत सबसे कम है उन्होंने कहा कि, दिल्ली में बिना सब्सिडी एक सामन्य परिवार को 4.50 रुपए प्रति यूनिट बिजली मिलती है` वही भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों की बात करे तो असम में आम परिवार 300 यूनिट बिजली लेने वाले परिवारों को प्रति यूनिट 8.20 रुपए बिजली मिलती है , उत्तरप्रदेश में 6.50 रुपए प्रति यूनिट मिलती है , मध्य प्रदेश में 6.70 पैसे प्रति यूनिट बिजली मिलती है` और महाराष्ट्र में 10 रुपए प्रति यूनिट बिजली मिलती है

उन्होंने कहा कि,दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल जी लोगों को देश में व सबसे सस्ती बिजली देते है हम जैसे लोग जो बचपन से दिल्ली में रहते है उन्हें पता है कि अरविंद केजरीवाल जी के मुख्यमंत्री बनने के बाद दिल्ली को सबसे सस्ती बिजली मिलनी शुरू हुई है 2014 से पहले हम सब जानते थे की दिल्ली में हर साल, साल में 2-2 बार बेतहासा बिजली के दामो में वृद्धि होती थी 2014 से पहले की बात है कि जब बिजली के बिल बढ़ के आते थे तो एक सामान्य परिवार को बिजली बिल देने के लिए अन्य जरूरत की चीजों में कटौती करनी होती थी लेकिन जब से अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने है तब से दिल्ली में बिजली के दाम नहीं बढ़े।

बृजभूषण सिंह के मामले सीएमएम ने एमपी/एमएलए कोर्ट में भेजा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के मामले में गुरुवार को चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट महिमा राय सिंह की अदालत में सुनवाई हुई।

यहां सीएमएम महिमा राय ने इस मामले को एमपी/एमएलए कोर्ट के एसीएमएम हरजीत सिंह जसपाल के पास भेज दिया। अब राउज एवेन्यू कोर्ट स्थित एमपी/एमएलए कोर्ट इस मामले पर संज्ञान लेकर 27 जून को सुनवाई करेगी।

आज अदालत में आरोप पत्र पर सुनवाई के दौरान क्या-क्या हुआ

सीएमएम महिमा राय सिंह ने आरोप पत्र पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस से पूछा कि क्या पॉक्सो के लिए कैंसिलेशन एप्लीकेशन अलग से दाखिल किया है? क्या एसीएमएम हरजीत सिंह जसपाल के पास पहले से एफआईआर असाइन है?

इस पर एसएचओ उपेंद्र सिंह ने कोर्ट को बताया कि पटियाला हाउस कोर्ट में पॉक्सो मामले में कैंसिलेशन एप्लीकेशन दाखिल किया है, सीएमएम महिमा राय सिंह ने कोर्ट स्टाफ को पता करने को कहा कि क्या मामले में एफआईआर एसीएमएम हरजीत सिंह जसपाल को असाइन हुई है? इस प्रश्न के पूछे जाने के बाद अदालत की कार्यवाही कुछ देर के लिए रुक गई।

भारतीय कुश्ती संघ (हत्रक्ष) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण पर 6 बालिग पहलवानों के यौन शोषण केस की सुनवाई दोबारा शुरू हुई तो सीएमएम महिमा राय सिंह ने मामले को एमपी/एमएलए अदालत में ट्रांसफर कर दिया।

सीएमएम ने मामले को एसीएमएम हरजीत सिंह जसपाल के पास भेज दिया है। हरजीत सिंह जसपाल की अदालत बृजभूषण सिंह के खिलाफ दाखिल आरोप पत्र पर संज्ञान लेकर सुनवाई करेगी। इसके लिए अगली तारीख 27 जून तय की गई है।

टेलीग्राम से लीक कर रहा था कोविन ऐप का डेटा, बिहार से शख्स गिरफ्तार; एक नाबालिग को भी पकड़ा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



कोविन ऐप डेटा लीक मामले में पुलिस ने बिहार से एक आरोपित को पकड़ा है। वहीं एक नाबालिग को भी पकड़ा है। गुरुवार को अधिकारियों ने आरोपित के गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी है। आरोपित व्यक्ति कोविन ऐप से डेटा लीक करने के लिए टेलीग्राम एप्लीकेशन का इस्तेमाल कर रहा था। विपक्ष ने सरकार पर लगाया था आरोप बता दें कि कोविन ऐप पर रजिस्टर्ड लोगों के डेटा लीक होने को लेकर विपक्ष की ओर बड़े-बड़े दावे किए गए। तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। ळटउ नेता साकेत गोखले ने दावा किया है कि कोविड-19 टीकाकरण के ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म पर मौजूद डेटा लीक हो गया है।

उन्होंने दावा किया कि जिन लोगों का डेटा लीक हुआ है, उनमें राज्यसभा सांसद और टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन, पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम, कांग्रेस नेता जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव, अभिषेक मनु सिंघवी और संजय राउत समेत कई नेता शामिल हैं।

विपक्ष के दावे को सरकार ने बताया आधारहीन विपक्ष के नेताओं ने केंद्र सरकार से ऐप से डेटा लीक मामले में उचित कार्रवाई करने को कहा था। हालांकि सरकार की ओर से ऐसे दावे को शरारतपूर्ण और आधारहीन करार दिया गया था। सरकार की ओर से कहा गया कि पोर्टल डेटा गोपनीयता के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ पूरी तरह से सुरक्षित है।

टेलीग्राम बॉट के जरिए लीक किया गया डेटा इस मामले को देश की नोडल साइबर सुरक्षा एजेंसी द्वारा समीक्षा के लिए भेजा गया था। अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में एजेंसी ने कहा था कि टेलीग्राम बॉट के जरिए कथित रूप से कोविन का डेटा लीक किया गया, कहा गया सीधे एपीआई तक नहीं पहुंच रहा था।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में यह भी कहा कि मौजूदा सुरक्षा उपायों की समीक्षा के लिए एक आंतरिक अभ्यास शुरू किया गया है। पोर्टल उन सभी लोगों के डेटा का भंडार है जिन्हें देश में 19 के खिलाफ टीका लगाया गया है।

ज्वेलर से 65 लाख का सोना लूटा

नई दिल्ली। सराय रोहिल्ला इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने पिस्टल की नोक पर ज्वेलर से 65 लाख रुपये का सोना लूट लिया। घटना बुधवार रात की है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर लुटेरों की तलाश कर रही है। शास्त्री नगर निवासी विपिन सोनी का करोल बाग के रैगरपुरा में सोने के आभूषणों का काम है। वह बुधवार रात को ऑफिस बंद कर साले कैलाश के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। विपिन ने बताया कि उनके पास 850 ग्राम सोना और 70 ग्राम स्वर्ण आभूषण थे। वे अपने घर के पास पहुंचे थे, तभी दो बाइक पर सवार चार युवक आए। उन्होंने पिस्टल दिखाकर हत्या की धमकी दी और सोने से भरा बैग छीन लिया। बदमाश भागते समय पीड़ित की बाइक की चाभी भी निकाल ली। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि थाना और स्पेशल स्टाफ की टीम बदमाशों की धर-पकड़ में जुट गई है।

एनसीआर के 5 फेमस शिव मंदिर, सावन में उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

इस बार सावन का महीना 4 जुलाई से शुरू हो रहा है और इसका समापन 31 अगस्त को हो जाएगा। सावन का ये महीना शिवभक्तों के लिए बहुत खास रहने वाला है क्योंकि इस बार सावन 59 दिनों का होगा। श्रद्धालु सावन के इन दो महीनों में 8 सोमवार का व्रत रख सकेंगे। वहीं, सावन का पहले सोमवार का व्रत 10 जुलाई 2023 को रखा जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थान के रूप में अपनी पहचान बनाये हुए है। यहां पर कई प्रमुख मंदिर स्थित हैं जो शहर के आध्यात्मिक माहौल को बढ़ाते हैं। इस मौके पर हम श्रद्धालुओं को दिल्ली के कुछ ऐसे शिव मंदिरों के बारे में बता रहे हैं जहां सावनके महीने में भगवान के जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ जुटती है।

भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए सावन के महीने को विशेष महत्व है। इस महीने में देशभर के सभी शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए रोज भक्तों की भीड़ मंदिर में पहुंची है। खासकर सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की लंबी कतारे लगती हैं। चांदनी चौक का श्री गौरी शंकर मंदिर

चांदनी चौक का गौरी शंकर मंदिर शहर के सबसे पुराने और प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। बता दें कि ऐसी मान्यता है कि मंदिर जितना पुराना होगा, उसकी प्रासंगिकता उतनी ही अधिक होगी। सावन के महीने में इस शिव में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। साथ ही सावन में मंदिर की सजावट भी देखते ही बनती है। प्राचीन नीली छतरी मंदिर, यमुना बाजार यमुना बाजार में प्राचीन नीली छतरी शिव मंदिर स्थित है। उस समय के पुजारियों का मानना था कि यह मंदिर महाभारत काल का है। सबसे बड़े पांडव भाई युधिष्ठिर ने मंदिर की स्थापना की। उन्होंने अश्वमेध यज्ञ कराने के लिए पवित्र स्थान की स्थापना की। जैसा कि पुराने सोने के बारे में कहा जाता है वैसे ही मंदिर के बारे में कि मंदिर जितना पुराना होगा, उसकी प्रासंगिकता और विश्वसनीयता उतनी ही अधिक होगी।

मंगल महादेव बिड़ला कानन मंदिर

मंगल महादेव बिड़ला कानन मंदिर में भगवान शिव की 100 फीट ऊंची मूर्ति है। यहां भगवान शिव के अलावा माता पार्वती, कार्तिकेय और अन्य मूर्तियां भी हैं। ये सभी मूर्तियां कांसे से बनाई गई हैं। मंदिर की सुंदरता को देखने और आध्यात्मिक वातावरण में शांति महसूस करने के लिए आप यहां पहुंच सकते हैं। श्री शिव मंदिर, कालकाजी कालकाजी मंदिर दिल्ली का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है और शिव मंदिर के लिए भी प्रसिद्ध है। इसे मान्यता के अनुसार माता काली के शिवरूप की स्थापना का स्थान माना जाता है। यहां शिव जी की मूर्ति स्थापित है और यहां भक्त शिव की पूजा करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। दूधेश्वर नाथ मंदिर, गाजियाबाद दूधेश्वर नाथ मंदिर पूरी तरह से भगवान शिव को समर्पित है। इसकी सफेद वास्तुकला को सावन के महीने में खूबसूरती से सजाया जाता है। श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर गाजियाबाद में स्थित एक प्राचीन मंदिर है। यह दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में रहने वाले शिव भक्तों के बीच बहुत लोकप्रिय है। पुजारियों का मानना है कि दूधेश्वर नाथ मंदिर में 5000 साल पुराना शिवलिंग है।

हरियाणा भवन में आपातकाल और प्रेस पर 24 जून को परिचर्चा का आयोजन

नई दिल्ली। एनयूजेआई स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड कम्युनिकेशन व दिल्ली पत्रकार संघ की ओर से 24 जून को नई दिल्ली के हरियाणा भवन में आपातकाल और प्रेस विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी एनयूजे स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड कम्युनिकेशन की ओर से गुरुवार को दी गई।

परिचर्चा में आईटीवी के संपादकीय निदेशक आलोक मेहता, हिन्दुस्थान समाचार के प्रधान संपादक रामबहादुर राय, पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर प्रमुख वक्ता होंगे। संगोष्ठी की अध्यक्षता नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के अध्यक्ष रास बिहारी करेंगे।

एनयूजे स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड कम्युनिकेशन के अध्यक्ष अनिल पांडेय और सचिव के पी मलिक ने बताया कि संगोष्ठी को दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के संयोजक राकेश थपलियाल, एनयूजेआई के सचिव अमलेश राजू, पूर्व उपाध्यक्ष सीमा किरण, संसद टीवी के वरिष्ठ एंकर मनोज वर्मा, यूनीवार्ता ब्यूरो प्रमुख मनोहर सिंह, विशेष संवाददाता सचिन बुधौलिया, एनयूजे के मीडिया प्रभारी और पब्लिक एशिया के प्रधान संपादक मुकेश वत्स और वरिष्ठ पत्रकार संबोधित करेंगे। दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के संयोजक राकेश थपलियाल ने बताया कि आपातकाल के दौरान एनयूजेआई और डीजेए के सदस्यों को सरकार के कोपभाजन का शिकार बनना पड़ा था। एनयूजेआई ने आपातकाल में प्रेस पर सेंसरशिप का जोरदार विरोध किया था। इस अवसर पर एनयूजेआई और डीजेए कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। संगोष्ठी का आयोजन हरियाणा भवन में अपराह्न 2 बजे से होगा।

डीयू बीटेक में प्रवेश के लिए नया पोर्टल शुरू करेगा

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में पहली बार बीटेक के तीन पाठ्यक्रम शुरू होने जा रहे हैं। इसके लिए अलग से पोर्टल शुरू करने की तैयारी है। बीटेक और परास्नातक के विषयों के दाखिले के लिए यह पोर्टल 30 जून तक शुरू होने की संभावना है। विश्वविद्यालय इस बार बीटेक के तीन कोर्स कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में दाखिला प्रक्रिया शुरू करेगा। डीयू से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके अलावा भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित के कुल योग में 60 फीसदी या उससे अधिक अंक होने जरूरी है। साथ ही अंग्रेजी (कोर या ऐच्छिक) विषय में भी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। डीयू ने यह भी स्पष्ट किया कि इनमें प्रवेश जेईई मेन में प्राप्त रैंक के आधार पर होगा। डीयू में बीटेक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण करते समय नाम, हस्ताक्षर और फोटोग्राफ को जेईई 2023 से स्व-एकीकृत किया जाएगा। उम्मीदवारों को तीन प्रोग्रामों के लिए अपनी प्राथमिकताएं जमा करनी होंगी। आवंटन मेरिट स्कोर और उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत वरीयताओं के आधार पर होगा। इसका आवेदन शुल्क 1500 रुपये है। 13,500 सीटों पर परास्नातक के प्रवेश सीयूईटी से स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रम में भी दाखिला प्रक्रिया 30 जून या उससे पहले शुरू होने की संभावना है।

सीलमपुर में 13 साल की किशोरी से छेड़छाड़

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में 13 साल की किशोरी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। किशोरी का आरोप है कि आरोपी उसे देखकर अश्लील इशारे और टिप्पणी करता है। किशोरी की खाला शिकायत करने पहुंची तो आरोपी ने परिजनों के साथ मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित किशोरी परिवार के साथ न्यू सीलमपुर इलाके में रहती है और सरकारी स्कूल में आठवीं कक्षा की छात्रा है। पीड़िता के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से जब भी वह सामान लेने के लिए बाहर जाती तो रास्ते में पड़ोस का एक लड़का उसे देखकर अश्लील इशारे और टिप्पणी करता था। मंगलवार शाम को वह सामान लेने जा रही थी तो रास्ते में उसका हाथ पकड़कर खींचने लगा। वह शोर मचाने लगी और उसके हाथ पर दांतों से काटकर छुड़ा लिया। इसके बाद पास में अपनी खाला के घर चली गई। उसने अपनी खाला को बताया तो वह शिकायत लड़के के घर पहुंची। आरोप है कि लड़के और उसके परिजनों ने उसकी खाला से मारपीट की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने किशोरी की काउंसलिंग कराने के बाद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मंडावली में शनि मंदिर के बाहर रेलिंग तोड़ने पहुंचा प्रशासन, लोगों का जबरदस्त विरोध; अर्धसैनिक बल तैनात

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्वी दिल्ली के मंडावली में शनि मंदिर की अवैध रेलिंग तोड़ने को लेकर प्रशासन और हिंदू संगठन के लोग आमने-सामने आ गए हैं। यह विरोध कल से चल रहा है।

पीडब्ल्यूडी की शिकायत पर पूर्वी जिला प्रशासन को फुटपाथ पर पेड़ के नीचे बने मंदिर के ढांचे को तोड़ना है। बता दें कि कुछ दिनों पहले ही अवैध निर्माण का आदेश दिया गया था।

हिंदू संगठन के लोग प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ लगातार नारेबाजी कर रहे हैं। इस दौरान लोगों और मौके पर तैनात सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प भी हुई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। अर्धसैनिक बल तैनात कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंदिर के पास पुलिस व अर्धसैनिक बल को तैनात किया गया है। प्रशासन का कहना है कि पेड़ के नीचे एक साल पहले मंदिर बनाया गया था। लोहे की रेलिंग लगाकर फुटपाथ को घेरा जा रहा है। हिंदू संगठन के लोग मंदिर को हटाने का विरोध कर रहे हैं। उनके आह्वान पर काफी संख्या में लोग पहुंचे हैं।पूर्वी जिलाधिकारी अनिल बंका ने कहा कि मंदिर नहीं हटाया जा रहा है। सिर्फ मंदिर के पास लगी रेलिंग को हटाया गया है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले प्रशासन ने खुरेजी रोड पर शिवपुरी में फुटपाथ किनारे अवैध रूप से पेड़ के नीचे बने छोटे से शिव मंदिर के ढांचे को कल बुधवार को को हटा दिया था। पुलिस की मौजूदगी में प्रशासन ने कार्रवाई की थी।

ढांचे के हटने से फुटपाथ पर राहगीरों का आवागमन सुगम होगा। प्रशासन ने बताया कि पीडब्ल्यूडी की ओर से शिकायतें आ रही थीं कि पेड़ के नीचे अवैध रूप से मंदिर का ढांचा बनाया हुआ है। शिकायत सही पाए जाने पर मंदिर से जुड़े लोगों को नोटिस देकर स्वयं हटाने के लिए कहा गया। लेकिन, उन्होंने नोटिस पर कोई संज्ञान नहीं लिया। जिसके बाद बुधवार को प्रशासन ने मंदिर से मूर्ति हटाकर ढांचे को हटा दिया। इसके साथ ही पुलिस से कहा गया है कि दोबारा से अतिक्रमण नहीं होना चाहिए।

मंदिर के ढांचे तोड़ने की सूचना मिलते ही जुटे हिंदू संगठन

मंडावली में एक पेड़ के नीचे अवैध रूप से बनाए गए मंदिर के ढांचे को तोड़ने की सूचना मिलते ही बुधवार को कई हिंदू संगठन जुट गए। हनुमान चालिसा का पाठ किया। लोगों की भीड़ को देखते हुए पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। लोगों ने पीडब्ल्यूडी के खिलाफ कार्रवाई की।

प्रशासन ने बताया कि पीडब्ल्यूडी की तरफ से शिकायत मिली थी कि पीडब्ल्यूडी के फुटपाथ पर मंदिर का ढांचा बनाया गया है, साथ ही लोहे के जाल लगाकर काफी जगह कब्जा कर लिया गया है। इसके बाद एसडीएम प्रीत विहार ने ढांचे को तोड़ने के आदेश दिए हैं।

यमुनापार में कई धार्मिक स्थलों को हटाया जाना है

यमुनापार में प्रशासन को पीडब्ल्यूडी, पुलिस व निगम के साथ मिलकर कई धार्मिक स्थलों को हटाना है। एलजी द्वारा गठित धार्मिक कमेटी की अनुशंसा पर प्रशासन जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले कार्रवाई कर रहा है।

प्रशासन को वजीराबाद रोड पर भजनपुरा में फुटपाथ पर बने हनुमान मंदिर व बीच रोड पर बने चांद बाबा के मजार को कुछ दिनों पहले हटाना था, लेकिन विरोध के चलते कार्रवाई नहीं हो सकी। इसके साथ ही लोनी गोल चक्कर व जीटी रोड पर हनुमान मंदिरों को बीच सड़क से हटाया जाना है।

मजार हटने के बाद भी हसनपुर में यातायात नहीं सुगम

पूर्वी जिला प्रशासन ने धार्मिक कमेटी की अनुशंसा पर गत अप्रैल के आखिर में हसनपुर के पास बीच सड़क पर बनी मजार को हटा दिया था। मजार हटने के डेढ़ माह बाद भी स्वामी दयानंद मार्ग पर यातायात सुगम नहीं हुआ है। जिस जगह से प्रशासन ने मजार हटाई है, वहां पर पुलिस ने बैरिकेड लगाए हुए हैं।

साथ ही एक बड़ा पेड़ भी लगा हुआ है। ऐसा कहा जा रहा था कि मजार के हटने से स्वामी दयानंद मार्ग पर मधु विहार लाल बत्ती के पास लोगों को जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा, लेकिन पेड़ के चलते फिर भी वहां पर पहले ही तरह वाहन चालकों को वाहनों की गति धीमी करनी पड़ रही है। पेड़ के हटने के बाद ही यातायात सुगम हो पाएगा। सड़क का इस्तेमाल नहीं कर रहे वाहन चालक कुछ दिनों पूर्व ही मायापुरी औद्योगिक क्षेत्र से सड़क के किनारे स्थित एक मंदिर के ढांचे को हटाया गया था। ढांचे को पूरी तरह से हटाने के बाद अब यहां की पूरी जमीन खाली है। लेकिन इस पूरी खाली जमीन का वाहन चालक अभी भी उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

वंचित वर्ग के बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए समान अवसर दिए जाएं : उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक निजी स्कूल को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के तीन छात्रों को दाखिला देने का निर्देश देते हुए कहा कि वंचित समूहों और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने तथा अन्य बच्चों के साथ स्कूलों में पढ़ाई करने के समान अवसर दिए जाने चाहिए ताकि वे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। उच्च न्यायालय ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/वंचित समूह (डीजी) के तहत उपलब्ध सीमित सीटों को व्यर्थ जाने नहीं दिया जा सकता क्योंकि इस आरक्षण के तहत प्रत्येक रिक्त सीट समाज के गरीब तबके के बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित किया जाना बताती है।

न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने कहा, ईडब्ल्यूएस/डीजी श्रेणी के तहत किसी बच्चे को दाखिला देने से इनकार करना ऐसे बच्चों को संविधान के अनुच्छेद 21ए और शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के तहत मिले अधिकारों का उल्लंघन होगा। अदालत का आदेश तीन बच्चों द्वारा दायर अवमानना याचिका पर आया जिसमें उन्होंने दिसंबर 2021 को दिए आदेश का अनुपालन किए जाने का अनुरोध किया है जब न्यायालय ने एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल को याचिकाकताओं को ईडब्ल्यूएस/डीजी श्रेणी के तहत दाखिला देने का निर्देश दिया था। तीनों याचिकाकर्ता ईडब्ल्यूएस/डीजी श्रेणी के तहत पहली कक्षा में स्कूल में दाखिला दिए जाने का अनुरोध कर रहे हैं। उनका नाम दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय द्वारा निकाले गए ड्रॉ में आया था और उन्हें दाखिले के लिए प्रतिवादी स्कूल आवंटित किया गया था।हालांकि, स्कूल द्वारा उठायी गई विभिन्न आपत्तियों के आधार पर उन्हें दाखिला नहीं दिया गया। तीन में से एक छात्र के संबंध में स्कूल ने दावा किया कि सत्यापन के दौरान बच्चे के घर का पता नहीं मिला। इस दावे पर न्यायमूर्ति पुष्करणा ने कहा कि अदालत इस बात पर अपनी आंख नहीं मूंद सकती कि बच्चा समाज में एक वंचित समूह से है और किसी ग्रामीण इलाके और किराये के घर में रह रहे बच्चे को महज इस आधार पर दाखिला दिए जाने से इनकार नहीं किया जा सकता कि सत्यापन के दौरान उसके घर का पता नहीं मिला। उच्च न्यायालय ने कहा, यह अदालत इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकती कि समाज के वंचित समूहों को जीवन में आगे आने के लिए समान अवसर दिए जाए। इसमें वंचित समूहों और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के छात्रों को अन्य छात्रों के साथ स्कूलों में पढ़ने का अवसर देना शामिल है ताकि वे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। उसने कहा, अगर ऐसे आवेदकों को इस तरह के अनुचित आधार पर ईडब्ल्यूएस/डीजी श्रेणी के तहत दाखिले देने से इनकार किया जाता है तो ईडब्ल्यूएस/डीजी के तहत उपलब्ध सीमित सीटें व्यर्थ हो जाएंगी।

अदालत के मुताबिक, शिक्षा निदेशालय ने यह स्पष्ट किया है कि संबंधित स्कूल में याचिकाकताओं को आवंटित सीटें ईडब्ल्यूएस/डीजी श्रेणी के तहत किसी अन्य बच्चे को आवंटित नहीं की गयीं। उच्च न्यायालय ने तीनों छात्रों को ईडब्ल्यूएस/डीजी श्रेणी के तहत पहली कक्षा में दाखिले के लिए स्कूल का रुख करने को कहा और स्कूल को याचिकाकर्ता छात्रों को मौजूदा अकादमिक वर्ष 2023-24 के लिए दाखिला देने का निर्देश दिया।

संक्षिप्त खबरें

फुलवरिया में 156 केंद्रों में से 150 केंद्रों पर हुआ टीएचआर का वितरण

फुलवरिया। फुलवरिया प्रखंड के विभिन्न गांवों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुरुवार के दिन टीएचआर का वितरण किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पुष्पराज हिमांशु ने बताया कि 156 केंद्रों में से 150 पर आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा टीएचआर का वितरण कराया गया। इसके लिए बाल विकास परियोजना के तीनों महिला सुपरवाइजर ममता कुमारी, तबस्सुम नाहिद तथा शशिकला देवी एक-एक केंद्रों पर जाकर वितरण हो रहे टीएचआर का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि छः ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र हैं। जहां कई लापरवाही पाई गई है। जिनका विभाग के द्वारा पीएचआर रोका गया है। इसके अलावे सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिशा निर्देश दिया गया है कि टीएचआर में अनियमितता बरतने पर विभागीय अनुशंसा कर कार्रवाई की जाएगी।

फुलवरिया में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

फुलवरिया। फुलवरिया थाना क्षेत्र के रामपुर कला गांव के चेरु टोला में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें दोनों पक्षों से आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय मरछियां देवी रेफरल अस्पताल फुलवरिया में दाखिला कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों पक्षों से दो-दो लोगों की स्थिति नाजुक देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज रेफर कर दिया। जहां इलाज जारी है। इस खूनी संघर्ष को लेकर दोनों पक्षों ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक पक्ष से रामपुर कला गांव के निवासी कमलेश मांझी की पत्नी बुचुन देवी ने अपने ही पड़ोसी फागु मांझी सहित आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। वहीं दूसरे पक्ष से रामपुर कला गांव के निवासी बृजेश मांझी की पत्नी मधुबाला देवी ने अपने ही पड़ोसी कमलेश मांझी सहित आधा दर्जन को प्राथमिकी दर्ज आरोपी बनायी है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस दोनों पक्षों से मिले लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट में तीन जख्मी

उचकागांव। उचकागांव थाना क्षेत्र के डोरापुर गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट में तीन लोग जख्मी हो गए। मामले में एक पक्ष के घायल खूबलाल मांझी, उनके बेटे राकेश कुमार वहीं दूसरे पक्ष के घायल छोटेलाल मांझी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचकागांव में कराया गया। मामले में एक पक्ष के घायल खूबलाल मांझी के आवेदन पर द्वारिका मांझी, उनके बेटे छोटेलाल मांझी, अमरजीत मांझी, हीरालाल मांझी, जीउत मांझी वही दूसरे पक्ष के घायल छोटेलाल मांझी के आवेदन पर खूबलाल मांझी, उनके बेटे रमेश मांझी, सुनील मांझी, विशाल मांझी, राकेश मांझी और मनु मांझी के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

विष्णुपुरा बाजार पर ट्रक की ठोकर से बाइक सवार एक महिला की मौत

छपरा। डोरीगंज मुफ्फसिल थानाक्षेत्र के विष्णुपुरा बाजार के समीप अनियंत्रित ट्रक की ठोकर से बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई वहीं बाईक चालक युवक जख्मी हो गया। मृत महिला की पहचान मुफ्फसिल थानाक्षेत्र के खलपुरा कमाला गाछी टोला गांव निवासी स्व० भोला सिंह उर्फ उमाशंकर सिंह की 48 वर्षीय पत्नी रेखा देवी उर्फ हेमलता देवी के रूप में की गई है। घटना गुरुवार साढ़े ग्यारह बजे के आस पास की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि महिला अपने पड़ोसी भतीजे युवक शशिकांत सिंह उर्फ भीम के साथ बाईक पर सवार विष्णुपुरा बाजार स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से पैसे की निकासी के लिए आ रही थी। इसी बीच डोरीगंज की तरफ से तेज गति से छपरा जा रही एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को अपनी चपेटे में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई वहीं बाईक चालक युवक जख्मी हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़ भागने के क्रम मे पकरा गया जिसे ग्रामीणो द्वारा पुलिस को सौंप दिया गया ।हो घटना के बाद आक्रोशित लोगों के द्वारा ट्रक में आग लगा दी गई। किन्तु मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस के द्वारा तुरंत आग को बुझा ट्रक को जलने से बचा लिया गया इस दौरान आक्रोशितों ने सड़क पर आगजनी कर करीब ढाई घंटे तक वाहनों का आवागमन बाधित कर दिया। सदर सीओ व गणमान्य,स्थानीय मुखिया व गणमान्य लोगों सामुहिक घंटो के प्रयास के बाद आक्रोशित लोगों को समझा कर मार्ग को खाली कराया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार इस घटना मे एक बात चर्चित रही कि जिस ट्रक से घटना घटी ऐप में मालिक का नाम नहीं बता रहा था हलांकि लोगों के अनुसार ट्रक डोरीगंज के आसपास का ही बताया जा रहा था।

एमओ ने की पीडीएस दुकानों की जांच, डीलरो में मचा हड़कंप

बरवा कपरपुरा पंचायत के पीडीएस दुकानों का निरीक्षण करने पहुंचे थे एमओ

हथुआ प्रात : किरण संवाददाता

हथुआ प्रखंड के आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा गुरुवार को बरवा कपरपुरा पंचायत के खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग द्वारा संचालित जन वितरण प्रणाली दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में डीलरो की कार्यप्रणाली में सुधार लाने की नसीहत भी दी गयी। एमओ अश्वनी कुमार के निरीक्षण से पुरा दिन डीलरो में हड़कंप मचा रहा।

एमओ ने बरवा कपरपुरा पंचायत में संचालित सात दुकानों का विधिवत जांच किया। जांच के क्रम में भंडार पंजी, वितरण पंजी सहित वितरण से सम्बन्धित सभी पंजियो की जांच किया। जांच के क्रम में एमओ ने सभी डीलरो को अपने अपने कार्यप्रणाली में सुधार लाने, सही माप तौल के मुताबिक राशन देने, समय समय पर माप तौल विभाग से वेट मशीन का सत्यापन करवाने का विशेष निर्देश दिया। साथ ही राशन कार्डधारियों का आधार सीडिंग की गति में तेजी लाने को कहा। एमओ ने सभी डीलरो से 30 जून तक लाभार्थियों का आधार जोड़ने का सख्त दिशा निर्देश भी दिया। एमओ के इस तेवर से चहुंओर डीलरो में हड़कंप मचा रहा। एमओ ने सख्ती बरतते हुए कहा कि किसी भी डीलर की शिकायत मिलने पर सख्त करवाई की जाएगी। यह विदित हो कि पहली बार किसी एमओ का कड़ा रुख देखने के बाद डीलरो में हड़कंप मचा रहा। इसके पूर्व भी एमओ अश्वनी कुमार ने पहली बार बैठक में अनुपस्थति डीलरो से स्पष्टीकरण की मांग किया था।

जिससे डीलरो में हड़कंप मचा रहा। इस सम्बन्ध ने एमओ ने बताया कि बरवा कपरपुरा पंचायत के सात डीलरो के दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में डीलरो को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार का मौका दिया गया है। यदि कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया जाता है तो निश्चित रूप में जांच कर करवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रत्युष कुमार, सहित सभी दुकान संचालक आदि थे।

पूर्व मुखिया प्रत्याशी पर गोलीबारी मामले में दो अज्ञात पर एफआईआर

उचकागांव प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व मुखिया प्रत्याशी संजीव कुमार ऊर्फ तियाई यादव को गोली मारकर जख्मी करने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इसमें दो अज्ञात बाइक सवार युवकों को आरोपित किया गया है। एफआईआर के बाद पुलिस टीम बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए फर्द बयान में जख्मी संजीव कुमार ऊर्फ तियाई यादव ने कहा कि जब वह बाइक पर सवार होकर बुधवार की शाम साढ़े सात बजे बालाहाता बाजार पहुंचे तो एक पान दुकान पर बाइक खड़ी कर पान लेने के लिए दुकान की ओर बढ़े तब तक बलेसरा की ओर से एक बाइक पर सवार दो युवक मेरे करीब आकर ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दिया जिसमें मुझे एक गोली पीठ में जाकर लग गई और मैं गिर पड़ा। इसके बाद बदमाश फायरिंग करते हुए कांधगोपी की ओर फरार हो गएद्य एफआईआर में उन्होंने किसी से कोई पुरानी रंजिश की बात नहीं कहीं है हालांकि, पुलिस टीम मामले की जांच में हर एक बिंदु को समेट रही है। हथुआ एसडीपीओ अनुराग कुमार ने बताया कि अभी तक पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है लेकिन कुछ संदिग्ध युवकों से पूछताछ चल रही है। जल्द ही बदमाशों को पकड़ घटना का पदार्फास कर दिया जाएगा।

घटना के बाद दहशत में व्यवसायी: बालाहाता बाजार में बुधवार की देर शाम गोलीबारी की घटना से लोग दहशत में है। खासकर यहां दुकान चलाने वाले व्यवसायी इस घटना से खासे चिंतित व परेशान है। दहशत के कारण गुरुवार की सुबह दवा दुकान को छोड़ कर बाकी दुकाने बंद रही। हालांकि दोपहर बाद धीरे धीरे दुकानें खुलने लगी। घटना के बाद से व्यवसाय करने वाले दुकानदार इस बात को लेकर चिंतित है कि अब कैसे व्यवसाय किया जाय ।

एक पखवारा में गोलीबारी की दूसरी घटना : बालाहाता बाजार में गोलीबारी की यह घटना कोई नई बात नहीं है। करीब 20 दिनों पूर्व बाइक सवार बदमाशों नें शाम के ही समय एक किराना दुकानदार पर गोलीबारी कर दहशत फैला दी थी। अभी वह मामला सुलझा भी नहीं तब तक बदमाशों ने गोलीबारी की दूसरी वारदात को अंजाम दें दिया। बताया जाता है तीन जून की शाम भगवान टोला निवासी बुलेट कुमार यादव बालाहाता अपनी किराना दुकान पर बैठे थे तो घटना को अंजाम दिया गयाद्य इस मामले में एफआईआर भी दर्ज करायी गई थी।

पुलिस चैकी बनाने की मांग: लगातार हो रही गोलीबारी की घटना से बालाहाता बाजार व आसपास के लोग दहशत में है। स्थानीय लोगों ने बाजार में पुलिस चैकी बनाने की मांग की है। स्थानीय मुखिया मोहम्मद असलम, सरपंच मुकुल यादव, जदयू नेता नंदजी यादव, डॉ अरविन्द कुमार, दारोगा यादव सहित कई ग्रामीणों ने बालाहाता बाजार में पुलिस चैकी बनाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए यहां पर पुलिस चैकी जरूरी हैद्य उचकागांव थाने से इसकी दूरी अधिक होने से वारदात को रोकने में पुलिस को भी काफी परेशानी होती है।

जमसड़ में एक वर्ष से नल जल योजना का पानी ठप, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

उचकागांव प्रात : किरण संवाददाता

उचकागांव प्रखंड के जमसड़ पंचायत अंतर्गत जमसड गांव के वार्ड नंबर 13 में नल जल योजना के टंकी से पानी सप्लाई पिछले एक वर्ष से बंद है। जिससे सरकार के लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद इस चिलचिलाती धूप में भी लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो रही है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार के दिन प्रदर्शन किया। मामले में ग्रामीण फूलमती देवी, हीरामती देवी, रजान्ती देवी, सुहान्ती देवी, बीना देवी, शोभा देवी, कपिल देव सिंह, छोटू कुमार, सोनू कुमार, अंकित कुमार, सुरेंद्र राम, अशोक मांझी, सुखराम सिंह, चंद्रिका राम सहित काफी संख्या में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि जमसड पंचायत के जमसड गांव के वार्ड नंबर 13 का नल जल योजना का मोटर पिछले एक वर्षो से बंद चल रहा है। जिससे पिछले एक वर्षो से नल जल योजना की पानी सप्लाई पूरी तरीके से ठप पड़ी हुई है। जले हुए मोटर को बनवाने के नाम पर ग्रामीणों से राशि की वसूली भी की गई। इसके बावजूद भी नल-जल योजना से पानी सप्लाई पूरी तरीके से बंद चल रही है। शुद्ध पानी नहीं मिलने से गांव के काफी लोग बीमार चल रहे हैं। जिन्हें डॉक्टरों ने शुद्ध पानी पीने की सलाह दी है। ऐसे में लोगों को मजबूर पानी खरीद कर पानी पीना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि मामले में अधिकारियों को भी लिखित आवेदन दिया गया है। इसके बावजूद भी नल जल योजना के टंकी से पानी सप्लाई पूरी तरीके से ठप चल रही है। इस दौरान ग्रामीण मामले में जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पूर्व मुखिया पति प्रमोद मांझी के समझाने बुझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए। इस संबंध में मुखिया कैलाशी देवी ने बताया कि इस वार्ड में मात्र एक फेज से बिजली विभाग द्वारा बिजली की सप्लाई दी गई है। अधिक लोड के कारण लो वोल्टेज की समस्या है। लो वोल्टेज के कारण नल जल योजना का मोटर नहीं चल पाने का पानी सप्लाई बंद है।

यूपी से आ रही स्कार्पियों से 55 कार्टन शराब बरामद, तस्कर फरार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के सियाडी मोड़ के समीप मीरगंज थाने की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान यूपी से स्कार्पियों में आ रही 55 कार्टन शराब बरामद किया है। इस बीच अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर भाग निकलने में सफल हो गया। पुलिस शराब व वाहन को जप्त कर मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मीरगंज थानाध्यक्ष छोटन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक स्कार्पियों में यूपी से शराब लेकर धंधेबाज मीरगंज की तरफ आ रहे है। इस सूचना के बाद मीरगंज थाने की पुलिस ने सियाडी मोड पर वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को एक स्कार्पियो आती हुई दिखी। पुलिस ने जैसे ही स्कार्पियो को रोका, उसमें सवार तस्कर उतरकर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। तलाशी के दौरान स्कार्पियों से करीब 55 कार्टन शराब बरामद किया गया। पुलिस शराब जप्त कर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर फरार धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गयी है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही धंधे में संलिप्त लोगो को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गंडक नदी के रास्ते यूपी से आ रही 80 कार्टन शराब जप्त, तस्कर फरार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले में अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार दबिश के बाद भी शराब तस्कर नित नए हथकंडे अपना कर शराब तस्करी में लगे हुए हैं। जमीनी रास्ते पर जिला प्रशासन ने सख्त पहरा लगाया तो अब नदी के रास्ते बड़े पैमाने पर शराब तस्करी शुरू हो गई है। इसकी बानगी गोपालगंज गंडक नदी में देखने को मिली। यहां उत्पाद विभाग की टीम ने शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। उत्पाद विभाग की टीम ने जादोपुर थाने के भसही गांव के समीप 5 लाख की विदेशी शराब एक नाव से बरामद की है। तस्कर उत्तर प्रदेश से नदी के जरिए शराब की तस्करी कर रहे थे। तभी उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर इस शराब को बरामद किया है।

हालांकि शराब तस्कर भागने में सफल रहा। दरअसल, उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार को गुप्त सूचना मिली कि नदी के रास्ते शराब की तस्करी की जा रही है। इसके बाद उत्पाद विभाग की टीम ने भसहीं गांव के समीप गंडक नदी के समीप छापेमारी कर नाव से लायी जा रही करीब 80 कार्टन शराब को बरामद कर लिया। हालांकि इस दौरान तस्कर नाव से कूदकर भाग निकलने में सफल रहा। जब पुलिस ने नाव की तलाशी ली तो नाव से 80 कार्टन शराब मिली। इस मामले में उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि सड़क मार्ग पर स्कैनर से तलाशी के कारण तस्कर अब नदी से शराब तस्करी को सुरक्षित समझ रहे हैं। हालांकि नदी के किनारे ड्रोन कैमरे व रिवर पेट्रोलिंग बोट के जरिए अब नदी में भी बोट से छापेमारी की जा रही है। गंडक नदी में उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा लगातार की जा रही छापेमारी से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि पिछले सप्ताह भी उत्पाद विभाग के द्वारा गंडक नदी में छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ एक नाव को जब्त किया गया था।

शराबबंदी वाले बिहार में गजब कारनामा, पिकअप बैन के नीचे बना दिया तहखाना

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

बिहार में शराबबंदी है। यहा शराब पीना पिलाना और बेचना कानूनन अपराध है। इसके बाद भी बिहार में धड़ल्ले से शराब की बिक्री हो रही है। लोगों की जहरीली शराब पीने मौत हो रही है इसके बाद जब पुलिस सक्रिय होती है तो शराब की बड़ी-बड़ी खेप बरामद होती है। साथ ही शराब तस्करी के एक से एक तरीके भी सामने आते हैं। पहले एंबुलेंस, टमाटर की गाड़ी, शव वाहन में ताबुत के नीचे, रसोई गैस सिंलेडर में शराब तस्करी करने के बाद अब पिकअप वैन के नीचे तहखाना बनाकर शराब तस्करी का मामला सामने आया है। यहां गोपालंज में पुलिस ने बोलेरो पिकअप के अंदर तहखाना बनाकर ले जाई जा रही 1392 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया है। फुलविरया थाना पुलिस ने बथुआ मीरंगज पथ पर बथुआ पोखर के पास एक खाली पिकअप वैन को रोककर तलाशी ली उसके होश उड़ गए। पिकअप वैन खाली था। लेकिन पुलिस को जब शक हुआ तो उसने बारीकी से गाड़ी की जांच पड़ताल की तो पता चला कि इसमें तहखाना है। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी के पिछले हिस्से को स्थानीय लोगों की सहायता से बाहर निकाला तो उसमें 1392 बोतल शराब मिला। पुलिस ने शराब के साथ चार तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान वैशाली जिले के जमदाहा थाने के चकभैरव गांव चन्द्रभूषण चैधरी, कमलेश कुमार सिंह, सदर थाने के दिघीकला गांव के सुशील कुमार और लालगंज थाने के सिरसा विरन गांव के सुबाष कुमार के रूप में हुई है। पुलिस गिरफ्तार शराब तस्कर से बैकवर्ड फॉवर्ड लिंक पता कर रही है।

फुलवरिया में मुखिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई ग्राम सभा

फुलवरिया प्रात : किरण संवाददाता

फुलवरिया प्रखंड के ग्राम पंचायत राज चुरामन चक अंतर्गत मुरार बतरहाँ गांव स्थित संचालित प्राथमिक विद्यालय भवन के परिसर में गुरुवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा की अध्यक्षता नवनिर्वाचित मुखिया गया कुमार सिंह ने की। ग्राम सभा में उपस्थित नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों एवं अन्य गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ पंचायत की जनता ने हम लोगों को पंचायत में विकास के कार्यो को गति देने के लिए चुना है। जनता के विश्वास पर खरा उतरने की पूरी तरह से प्रयास करूँगा।

सभी वार्ड सदस्यों से उन्होंने सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि वार्ड सदस्यों को भी जनता ने अपने क्षेत्र में विकास के उद्देश्य से अपना प्रतिनिधि बनाया है। हम सभी लोगों का उद्देश्य एक ही है विकास करना। इसीलिए हम लोग पूरी निष्ठा के साथ पंचायत में विकास की गति को काफी तेज करेंगे। साथ ही साथ नई योजनाओं का भी चयन किया जाएगा। प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का कार्य आरंभ किया जाएगा। ग्राम सभा में पहुँचे बीडीओ अजीत कुमार रोशन बीसीओ अस्मिता कुमारी, बीडीसी सदस्य वीरेंद्र पंडित, श्री नारायण राय सहित अन्य अधिकारियों ने ग्राम सभा के महत्व को जनता को बताया। बीडीओ श्री रौशन ने बताया कि विभागीय आदेशानुसार पंचायत अंतर्गत जीपीडीपी कार्य योजना 2022-23 के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। जिस ग्राम सभा में पंचायत में विभिन्न योजना 15वीं वित्त आयोग, षष्ठम राज्य वित्त आयोग, मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चित योजना, गली नली पक्कीकरण निश्चित योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समेत अन्य कई योजना के संबंध में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई। मुखिया गया कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम सभा में कुल 405 लोगों ने पंचायत के अलग-अलग गांव कस्बों से समस्याओं से संबंधित शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें ज्यादातर राशन कार्ड, आवास योजना से संबंधित, नल जल, स्वच्छता तथा खाड़ की सफाई से संबंधित शिकायतें मिली हैं। मौके पर गोपी तिवारी, आनंद सिंह, सरपंच जयप्रकाश राय, पिंटू शाह वार्ड सदस्य शकीला खातून सहित अन्य मौजूद रहे।

बैकुंठपुर थानाध्यक्ष के वेतन भुगतान पर कोर्ट ने लगायी रोक

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

भवन निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने के बावजूद निर्माण जारी रहने पर नराजगी जताते हुए कोर्ट ने बैकुंठपुर थानाध्यक्ष के वेतन भुगतान पर रोक लगा दी है। आदेश का अनुपालन सुनिश्चत करने को कोर्ट ने आदेश की प्रति जिला कोषागार पदाधिकारी को भी भेजने का आदेश दिया है। बताया जाता है कि एक बंटवारा वाद की सुनवाई करते हुए अवर न्यायाधीश पांच ने विवादित भूमि पर किसी प्रकार के निर्माण कार्य पर अंतरिम रूप से रोक लगा दी थी। इस संबध में वादी के निवेदन पर आदेश की प्रति बैकुंठपुर थानाध्यक्ष को भेजी गयी थी। लेकिन कोर्ट के रोक के आदेश के बावजूद निर्माण कार्य पर रोक नही लगायी गयी। जिसके बाद 12 मई 2023 को वादी ने कोर्ट में आवेदन देकर कहा था कि बैकुंठपुर थानाध्यक्ष के द्वारा भवन निर्माण कार्य रोक पर कारवाई नही की जा रही है। जिसके कारण प्रतिवादीगण लगातार निर्माण कार्य करा रहे है। वादी के आवेदन के आलोक में कोर्ट ने थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण की मांग की थी। किंतु थानाध्यक्ष के द्वारा निर्धारित समय के अंदर न तो कोई स्पष्टीकरण दाखिल किया गया और न ही न्यायालय के आदेश का अनुपालन किया गया। यह उनके कर्तव्य के पालन में घोर लापरवाही और उपेक्षा का प्रतीक है। ऐसी स्थिति में कोर्ट ने अगले आदेश तक थानाध्यक्ष के वेतन भुगतान पर रोक लगाते हुए आदेश की प्रति जिला कोषागार पदाधिकारी को भेजने का निर्देश दिया है।

श्रीपुर में हमलावर ने घर में घुसकर लड़की का दबाया गला प्राथमिकी दर्ज

फुलवरिया। श्रीपुर ओपी क्षेत्र के चैबे परसा गांव में एक हमलावर ने मध्य रात्रि में दीवार फांदकर घर के अंदर सो रही एक युवती पर जानलेवा हमला बोल दिया। युवती के शोरगुल के बाद हमलावर फरार हो गया। इस मामले को लेकर चैबे परसा गांव के निवासी विंध्याचल बैठा की पुत्री नंदनी कुमारी ने अपने ही गांव के राधा सिंह के पुत्र ध्रुव सिंह के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। जिसमें उनके द्वारा आरोप लगाया गया है कि भोजन करने के बाद मैं अपने घर के अंदर सो रही थी कि मध्य रात्रि में उक्त हमलावर दीवार फांद कर घर के अंदर धुस गया। हमलावर ने जाते ही मेरा सीना पकड़ लिया और गला दबा दिया। मैं किसी तरह से उसके हाथ के उंगली को दांत से कटी, तब जाकर मुझे छोड़ा। जिसके बाद में शोरगुल मचाने लगी।

श्री शतचंडी महायज्ञ सह मां दुर्गा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

फुलवरिया प्रात : किरण संवाददाता

- 51 सौ कन्याओं ने कलश यात्रा में लिया भाग, हाथी घोड़े हुए शामिल

फुलवरिया प्रखंड के ग्राम पंचायत राज गोसाई माझा अंतर्गत इमिलिया माझा गांव स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर के परिसर से गुरुवार को श्री शतचंडी महायज्ञ सह मां दुर्गा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य तरीके से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 51 सौ कन्याओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान हाथी, घोड़े, बैंड बाजा एवं मां दुर्गा की जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र बना रहा। कलश यात्रा यज्ञ स्थल इमिलिया माझा, गोलागंज होते हुए गणेश स्थान माझा स्थित प्राचीन पोखर के पास पहुंचा। जहां विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच जल भरने के बाद गोसाई माझा गांव होते हुए पुनः इमिलिया माझां यज्ञ स्थल पर पहुंचा।

इसकी जानकारी देते हुए मुख्य यजमान दंपति जितेश तिवारी, उप प्रमुख रंजन कुमारी तिवारी, विपिन तिवारी, मुखिया आनंद मोहन राय, कन्हैया कुमार गुप्ता तथा वसुमति देवी ने बताया की कलश यात्रा जिस गांव से होकर गुजरा उस गांव के लोगों का भरपूर सहयोग किया। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा के दौरान जय मां दुर्गा एवं जय माता दी की जय घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा में शामिल कन्याओं एवं श्रद्धालुओं के ऊपर लोग घर के छतों से पुष्प की वर्षा किया गया। यज्ञकताओं में मदन मोहन तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, शेषनाथ राय, चंद्रमोहन राय, रामप्रवेश यादव, सरपंच परमा चैधरी, वार्ड सदस्य गणेश साह, रत्नेश तिवारी, प्रह्लाद कुमार गुप्ता, बुंदेला यादव ने बताया श्री शतचंडी महायज्ञ सह मां दुर्गा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ 22 जून से लेकर आगामी 26 जून तक चलेगा। इस यज्ञ में उत्तर प्रदेश से सुप्रसिद्ध कथावाचक अपने कथाओं से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। मुखिया आनंद मोहन राय ने बताया कि कलश यात्रा में शामिल कन्याओं को शुद्ध पेयजल के अलावे फलाहार जूस की भी व्यवस्था किया गया था। वही विधि व्यवस्था को लेकर फुलवरिया पुलिस उप प्रमुख प्रतिनिधि विपिन तिवारी के साथ तैनात दिखें।

नीतीश व लालू ने बिहार की कई पीढ़ियों को कर दिया बर्बाद: राधारमण

मांझा। मांझागढ़ प्रखंड के गौसिया पंचायत में गुरुवार को जन सुराज की टीम के द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गयां जनसंवाद कार्यक्रम में पीके द्वारा शुरू किया गया जन सुराज अभियान क्या है और इसका बिहार की राजनीति पर क्या असर पड़ेगा इन सभी बिंदुओं पर वहां उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी दी गयी। जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुखिया राधारमण मिश्रा ने कहा कि नीतीश व लालू की वजह से बिहार की कई पीढियां बर्बाद हो चुकी है। अगर अभी भी बिहार की जनता इस पर मंथन नही करेगी तो आने वाली पीढी हमें माफ नही करेगी। जन सुराज अभियान के सदस्य व जिला पार्षद प्रतिनिधि फैज अहमद ने कहा कि बिहार में वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था गर्त में चली गई है जिसके वजह से बिहारी लगातार पिछड़ेपन के शिकार हो रहे है। किसी जमाने में विश्व को राह दिखाने वाला बिहार आज खुद ही अपनी मंजिल को ढूंढ रहा है। जनसंवाद कार्यक्रम में जिला पार्षद विकास कुमार सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि व समाजसेवी ज्योतिष शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि हामीद अली अंसारी, संजीव दूबे, सुबाष यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

अपनी परेशानी देख लोगों को फाइलेरिया से बचाव की नसीहत दे रहे हैं मोहन सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। गंभीर बीमारी से ग्रसित हो चुके मरीज ही उस बीमारी के प्रकोप और उसके दर्द को समझ सकते हैं। यही कारण है कि जो लोग गंभीर और लाइलाज बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं, वो दूसरों को इस बीमारी से बचाव को लेकर हमेशा जागरूक करते हैं। ताकि जिन परेशानियों का सामना वो कर रहे हैं, उसकी चपेट में कोई दूसरा न आ सके। ऐसे ही एक मरीज हैं सारण जिले के सोनपुर प्रखंड के खरिका पंचायत के स्थानीय गांव निवासी मोहन सिंह। जो पिछले तीस साल से फाइलेरिया से ग्रसित हैं। जवानी के समय साथ साथ उन्होंने फाइलेरिया को भी अपने जीवन में बढ़ते देखा। लेकिन, फाइलेरिया से हारने के बजाय उन्होंने उससे लड़ने की ठानी। जिसकी बदौलत न उन्होंने इस बीमारी के स्टेज को भी कम किया और आज पंचायत के लोगों को इस बीमारी से बचने और इसके इलाज को लेकर जागरूक करने में लगे हुए हैं। इसके लिए वो पंचायत में गठित खरिका पेशेंट सपोर्ट ग्रुप से जुड़े और अपने अभियान में जुट गए।

दवा के सेवन से कम हुआ फाइलेरिया का ग्रेड : मोहन सिंह बताते हैं कि लगभग 30 साल पहले उनके शरीर में फाइलेरिया के लक्षण दिखने लगे थे। तभी से उन्होंने जगह जगह इलाज कराया। जो भी जहां बताता वो इलाज के लिए वहां चले जाते। इससे उन्हें थोड़ी राहत तो मिली, लेकिन निजात नहीं मिल पायी। तकरीबन 19 साल पूर्व उन्होंने दूसरी जगह अपना इलाज कराया, जहां पर इलाज के दौरान उनके पैरों का सूजन कम होने लगा। कुछ दिनों बाद उनके पैरों का सूजन ग्रेड दो से एक पर आ गया। जिसके बाद उन्हें कभी कोई बड़ी परेशानी नहीं हुई। लेकिन, अपनी परेशानी देख उन्होंने दूसरे लोगों को इसके बारे में जागरूक करना शुरू कर दिया। वहीं, जब आशा कार्यकर्ता के माध्यम से उन्हें पता चला कि फाइलेरिया के मरीज पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं, तो वो भी उनके इस अभियान में जुड़ गए। जिससे उन्हें काफी संतुष्टि मिलती है।

आईडीए अभियान में भी निभाई महत्वपूर्ण भूमिका : उनके वार्ड की आशा कार्यकर्ता पूनम देवी ने बताया कि मोहन सिंह पेशेंट सपोर्ट ग्रुप से जुड़ने के साथ ही लोगों को जागरूक करने में जुट गए। पीएसजी की मासिक बैठक हो या फिर जागरूकता कार्यक्रम हर जगह तटस्थता

सम्पादकीय

कर्म, भाग्य और जीवन

हमारा अज्ञान हमसे कैसे-कैसे अन्याय करवा लेता है, इसकी कहानी बहुत अजीब है। अभी हाल ही में मुझे समझ आया कि खुद मैं कितना अज्ञानी था और इस अज्ञान से प्रभावित मेरी सोच कितनी दूषित थी। हम सफलता की कहानियां पढ़ते हैं और उनसे सीखने की कोशिश करते हैं। हम असफलता की कहानियां पढ़ते हैं और असफल लोगों द्वारा की गई गलतियों का विश्लेषण करते हैं तथा उन गलतियों से बचने की कोशिश करते हैं। जो आदमी सफल हो जाता है उसके बारे में हम मान लेते हैं कि उसने अनुभव से या प्रशिक्षण के माध्यम से सही फैसला लेने की तकनीक सीख ली है और जो व्यक्ति असफल हो जाता है उसके बारे में हम धारणा बना लेते हैं कि उसमें अनुशासन की कमी थी, लोगों से व्यवहार सही नहीं था, और उसने अहंकारवश गलत फैसले लिए, वगैरहए वगैरह। लेकिन अगर और बारीकी में जाएं तो हमें समझ आ जाता है कि हमारी धारणा पूर्वाग्रह ग्रसित थी। दरअसल हर सफलता और असफलता में मेहनत, कौशल, अनुशासन, निरंतरता और भाग्य की भूमिका होती है। समस्या यह है कि यह सुनिश्चित कर पाना संभव नहीं है कि इसमें भाग्य की भूमिका कितनी बड़ी है। कभी-कभी तो यह लगता है कि एक विशेष संयोग ही किसी खास सफलता या असफलता का कारण बना। आइए, इसे कुछ उदाहरणों से समझने की कोशिश करते हैं। हम बिल गेट्स की सफलता की कहानियां पढ़ते हैं, उनकी समृद्धि के चर्चे सुनते हैं और सुनाते हैं। पर क्या हमने उनके जीवन वृत्त को समग्रता में समझने की कोशिश की है? संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के मुताबिक सन् 1968 में विश्व भर में हाई स्कूल की उम्र के बच्चों की संख्या सवा तीस करोड़ के आसपास थी। इनमें से लगभग एक करोड़ अस्सी लाख बच्चे अमेरिका में रहते थे। इनमें से भी लगभग पौने तीन लाख बच्चे वाशिंगटन राज्य में रहते थे। इन बच्चों में से एक लाख बच्चे सियेटल क्षेत्र के निवासी थे।

इन एक लाख बच्चों में से 300 बच्चे लेकसाइड स्कूल के विद्यार्थी थे। लेकसाइड स्कूल उस समय विश्व का अकेला ऐसा स्कूल था जिसके पास कंप्यूटर भी था और लेकसाइड स्कूल के विद्यार्थी के रूप में बिल गेट्स को कंप्यूटर चलाना सीखने और कंप्यूटर का प्रयोग करने की सुविधा उपलब्ध थी। यह सुविधा हाई स्कूल जाने की उम्र के सवा तीस करोड़ बच्चों में से केवल 300 बच्चों को उपलब्ध थी और बिल गेट्स उनमें से एक थे। क्या यह भाग्य नहीं है? सन् 2005 में अपने स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खुद बिल गेट्स ने स्वीकार किया कि अगर लेकसाइड स्कूल न होता तो माइक्रोसॉफ्ट भी न होती। माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना में ही नहीं, उसके सह-संस्थापकों के चुनाव में भी भाग्य की भूमिका रही है। स्कूल में केंट इवान्स और बिल गेट्स पक्के दोस्त थे। दोनों को स्कूल का कंप्यूटर उपलब्ध था। दोनों दोस्त कंप्यूटर के दीवाने थे और कंप्यूटर के प्रयोग में सिद्धहस्त थे। केंट इवान्स और बिल गेट्स में गहरी छनती थी और दोनों घंटों बतियाते रहते थे।

दुर्भाग्यवश पर्वतारोहण के एक कार्यक्रम में केंट इवान्स की मृत्यु हो गई, वरना माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापकों में बिल गेट्स और पॉल एलेन के अलावा केंट इवान्स का भी नाम होता। भाग्य ने केंट से यह अवसर छीन लिया। हां, यह किस्मत ही थी, और आज हम यह समझने की कोशिश करेंगे कि किस्मत बनती कैसे है? किसी व्यक्ति की सफलता और असफलता में भाग्य की भी भूमिका होती ही है, पर उसका अनुपात क्या था, इसे तय करना हमारे लिए मुमकिन नहीं है। अक्सर हम बाकी सारे घटकों को जानते हैं, उनका विश्लेषण करते हैं, पर उसमें शामिल भाग्य की भूमिका के बारे में नहीं सोचते। जब कोई दूसरा व्यक्ति सफल होता है तो इसका श्रेय हम उसकी मेहनत, अनुशासन और योग्यता को देते हैं, लेकिन जब खुद हम किसी काम में असफल हो जाते हैं तो हम सारा दोष भाग्य को देते हैं, संयोगों को देते हैं। ऐसे बहुत से उदाहरण हैं कि दो लोगों ने एक सरीखा निर्णय किया और भाग्य ने एक को सफल बना दिया जबकि दूसरा उसी सफलता के लिए तरसता रह गया। मेहनत और योग्यता के बावजूद कोई व्यक्ति असफल हो सकता है और मेहनत तथा योग्यता के साथ भाग्य के साथ के कारण कोई व्यक्ति सफल हो सकता है। मैं मेहनत और योग्यता की भूमिका पर सवाल नहीं उठा रहा। मैं बस यह कह रहा हूं कि इसमें भाग्य की भूमिका को भी कम करके न आंका जाए। मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं? मैं भाग्य की भूमिका की वकालत क्यों किए जा रहा हूं? इसके पीछे एक स्पष्ट और सुविचारित उद्देश्य है और वह उद्देश्य यह है कि हम समझ लें कि किसी सफल आदमी की हूबहू नकल के बावजूद हम असफल हो सकते हैं क्योंकि कोई जरूरी नहीं कि हमारे साथ भी वो सुखकर संयोग जुड़ जाएं जो उसके साथ जुड़े थे। इसी तरह किसी असफल आदमी के बारे में बात करते हुए हम उसकी मेहनत और योग्यता पर सवाल उठाने से पहले उसके साथ घटे संयोगों की भूमिका को न नकारें तो हमारा व्यवहार कहीं ज्यादा संतुलित होगा। इसी बात को थोड़ा और आगे बढ़ाएं तो यह कह सकते हैं कि हमें किसी सफल व्यक्ति का शैदाई होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि हम नहीं जानते कि कहां-कहां भाग्य ने उसके पक्ष में काम किया और किसी असफल व्यक्ति की आलोचना भी जायज नहीं है क्योंकि हम नहीं जानते कि भाग्य ने उसके साथ कहां डंडी मार दी, कहां खिलवाड़ कर लिया।

हम इसे समझ लेंगे तो किसी की प्रशंसा या आलोचना में आवश्यक संयम बरतेंगे और किसी एक चरम की ओर, एक्सट्रीम की ओर झुकने की गलती नहीं करेंगे। इस सारे विश्लेषण का मंतव्य ही यही है।

गीता प्रेस पर राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण

श्रीराम माहेश्वरी

विश्व भर में आध्यात्मिक चेतना जगाने के लिए अग्रणी तथा सनातन संदेशों की प्रचारक प्रकाशक संस्था है गीताप्रेस। गोरखपुर का यह प्रकाशन अपने स्वर्णिम इतिहास के 100 वर्ष पूरे कर रहा है। बीते 100 वर्षों में अनगिनत आर्थिक कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद गीता प्रेस द्वारा लागत से कम मूल्य पर गीता रामायण तथा अनेक ग्रंथों पुस्तकों को करोड़ों की संख्या में प्रकाशित कर घर-घर पहुंचाने का श्रम साध्य कार्य किया है। भारतीय संस्कृति की रक्षा का संकल्प लेकर सनमार्ग पर चलते हुए जो संस्था जनमानस के कल्याण की भावना से निर्विवाद रूप से अपनी यात्रा के 100 वर्ष पूर्ण कर रही हो, उस पर राजनीति करना या उस पर लांछन लगाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह एक प्रकार से विरोधियों की कुमति की परिणति ही कही जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गांधी शांति पुरस्कार 2021 गीता प्रेस गोरखपुर को देने का निर्णय लिया गया। इसकी घोषणा केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा की गई है। घोषणा के बाद कांग्रेस के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश का ट्वीट आता है। जिसमें वे इस निर्णय का विरोध करते है। वे गीता प्रेस की तुलना गोडसे और वीर सावरकर से करते हुए इस निर्णय का उपहास करते हैं। इससे उनकी ओछी मानसिकता और सतही समझ प्रमाणित होती है। कुछ नेताओं ने शायद सस्ती लोकप्रियता के लिए हर अच्छे कार्यों का विरोध करना अपनी आदत में शुमार कर लिया लगता है। इससे भी बड़े आश्चर्य की बात यह है कि जयराम रमेश के ट्वीट का कांग्रेस पार्टी ने ना खंडन किया है और ना समर्थन। यानी कि वह असमंजस में है। यदि वह समर्थन करती है तो करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं की नाराजगी उसे झेलना पड़ सकती है और यदि खंडन करती है तो तुष्टीकरण की भावना को ठेस पहुंचाती है। ऐसे में वह दो नावो पर सवार होकर नहीं चल सकती है। उसे निर्णय करना होगा कि वह जनमानस की भावनाओं के साथ है या विरोधी मानसिकता की पैरोकार।

कांग्रेस पार्टी को यह स्मरण होना चाहिए कि गीता प्रेस के उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 1992 में पूज्य श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार पर डाक टिकट जारी किया गया था। तब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। वर्ष 1936 में गोरखपुर में बाढ़ आई थी, तब नेहरू जी को वाहन की आवश्यकता थी। उस समय नेहरू जी को वाहन उपलब्ध न कराने का अंग्रेजों ने ऐलान किया था। इसकी परवाह ना करते हुए श्री पोद्दार जी ने मानवता को सर्वोपरि मानते हुए नेहरू जी को वाहन उपलब्ध कराया था। दूसरी बात, जब गीताप्रेस की कल्याण मासिक पत्रिका शुरू हुई तब पहले तीन पेज महात्मा गांधी जी ने लिखे थे। इसकी पहली प्रति जब पोद्दार जी ने गांधी जी को सौंपी तब उन्होंने पत्रिका को व्यक्ति पूजा और विज्ञापन से दूर उसे रखने की हिदायत दी थी। इन दो बातों का अभी तक पालन हो रहा है। महात्मा गांधी जी और कांग्रेस पार्टी से जुड़ी इन घटनाओं से स्पष्ट है कि पूर्व काल में कांग्रेस पार्टी गीता प्रेस के विरोध में नहीं रही है। फिर अभी विरोध का क्या कारण है। क्या पीएम मोदी का विरोध करना कुछ नेताओं की आदत बनती जा रही है या सस्ती लोकप्रियता के लिए यह सब किया जा रहा है। सच जो भी हो परंतु यह तय है कि देश के करोड़ों लोग विरोधी मानसिकता से जुड़े तथाकथित नेताओं के बयानों की सच्चाई जानने लगे हैं।

शेयर निवेश-मेडिकल क्षेत्र के शिखर पर भी जाता यूपी

पहली खबर आई कि बीते अप्रैल महीने में शेयर बाजार से जुड़ने वाले नए निवेशकों की संख्या के मामले में यूपी ने देश की आर्थिक राजधानी वाले राज्य महाराष्ट्र तक को पीछे छोड़ दिया है। बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) के मुताबिक, नए डीमैट खाते खोलने में यूपी ने महाराष्ट्र के अलावा भी सभी अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। इस तरह से यू.पी. की एक साल में 37% की बढ़त हुई है। इसी अवधि में महाराष्ट्र की ग्रोथ 20%, गुजरात की 15%, राजस्थान की 26% और कर्नाटक की 20% ही रही है। शेयर बाजार में यूपी की ठसक लगातार ही बढ़ रही है। शेयर बाजार के गढ़ महाराष्ट्र को ही यूपी वालों ने सीधी टक्कर दे दी है। बीएसई के मुताबिक एक साल में यूपी से 35 लाख नए निवेशकों ने शेयर बाजार में प्रवेश किया है। हालांकि एक समय था जब महाराष्ट्र और कर्नाटक दोनों राज्यों को शेयर बाजार की जान माना जाता था।

आर.के. सिन्हा
लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

बीते दिनों उत्तर प्रदेश (यूपी) को लेकर दो बड़ी खबरें आईं, जिसने देश के सबसे बड़े सूबे की एक अलग ही छवि दुनिया के समक्ष पेश की। पहली खबर आई कि बीते अप्रैल महीने में शेयर बाजार से जुड़ने वाले नए निवेशकों की संख्या के मामले में यूपी ने देश की आर्थिक राजधानी वाले राज्य महाराष्ट्र तक को पीछे छोड़ दिया है। बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) के मुताबिक, नए डीमैट खाते खोलने में यूपी ने महाराष्ट्र के अलावा भी सभी अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। इस तरह से यू.पी. की एक साल में 37% की बढ़त हुई है। इसी अवधि में महाराष्ट्र की ग्रोथ 20%, गुजरात की 15%, राजस्थान की 26% और कर्नाटक की 20% ही रही है। शेयर बाजार में यूपी की ठसक लगातार ही बढ़ रही है। शेयर बाजार के गढ़ महाराष्ट्र को ही यूपी वालों ने सीधी टक्कर दे दी है। बीएसई के मुताबिक एक साल में यूपी से 35 लाख नए निवेशकों ने शेयर बाजार में प्रवेश किया है। हालांकि एक समय था जब महाराष्ट्र और कर्नाटक दोनों राज्यों को शेयर बाजार की जान माना जाता था। शेयर बाजार में यूपी के बढ़ते कदम के लिए राज्य की जनता की आय बढ़ने, महिलाओं का बाजार में रुझान और जोखिम की क्षमता उठाने की प्रकृति प्रमुख वजहें हैं। शेयर बाजार के कुल कारोबार में सालाना 1.28 लाख करोड़ का धंधा मात्र यूपी से हो रहा है। इसमें भी 30% की वृद्धि हुई है। इस बीच, अगर हम बीते कुछ सालों पर नजर दौड़ाएं तो यूपी से 2021-22 में 92 लाख निवेशक थे। यह आंकड़ा 2022-23 में हो गया 1.27 करोड़।

दूसरी खबर नीट-यूजी से जुड़ी है। डॉक्टरी में दाखिले के लिए आयोजित इस परीक्षा में यूपी के अभ्यार्थियों ने सर्वाधिक बाजी मारी। इस वर्ष के परिणाम में सबसे ज्यादा संख्या यूपी के विद्यार्थियों की रही। महाराष्ट्र और राजस्थान दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इन दोनों खबरों ने बदलते हुए उत्तर प्रदेश में हो रहे विकास की प्रत्यक्ष तस्वीर हमारे सामने रख दी है।

इस बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के नीट-यूजी रिजल्ट में इस साल सबसे अधिक यूपी के स्टूडेंट पास हुए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान का स्थान है। लगभग 20.38 लाख में से कुल 11.45 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। बात संख्या की करें तो यूपी की इस सफलता का वजन और चमक दोनों ज्यादा महूसस होगा। यूपी में सबसे अधिक 1.39 लाख, महाराष्ट्र में 1.31 लाख और राजस्थान में एक लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र देश के दो सबसे अधिक आबादी वाले राज्य हैं, जबकि राजस्थान भी जनसंख्या के मामले में शीर्ष दस राज्यों में आता है। शीर्ष पांच में केरल और कर्नाटक दो अन्य राज्य हैं, जिनमें से प्रत्येक ने 75,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

नीट-यूजी देश की बड़ी और प्रतिष्ठित प्रतियोगिता परीक्षा है। यह परीक्षा भारत के बाहर 14 शहरों झ आबूधाबी, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, दुबई और कुवैत सिटी में आयोजित की गई थी। गौरतलब है कि नीट-यूजी के अंकों के आधार पर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाता है। परीक्षा 13 भाषाओं असमिया, बांग्ला, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित की गई थी। बेशक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यानथ के नेतृत्व वाली सरकार के लिए भी यह बड़ी उपलब्धि है। दिलचस्प है कि कुछ वर्ष पहले तक बीमारू राज्यों में शामिल यूपी आज एक अग्रणी और स्मार्ट नीति के सफल कार्यान्वयन के साथ तेजी से विकास कर रहा है। देश के जीडीपी में राज्य आठ प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है। यूपी सरकार ने आगामी पांच वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में एक ट्रिलियन डॉलर के योगदान का लक्ष्य निर्धारित किया है। यानी, भारत के विकास की इस रेलगाड़ी के लिए देश का सबसे बड़ा सूबा उत्तर प्रदेश ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है।

जिस प्रदेश के युवा अपने प्रोफेशनल शिक्षा और भविष्य को लेकर इतने जागरूक हों, वहां कारोबारी दशा भी साथ के साथ बेहतर होगी, ऐसा मानकर चलने की बात हवाई नहीं, बल्कि इसके कई तार्किक आधार हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के माध्यम से करीब 35 लाख करोड़ के इन्वेस्टमेट प्रस्ताव पाने वाला यूपी अपने एक ट्रिलियन इकॉनमी बनने के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है। उसके इस संकल्प में प्रदेश के युवा भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। तभी तो उसने शेयर बाजार में नए निवेशकों की संख्या के मामले में देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले राज्य महाराष्ट्र और गुजरात को पीछे छोड़ दिया है।

करीब 20 करोड़ जनसंख्या वाले यूपी में अबतक तो शेयर बाजार में कारोबार करने की सीमित संस्कृति ही रही है। इतना ही नहीं साल 2018-19 में वैश्विक महामारी से पहले महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था 25.7 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया था। इसकी तुलना में यूपी की अर्थव्यवस्था का अनुमान 15.8 लाख करोड़ रुपये था। ऐसे में यूपी ने परंपरागत रूप से भारत के निवेशकों का सबसे बड़ा स्रोत माने जाने वाले महाराष्ट्र को भी पीछे छोड़ कर एक नया इतिहास रचा है। यूपी अब न केवल उद्योग के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उभरा है और निवेशकों की पहली पसंद बना है, बल्कि यहां के युवा भी बाजार के ताकाजे को समझते हुए निवेश की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। इस बार यूपी सरकार ने जब करीब 7 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया तो उसमें इस बात की चर्चा खासतौर पर हुई कि सरकार ने समाज के उन वर्गों के भी हित और कल्याण की बात कही, जो अब तक प्रदेश की आर्थिक रचना से बाहर माने जाते थे। विकास का यह सर्व-स्पर्शी और सर्व-समावेशी तकाजा जमीन पर तब और मजबूत हो जाता है, जब इसके साथ सरकार का अपना तंत्र भी सहायक हो जाता है। उत्तर प्रदेश के शेयर बाजार में निवेश और यहां के छात्रों की सफलता के नए तथ्य यूपी में विकास के साथ-साथ बड़े बदलाव की दास्तां बयां करते हैं।

बिखरते कुनबे से कमजोर होता एनडीए

कभी देश के अधिकांश बड़े दल एनडीए का हिस्सा होते थे। मगर आज स्थिति उसके उलट हो गई है। अब एनडीए नाम मात्र का रह गया है। 1998 में कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस विरोधी राजनीतिक दलों को एक छतरी के नीचे लाने के लिए अटल बिहारी बाजपेई की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का गठन किया था। जॉर्ज फर्नांडिस को इसका संयोजक बनाया गया था। 1998 के लोकसभा चुनाव से पूर्व गठित एनडीए में शामिल 16 दलों ने मिलकर चुनाव लड़ा और केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में सरकार बना ली थी। जो मात्र एक साल बाद ही अन्नाद्रमुक के समर्थन वापस लेने से गिर गई थी। 1999 में फिर अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी जो 2004 तक चली थी। गठन के समय एनडीए में छोटे-बड़े कुल 16 राजनीतिक दल शामिल थे। 1999 के चुनाव में 21 दल, 2004 में 12 दल, 2009 में 8 दल, 2014 में 23 दल व 2019 में 20 राजनीतिक दल एनडीए में शामिल होकर एक साथ चुनाव लड़े थे।

रमेश सर्राफ धमोरा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

कहने को तो केंद्र में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार चल रही है। मगर सरकार में शामिल दलों की सूची देखें तो एनडीए के नाम पर इक्का-दुक्का छोटे दलों को छोड़कर कोई भी बड़ी पार्टी केंद्र सरकार में शामिल नहीं है। कभी देश के अधिकांश बड़े दल एनडीए का हिस्सा होते थे। मगर आज स्थिति उसके उलट हो गई है। अब एनडीए नाम मात्र का रह गया है। 1998 में कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस विरोधी राजनीतिक दलों को एक छतरी के नीचे लाने के लिए अटल बिहारी बाजपेई की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का गठन किया था। जॉर्ज फर्नांडिस को इसका संयोजक बनाया गया था। 1998 के लोकसभा चुनाव से पूर्व गठित एनडीए में शामिल 16 दलों ने मिलकर चुनाव लड़ा और केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में सरकार बना ली थी। जो मात्र एक साल बाद ही अन्नाद्रमुक के समर्थन वापस लेने से गिर गई थी। 1999 में फिर अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी जो 2004 तक चली थी। गठन के समय एनडीए में छोटे-बड़े कुल 16 राजनीतिक दल शामिल थे। 1999 के चुनाव में 21 दल, 2004 में 12 दल, 2009 में 8 दल, 2014 में 23 दल व 2019 में 20 राजनीतिक दल एनडीए में शामिल होकर एक साथ चुनाव लड़े थे।

मगर अब एनडीए की स्थिति बहुत कमजोर हो गई है। एनडीए में शामिल अधिकांश बड़े राजनीतिक दल भाजपा से गठबंधन तोड़ कर अलग हो गए हैं। वर्तमान समय में एनडीए में छोटे बड़े मिलाकर कुल 13 राजनीतिक पार्टियां शामिल हैं। जिस में भी बहुत सी पार्टियां नाम मात्र की ही हैं। एनडीए के कुनबे की बात करें तो इसमें भाजपा के अलावा अपना दल (सोनेलाल), ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन, नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी, मिजो नेशनल फ्रंट, नागा पीपुल्स फ्रंट, लोक जनशक्ति पार्टी, शिवसेन (शिंदे), सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, अखिल भारतीय एनआर कांग्रेस, अन्नाद्रमुक, पीएमके, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) जैसी पार्टियां शामिल है।

2019 के लोकसभा चुनाव के बाद शिरोमणि अकाली दल, जनता दल (यूनाइटेड), शिवसेना, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी जैसे कई दलों ने भाजपा का साथ छोड़ दिया है। एनडीए छोड़ने वाले सभी दलों ने भाजपा नेतृत्व पर आरोप लगाया कि वह अपनी मनमानी करता है। एनडीए गठबंधन नाम मात्र का रह गया है। सारे फैसले भाजपा नेतृत्व ही करता है। 2019 में शिवसेना ने एनडीए में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। मगर बाद में राज्य विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के पद को लेकर विवाद होने के बाद शिवसेना ने एनडीए छोड़कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी व कांग्रेस के साथ मिलकर महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी बनाकर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में सरकार बना ली। हालांकि भाजपा ने शिवसेना में ही फूट डलवा कर एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनवा दिया। इसी तरह बिहार में मुकेश साहनी की वीआईपी पार्टी के तीनों विधायकों को तोड़कर भाजपा में विलय करा लिया। उत्तर प्रदेश में भी ओमप्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी एनडीए से बाहर निकल गई थी।

कभी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की द्रुमक, उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बीजू जनता दल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस, तेलुगू देशम पार्टी, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की जनता दल (सेकुलर), तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की तेलंगाना राष्ट्र समिति, बिहार में उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, हरियाणा जनहित कांग्रेस, तमिलनाडु की डीएमडीके, पीएमके, महाराष्ट्र का स्वाभिमानी पक्ष, बिहार में जीतन राम मांझी की हम पार्टी एनडीए का हिस्सा थी। आज ये सभी पार्टियां भाजपा से दूर जा चुकी है।

शिरोमणि अकाली दल और राजस्थान की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी तो किसान आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार की नीतियों से खफा होकर एनडीए को छोड़ा था। शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरन कौर ने केंद्रीय मंत्री का पद भी छोड़ दिया था। उसके बाद पंजाब में हुए विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा व शिरोमणि अकाली दल ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। 2019 में राजस्थान की नागौर सीट हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को देकर भाजपा ने उससे समझौता किया था। मगर अब हनुमान बेनीवाल भी अपनी एकला चलो की नीति पर काम कर रहे हैं। वह राजस्थान में खुलकर भाजपा के खिलाफ बोल रहे हैं और भाजपा को उखाड़ने में लगे हैं। वर्तमान में देश के दस प्रदेशों में भाजपा के मुख्यमंत्री हैं व 5 प्रदेशों में भाजपा नीत गठबंधन के मुख्यमंत्री शासन कर रहे हैं। वही देश के चार प्रदेशों में कांग्रेस व 3 प्रदेशों में कांग्रेस यूपीए गठबंधन के मुख्यमंत्री शासन कर रहे हैं।

अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात, गोवा, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में भाजपा के मुख्यमंत्री हैं। वही सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के प्रेम सिंह तमांग, नागालैंड में नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के नेफ्यू रियो, मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी के कानराड संगमा, महाराष्ट्र में शिवसेना (शिंदे) गुट के एकनाथ शिंदे, पुडुचेरी में अखिल भारतीय एनआर कांग्रेस के एन रंगास्वामी मुख्यमंत्री है।

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा में बहुमत नहीं मिलने पर वहां जननायक जनता पार्टी के दुष्यंत चौटाला को उपमुख्यमंत्री तथा कुछ निर्दलीय विधायकों को मंत्री बनाया गया था। उत्तर प्रदेश में अपना दल व निषाद पार्टी के विधायक भी मंत्रिमंडल में शामिल है। असम में असम गण परिषद व यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल सरकार में शामिल है। गोवा में भाजपा को पिछले विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत नहीं मिला था इस कारण वहां महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी व निर्दलीयों के सहारे से भाजपा की सरकार चल रही है। त्रिपुरा में इंडिजिनियस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा का एकमात्र विधायक शुक्ला चरण नोएतिया भी सरकार में शामिल है।

कभी कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, बालासाहेब ठाकरे, जॉर्ज फर्नांडीज, शरद यादव, नवीन पटनायक, चंद्रबाबू नायडू, जे जयललिता, प्रकाश सिंह बादल, शिबू सोरेन, ममता बनर्जी, प्रमोद महाजन जैसे दिग्गज नेताओं ने एनडीए का गठन किया था। उनका यह प्रयोग सार्थक भी साबित हुआ था। गठन के कुछ समय बाद ही एनडीए की केंद्र में सरकार भी बन गयी थी। बाद में एनडीए की सरकार को हटाने के लिए ही कांग्रेस ने यूनाइटेड प्रोग्रेसिव एलायंस (यूपीए) का गठन किया था। कांग्रेस के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने दस वर्षों तक यूपीए एक और यूपीए दो कि सरकार चलायी थी।

भाजपा जैसे-जैसे मजबूत हो रही है वैसे वैसे ही एनडीए गठबंधन कमजोर होता जा रहा है। भाजपा अपने अधिकांश पुराने साथियों की एनडीए से विदाई कर चुकी हैं। मगर 2024 के लोकसभा चुनाव में संघर्ष कड़ा होता देख भाजपा को फिर से एनडीए के साथियों की याद आने लगी है। इसीलिये भाजपा फिर अपने पुराने साथियों को एनडीए में लाने का प्रयास कर रही है। लेकिन भाजपा की फितरत से वाफिक दल शायद ही फिर एनडीए में लौटे। फिलहाल तो ऐसा ही लग रहा है।

क्यों मोबाइल फोन के क्षेत्र में भारत की प्रगति मैन्यूफैक्चरिंग की दृष्टि से एक बड़ी सफलता है

राजेश कुमार सिंह एवं कुमार वी. प्रताप

हाल में अखबारों में छपे कई लेखों ने इस आशय की एक धारणा बनाने की कोशिश की है कि भारत में कम मूल्यवर्धन के कारण मोबाइल फोन के निर्यात को बढ़ावा देने में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की भूमिका संदिग्ध रही है।

इस तरह की आलोचना में निम्नलिखित प्रमुख तत्व शामिल होते हैं: - केवल सीमा शुल्क की ऊंची दर लागू करने के कारण ही मोबाइल का शुद्ध आयात सकारात्मक हो गया है; पीएलआई योजना के तहत किए जाने वाले प्रोत्साहन का भुगतान भारत में होने वाले मूल्य वर्धन से अधिक हो सकता है; पीएलआई योजना की घोषणा के बाद से भारत आयात पर निर्भर हो गया है और इस बात का नए सिरे से मूल्यांकन करने की जरूरत है कि पीएलआई योजनाओं के तहत नौकरियां सृजित की गई हैं या नहीं और ऐसी नौकरियों के लिए संबद्ध लागत क्या रहीं हैं। तर्क के ये बिंदु काफी हद तक गलत हैं, जैसाकि निम्नलिखित विस्तृत व्याख्या से स्पष्ट है:

सीमा शुल्क नीति में बदलाव उत्पादन और निर्यात संबंधी घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने की एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। वर्ष 2015 की तुलना में, अब भारत में उपयोग किए जा रहे 99.2 प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट भारत में ही निर्मित हैं।

पीएलआई के तहत प्रोत्साहन छह प्रतिशत भी नहीं है (यह चरणबद्ध तरीके से दो प्रतिशत से भी कम हो जाएगा) और यह केवल वृद्धिशील उत्पादन पर लागू है। पीएलआई योजना के लाभार्थियों की बाजार हिस्सेदारी जहां मात्र 20 प्रतिशत थी, वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान मोबाइल फोन के निर्यात में उनकी भागीदारी 82 प्रतिशत थी। विश्लेषणों से यह पता चलता है कि मॉडल और जटिलता के आधार पर मोबाइल में घरेलू मूल्यवर्धन 14-25 प्रतिशत के बीच है। चार्जर, बैटरी पैक, हेडसेट, मैकेनिक्स, कैमरा मॉड्यूल, डिस्प्ले असेंबली से जुड़ी सब-असेंबली एवं आपूर्ति श्रृंखला के मामले में ठोस विकास देखा जा रहा है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को भारत में स्थानांतरित किए जाने के अलावा पश्चिमी यूरोप, अमेरिका और विकसित एशिया सहित निर्यात के लिए नए बाजारों का समावेश किया गया है। घटकों से जुड़े इकोसिस्टम में भी सकरात्मक बदलाव दिखाई दे रहे हैं। इस इकोसिस्टम में टाटा जैसी बड़ी भारतीय कंपनियां प्रवेश कर चुकी हैं और इस प्रकार, इस तरह के नीतिगत हस्तक्षेप से पैदा होने वाली बाह्यताएं महत्वपूर्ण हो गई हैं।

हमें इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि पीएलआई योजना के अभाव में मोबाइल एवं उसके घटकों के आयात का क्या हश्र हुआ होता और जैसाकि अन्य देशों के अनुभवों से स्पष्ट है, इनकी आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने में कितना समय लगा होता। चीन ने 25 वर्षों में 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग तैयार किया है, लेकिन अभी भी उसके पास सेमीकंडक्टर्स, मेमोरी और ओएलईडी डिस्प्ले जै

संक्षिप्त खबरें

नाना के घर आए बच्चे को कुत्तों ने नोचा,गंभीर हालत में दिल्ली रेफर

डिडौली।क्षेत्र के मिठनपुर गांव में नाना के घर आए आठ वर्षीय समीर अहमद पर नलकूप पर नहाते समय कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। उसे बुरी तरह नोच डाला। कुत्तों के हमले से वह लहूलुहान हो गया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने कुत्तों को भगाकर उसे बचाया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।जहां से गंभीर हालत में दिल्ली रेफर कर दिया गया है।रामपुर जनपद के मिलक में राणा शुगर मिल के पास कॉलोनी में किसान मुकीम का परिवार रहता है।उनके परिवार में पत्नी शबाना के अलावा तीन बच्चे हैं। तीसरे नंबर का आठ वर्षीय बेटा समीर अहमद मदरसे में पड़ता है। गर्मियों की छुट्टी के चलते समीर तीन दिन पहले अपनी मां शबाना के साथ डिडौली कोतवाली क्षेत्र के मिठनपुर गांव निवासी अपने नाना ईदा के घर आया हुआ था।बृहस्पतिवार की सुबह समीर बच्चों के साथ गांव से थोड़ी दूर नलकूप पर गया। लेकिन यहां अचानक 10 से 12 कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने समीर अहमद को बुरी तरह नोच डाला। कुत्तों का हमला होने के बाद अन्य बच्चों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। तभी आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर दौड़ आए और लाठी-डंडों से कुत्तों के झुंड को भगाया।घटना में समीर अहमद बुरी तरह लहूलुहान हो गया। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल समीर अहमद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक गांव में कुत्तों का आतंक है।बुधवार की रात गांव की ही रहने वाली कौसर जहां पर भी कुत्तों ने हमला कर दिया था।जिससे वह भी घायल हो गई थी।

ट्रेन की चपेट में आकर मजदूर की हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

गजरौलार।फाजलपुर फाटक के पास बुधवार की रात को ट्रेन की चपेट में आने से कुलदीप (30) पुत्र कलुआ ग्राम मोहनपुर थाना बछरायूं की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भिजवाया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कुलदीप गजरौला में रहकर फाजलपुर फाटक के पास स्थित एक दुकान पर मजदूरी का काम करता था। वह मंडी समिति के पीछे किराए के मकान पर रहता था। बुधवार की रात को रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी बीच वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के बाद इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों के आने के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भिजवा दिया।मौत की सूचना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है।

कुएं से महिला और उसके तीन बच्चों के शव बरामद

उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर कोहडौर थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव में एक कुएं से बृहस्पतिवार को एक महिला और उसके तीन बच्चों के शव बरामद किए गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कोहडौर थाने के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि नरहरपुर गांव के लोगों ने बृहस्पतिवार सुबह नौ बजे के आसपास कुएं में चार शव देखने की सूचना दी, जिसके बाद अग्निशमन कर्मियों को तत्काल घटनास्थल पर भेजा गया और कुएं से चारों शव निकाले गए। कुमार के मुताबिक, मृतकों की पहचान पास के औरंगाबाद गांव की रहने वाली प्रमिला (35) और उसके तीन बच्चों-सलोनी (10), दिव्यांश (5) और शिवांश (3) के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, प्रमिला का पति सोहनलाल मुंबई में मजदूरी करता है।

बिजली कटौती को लेकर आप ने किया प्रदर्शन, बोले गर्मी में बिजली की मार झेल रही जनता

प्रात: किरण, संवाददाता

अमरोहा। कलेक्ट्रेट में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने बिजली की अघोषित कटौती को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके साथ ही आप कार्यकताओं ने भाजपा पार्टी पर वादा खिलाफी करने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव में जनता को 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था, लेकिन आज 10-12 घंटे की अघोषित कटौती की जा रही है। जिसकी वजह से लोग गर्मी में बेहाल हैं। अकेले पूर्वांचल में गर्मी से सैकड़ों लोगों की मौत हुई है। लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। जबकि दिल्ली में आप की सरकार वहां की जनता को 24 घंटे बिजली उपलब्ध करा रही है।आप जिलाध्यक्ष रूप चंद चौहान ने बताया कि प्रदेश में बिजली की अघोषित कटौती हो रही है। जनता बिजली कटौती से परेशान है। पूरे प्रदेश में बिजली कटौती का संकट लोग झेल रहे हैं। गर्मी के वजह से अस्पतालों में लोग भर्ती हो रहे हैं और मौतें हो रही हैं। अकेले पूर्वांचल में सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। अस्पतालों में भर्ती मरीज गर्मी से बेहाल होकर भाग रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण तमाम बीमारियों का शिकार हो रही हैं। यह बेहद दुर्भाग्य है कि 21वीं सदी में लोगों को बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो रही है। बिजली आपूर्ति न होने की वजह से गर्मी के कारण लोगों की मौत हुई है।यह मौत नहीं हत्या है। लोगों की मौत पर भाजपा के मंत्री संवेदनहीन बयान दे रहे हैं, यह दुखद है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली की केजरीवाल सरकार बिना कटौती 24 घंटे बिजली दिल्ली की जनता को उपलब्ध करा रही है। उत्तर प्रदेश की जनता जो की प्रदेश सरकार से जानना चाहती है कि जब दिल्ली की जनता को मुफ्त और बिना कटौती 24 घंटे बिजली उपलब्ध हो सकती है, तो उत्तर प्रदेश की जनता को देश में सबसे महंगी और बिना कटौती 24 घंटे बिजली क्यों नहीं उपलब्ध हो पा रही है।जबकि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश की जनता को मुफ्त और 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था। आखिर यह वादा जुमला क्यों हो गया ? जनता जानना चाहती है। साथ ही कहा कि आज उत्तर प्रदेश में 27000 मेगावाट बिजली की जरूरत है। जबकि मात्र 4000 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। 23000 मेगावाट बिजली बाहर से खरीदी जा रही है। उसके बावजूद 10-12 घंटे की बिजली कटौती होती है। अघोषित बिजली कटौती से लोग बेहद परेशान है। साथ ही जल्द समस्या का समाधान कराने के लिए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन डीएम को सौंपा।इस मौके पर शाहिद हुसैन, कल्लू सिंह, अमर सिंह, विजय, हुकम सिंह, नफीस अहमद, रूपचंद चौहान समेत तमाम आप पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रंग लाने लगा एक कदम सुपोषण की ओर अभियान, ई-कवच पर 16917 पंजीकरण

प्रात: किरण, संवाददाता

अमरोहा। जनपद में चल रहे एक कदम सुपोषण की ओर अभियान का रंग दिखाई देने लगा है।अभियान के दौरान जनपद में अभी तक ई-कवच पर बुधवार (21 जून) तक 16917 गर्भवती पंजीकृत हुई हैं। इनमें से 1473 का पंजीकरण गर्भ की पहली तिमाही में किया गया है और दूसरी तिमाही में 10040 महिलाओं और 5404 धात्री माताओं को पंजीकृत किया गया है।वही अब तक 18.14 लाख आईएफए गोलियां वितरित की जा चुकी हैं।27.58 लाख कैल्शियम की गोलियां गर्भवती को प्रदान की जा चुकी हैं। 8973 महिलाओं को एल्बेंडाजोल गोलियां दी जा चुकी हैं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव सिंघल ने बताया कि 23 महिलाओं को सुक्रोज इंजेक्शन दिया जा चुका है। 268 उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली गर्भवती को चिन्हित किया गया है।उन्होनें बताया एक गर्भवती के अच्छे स्वास्थ्य के लिए सुपोषण पर ध्यान देने की जरूरत होती है। गर्भवती स्वस्थ होगी तभी वह स्वस्थ शिशु को जन्म देगी। मातृ- शिशु मृत्यु दर पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जरूरी है कि गर्भवती स्वस्थ रहे।इसलिए चल रहे 7 जून से ह्लएक कदम सुपोषण की ओरह्व कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। यह कार्यक्रम 6 जुलाई तक चलेगा।अभियान के तहत गर्भवती और धात्री माताओं को चिन्हित कर ई -कवच एप पर पंजीकृत करना और जरूरत के अनुसार उन्हें चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध कराना है।उन्होंने कहा कि गर्भवती-धात्री माताओं और शिशु का स्वास्थ्य, दोनों एक दूसरे के पूरक हैं।गर्भकाल में शिशु अपना भोजन मां के शरीर से प्राप्त करता है और फिर स्तनपान से। गर्भवती व धात्री महिलाएं अपने को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से हरी सब्जियों का सेवन करें। कैल्शियम के लिए दूध-दही का सेवन करें।आशा- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गंभीर तीव्र अति कुपोषित (सैम) बच्चों का चिन्हांकन कर उनका चिकित्सकीय प्रबंधन करेंगी और पुष्टाहार उपलब्ध कराएंगी।

मरीजों को भर्ती न करने वाले चिकित्सकों पर होगी कार्यवाही : जिलाधिकारी

लखनऊ, एजेंसी

जिला अस्पताल पुरूष और महिला अस्पताल में मरीजों को भर्ती न किये जाने की लगातार शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने अस्पतालों के सीएमएस को मरीजों को भर्ती किये जाने के साथ ही बेहतर इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गुरुवार को कहा कि प्रतिदिन ओपीडी व इमरजेंसी में कराये जा रहे भर्ती मरीजों की देखरेख हेतु रोस्टर के अनुसार चिकित्सक करेंगे और निरन्तर भ्रमणशील रहकर उनका समुचित इलाज करेंगे। उन्होंने कहा कि ओपीडी व इमरजेंसी के माध्यम से किये गये भर्ती मरीजों की संख्या व किस बीमारी से ग्रस्त है, नाम, पता, मोबाइल इसकी सूचना प्रतिदिन उपलब्ध करायेंगे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल महिला और पुरूष में भर्ती मरीजों का पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही किसी भी भर्ती मरीजों को बाहर की दवा न लिखी जाये, छुटपुट बीमारी वाले मरीजों को रिफर न किया जाये। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल पुरूष और महिला अस्पताल में मरीजों को चिकित्सक द्वारा उपचार करने या बीमारी से ग्रस्त मरीजों को भर्ती न करने पर जिला प्रशासन को दूरभाष नं0-05162-252201, 05162-257090 पर शिकायतों को दर्ज करा सकते हैं जिससे संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जा सके।

खिलाड़ी खेल को साधना के रूप में खेलें छोटा मार्ग ना चुने:जिलाधिकारी

प्रात: किरण, संवाददाता

अमरोहा। खेलों इण्डिया के अन्तर्गत स्पोर्ट्स स्टेडियम मालीखेडा,अमरोहा में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में एथलेटिक्स किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।खेल किट में ट्रेक शुट, टी शर्ट, निक्कर, दो जोड़ी मौजे और स्पाईक खेल सामग्री वितरित कर जिलाधिकारी ने बच्चों को बधाई शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।जिलाधिकारी महोदय ने प्रेरित करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चे खेल को एक साधना के रूप में खेलें।सतत ईमानदारी के साथ मेहनत कर करें जितना पसीना बहाओगे उतना ही आप मजबूत होंगे। सुविधाओं की आवश्यकता होगी तो पूरी तरह सहायता किया जाएगा।आप लोग इमानदारी से कड़ी मेहनत करें अवश्य सफल होंगे।किसी भी प्रकार के दुर्व्यसन से दूर रहें अपने लक्ष्य को लेकर मेहनत करें रास्ता हमेशा बड़ा चुने छोटा नहीं किसी भी प्रकार की बुराई से दूर रहें सफलता अवश्य मिलेगी।मैं आज जिन बच्चों को यह किट दी गई है उन्हें शुभकामनाएं देता हूं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं आप लोग यदि सफल होंगे तो जनपद प्रदेश और देश का नाम रोशन कर अपना परचम लहराएंगे और परिवार का मान बढ़ाएंगे और आपका भी मान सम्मान बढ़ेगा आप अच्छे नागरिक बन कर अपना भविष्य उज्जवल कर सकेंगे।खिलाड़ी खेल में सफलता के लिए छोटा मार्ग न अपनाने की सीख देते हुए निरन्तर कठिन परिश्रम और साधना के साथ अभ्यास करने पर जिलाधिकारी ने बल दिया। जिलाधिकारी ने सभी प्रशिक्षकों, अध्यापकों,खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी।उक्त कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, एस डी ओ अमित कुमार त्यागी, प्रधानाचार्य पवन कुमार त्यागी,मनोनीत सैनी प्रबनधक प्रथमा बैंक अमरोहा,सुरेन्द्र पूर्व प्रधानाचार्य,डॉक्टर संजीव कुमार चौहान,राजवीर सिंह, लक्ष्य त्यागी, कुलदीप सिंह एथलेटिक्स कोच खेलों इण्डिया, पुरजीत सिंह, डॉक्टर जे के पुष्कर, राजदीप सिंह, विकास त्यागी,विरेन्द्र प्रताप सिंह,उपस्थित रहे।खिलाड़ियों को जिनको एथलेटिक्स किट वितरित की गई उनमें अलफिशा, अंजली, छाया, महक, सोफिया, शबाना, शिफा, विजय लक्ष्मी, वंशिका, नैंसी, अंशु, अमन, अमित, कृष, मोहम्मद शानिब, विलाल, परवेज, सोहिल, मनोज, शिवम, विमान, उवैस कौसिन्दर, आरिहन्त, जीतू, अर्स, रविदत्त, विवेक, सौरव, आदित्य हैं। उक्त कार्यक्रम का संचालन श्री सुरेन्द्र सिंह ने किया।

तालाब में नहाते समय प्रधान के भाई की मौत,परिवार में मचा कोहराम

प्रात: किरण, संवाददाता

आदमपुर।थाना क्षेत्र के गांव भुवरा निवासी विकास पुत्र नत्थू सिंह उम्र 25 वर्ष कस्बा बागजोर उर्फ मिजार्पुर जनपद नारनोल मैं मेहनत मजदूरी करता था और बुधवार की दोपहर 2 बजे गर्मी होने के कारण पास के ही स्थित तालाब में नहाने गया था और संतुलन बिगड़ने से उसकी गहरे पानी में डूब कर मौत हो गई जिसके बाद मृतक के शव का राजस्थान पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया जिसके बाद परिजन मृतक के शव को गांव लेकर पहुंचे और मृतक के शव पहुंचने पर परिवार में चीख-पुकार मच गई।प्रधान के भाई की मौत की सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई और मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बताया जाता है कि कस्बा बागजोर उर्फ मिजार्पुर, जनपद नारनोल मैं मेहनत मजदूरी करता था और और अभी 6 माह पहले ही मृतक की शादी हुई थी मृतक की पत्नी अंगूरी का भी रो रो कर बुरा हाल।ग्राम प्रधान डोरीलाल ने बताया कि विकास राजस्थान के जनपद नारनौल के कस्बा बागजोर उर्फ मिजार्पुर में मेहनत मजदूरी करता था और दो बुधवार की दोपहर 2 बजे पास के ही स्थित तालाब में नहाने गया था और उसको तैरना नहीं आता था और गहरे पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई।

प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से मनुष्य दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन जी सकता है : आनंदी पटेल

- राज्यपाल अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के सम्मेलन में शामिल हुई

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरूवार को कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा का प्रदुर्भाव प्रकृति के साथ ही हुआ है। प्राकृतिक चिकित्सा प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जिसका उल्लेख हमारे वेदों और पुराणों में मिलता है। प्राकृतिक चिकित्सा रोगों के निदान का संसाधन मात्र नहीं बल्कि एक जीवन दर्शन भी है। राज्यपाल अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के 40वें राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रही थी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर स्थित गांधी अध्ययनपीठ सभागार में आयोजित भारतीय ज्ञान परम्परा एवं प्राकृतिक चिकित्सा का गांधीवादी मार्ग विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन का राज्यपाल ने उदघाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति का प्रभाव कोविड काल के दौरान देखने को मिला। जहां दवाइयों का असर नहीं हो रहा था, वहीं जड़ी बूटी और योग ने जीवन रक्षा में अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को आधुनिक भारतीय चिकित्सा पद्धति में प्राकृतिक चिकित्सा का प्रथम चिकित्सक माना गया है। हमने अपने परंपरागत भोजन परम्परा को त्याग कर जंक फूड लेना शुरू किया उसका दुष्परिणाम आज सामने है। अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर शंकर कुमार सान्याल ने राज्यपाल का स्वागत कर कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पूर्णतः वैदिक विज्ञान पर आधारित है, जो प्रकृति के पंचभुतों पर आधारित है जिसमे किसी प्रकार का जोखिम नहीं है। पर्यावरण प्रदूषण के इस दौर मंम प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति बहुत महत्वपूर्ण है। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रोफेसर ए. के. त्यागी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा अद्भुत है जिसको सही स्वरूप में प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षा उसी ज्ञान परम्परा का एक महत्वपूर्ण भाग है। दिनचर्या एवं खानपान में प्रकृति के साथ समन्वय अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विश्वविधालय में आगामी सत्र में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा से सम्बन्धित विषयों के संचालन की योजना है। कार्यक्रम का शुभारम्भ महात्मा गांधी एवं राष्ट्र रत्न बाबू शिवप्रसाद गुप्त की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा पुष्पार्चन एवं कलश जल भरण के साथ हुआ। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रुप में शोभित यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र, पूर्व कुलपति तथा निदेशक शेपा, प्रो० पृथ्वीश नाग, कुलसचिव काशी विद्यापीठ डा० सुनीता पाण्डेय, संपूणानंद संस्कृत विवि के कुलसचिव राजेश कुमार की भी मौजूदगी रही।

नालियों व जलभराव वाले स्थलों में एंटिलार्वा व चूना का छिड़काव आवश्य करें।जिलाधिकारी

प्रात: किरण, संवाददाता

अमरोहा। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के सम्बंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दिमागी बुखार पर रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। कार्ययोजना के अनुरूप सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन ठीक से करें। अभियान सफल हो घर घर तक जागरूकता पहुँचना चाहिए कोई बहाना नहीं चलेगा कोई अपना कार्य नहीं है सरकार का कार्य है सबको करना है । मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाएं निरीक्षण करेंगे और रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।जिला पंचायतराज अधिकारी ग्रामीण में व अधिशासी अधिकारी नगर निकायों में नालियों व जलभराव वाले स्थलों में नियमित अभियान चलाकर फॉगिंग चूना व एंटिलार्वा दवा का छिड़काव कराया जाय । जो नालियां हैं उनमें ढक कर रखा जाए रोड के किनारे साफ सफाई हो कोई घास व झाडी न हो।गन्दगी ही सफाई की जड़ है संचारी रोगों की इसमें अभियान चलाकर कार्य किया जाए।बैठक में डीएम ने कहा कि शासन के निर्देश पर संचारी रोग के लिए अभियान चलाया जाएगा। 17 जुलाई से 31जुलाई तक दस्तक अभियान के तहत घर-घर सर्वे कर टीबी, फ्लू, बुखार के रोगियों व कुपोषित बच्चों का सर्वे कर दस्तक अभियान के तहत संचारी रोग के मरीजों की चिन्हित कर उपचार किया जाएगा।जिलाधिकारी ने इस अभियान में विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में जिम्मेदारी का अहसास कराया। ग्राम विकास, पंचायतीराज, शिक्षा विभाग, दिव्यांग कल्याण, पशुपालन सहित कृषि विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों, विद्यालय में बच्चों को साफ-सफाई के संबंध में जागरूक करने, मच्छरों से बचाव की जानकारी, छिड़काव, झाड़ियों की कटाई, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की समीक्षा करते हुए जिम्मेदारी तय कर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। वैठक के अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी श्री अमरेन्द्र प्रताप अपर जिलाधिकारी श्री भगवान शरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री राजीव सिंघल जिला कार्यक्रम अधिकारी एसीएमओ सहित सभी संबंधित अधिकारीगण व डॉक्टर उपस्थित रहे।

उप्र के लखनऊ समेत 42 जिले में मौसम का अलर्ट, तेज बरसात की उम्मीद

लखनऊ, एजेंसी

बिपरजॉय के चलते मौसम में आए बदलाव का असर उत्तर प्रदेश में भीषण बारिश के रूप में दिखने लगा है। यह बारिश का दौर फिलहाल जारी रहने की संभावना है। इसको लेकर मौसम विभाग ने प्रदेश के बारिश को लेकर अलर्ट किया है। मौसम विभाग द्वारा गुरुवार को भी 42 जिलों में बारिश के लिए अलर्ट जारी किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि अभी 72 घंटे तक साइक्लोन का असर जारी रहेगा। तेज हवाएं भी चलेंगी। लखनऊ मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर की वजह से उत्तर प्रदेश में करीब तीन दिन पहले मानसून एंट्री कर सकता है। हालांकि अभी 72 घंटे तक बिपरजॉय के असर से तेज हवाएं और बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने बताया कि पहले मानसून 29 जून तक आने की उम्मीद थी लेकिन अब 26 जून तक उत्तर प्रदेश में एंट्री कर सकता है बिपरजॉय साइक्लोन मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ऊपर से गुजर चुका है। मगर इसके गुजरने के बाद भी अभी तीन दिन तक ये उत्तर प्रदेश में बारिश का कारण बना रहेगा। बिपरजॉय के असर से उप्र के राजधानी लखनऊ, कानपुर, मैनपुरी में गुरुवार सुबह तक बारिश होती रही। वहीं प्रदेश में पूर्वी उत्तर प्रदेश के वाराणसी और प्रयागराज में बारिश नहीं हुई इसलिए यहां का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब बना रहा। कानपुर में दिखा बिपरजॉय के असर बिपरजॉय का सबसे ज्यादा असर से कानपुर में देखने को मिल रहा है। यहां बुधवार से गुरूवार तक 24 घंटे लगातार बारिश हुई। इस दौरान रिकार्ड 115 मिमी. से अधिक बारिश हुई। वहीं साइक्लोन के असर से मैनपुरी में जोरदार बारिश हुई। यहां 24 घंटे में 105 मिमी. तक बादल बरसे। 31 जिलों में जमकर बरस सकते हैं बदरा मौसम में आए बदलाव के चलते प्रदेश के 31 जिलों में झमाझम बारिश हुई। इनमें कन्नौज में 38 मिमी, हरदोई में 32, इटावा में 11, अलीगढ़ में 10 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। कानपुर नगर, कानपुर देहात, झांसी, औरैया, महोबा, ललितपुर, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, जालौन, बलरामपुर, गोंडा, बस्ती, संतकबीरनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर में तेज बारिश हो सकती है। वहीं बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, इटावा, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बाराबंकी, रायबरेली,सुलतानपुर, अयोध्या, कौशांबी, प्रयागराज, मिजार्पुर, सोनभद्र, मऊ, बलिया, अंबेडकरनगर में भी कहीं-कहीं बारिश की संभावना है।

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले में 10 अगस्त से चलेगा एमडीए कार्यक्रम : सीडीओ

लखनऊ, एजेंसी

संचारी रोगों से निपटने के लिए जिले में एक जुलाई से 31 जुलाई के मध्य संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान और फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम 10 अगस्त से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए शासन एवं स्वास्थ्य विभाग काफी सक्रिय है और तैयारियों में जुटे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक विकास भवन के सभागार कक्ष में आयोजित हुई। सीडीओ ने कहा कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जुलाई माह में संचालित होने वाले अभियान में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रत्येक घर पर जाकर क्षय रोग, कुष्ठ रोग समेत संचारी रोगों से पीड़ित लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। साथ ही समस्त ब्लॉकों में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा वितरण (एमडीए) कार्यक्रम 10 अगस्त से संचालित किया जाएगा। इसमें आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन अपने समक्ष कराएंगी। उन्होंने अपील की है कि फाइलेरिया से बचने के लिए हर साल चलने वाले एमडीए राउंड के दौरान दवा का सेवन अवश्य करें। इस दवा का सेवन दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है। सीडीओ ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए प्रत्येक स्तर र प्रयास करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माइक्रोप्लान के तहत कार्य करेंगी। वह घरों व आस-पास जल भराव न होने देने, साफ-सफाई रखने, ताजा भोजन करने, पानी उबाल कर पीने, साबुन से हाथ अच्छी तरह से धोने, खुले में शौच से नुकसान आदि के बारे में जागरूक करेंगी। अभियान में ह्यहर रविवार मच्छरों पर वारह्व पर भी जोर दिया जाएगा। किसी भी प्रकार के रोग से पीड़ित होने पर रोगी को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी व पीएचसी पर पहुंचायेगी ताकि उन्हें समुचित इलाज मिल सके। एसीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ राकेश सिंह ने बताया कि अभियान शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्वास्थ्यकर्मियों, शिक्षक, ग्राम प्रधान, नगर पालिका व नगर पंचायत कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एमडीए की दवा फाइलेरिया के परजीवियों को नष्ट करने के साथ पेट के अन्य कीड़ों व समस्याओं को दूर करने में भी मदद करती हैं। इसलिए सभी लोग इस दवा का सेवन करें जिससे वह इस बीमारी से बच सकें। दो साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को इन दवाओं का सेवन नहीं करना है। दवा को चबाकर खाना है। खाली पेट दवा का सेवन नहीं करना है। डॉ सिंह ने बताया कि एमडीए दवा का सेवन कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित आईसीडीएस, पंचायती राज व ग्राम विकास, जिला विधालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, आपूर्ति, होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक, आजीविका, आईएमए, सूचना अधिकारी आदि का सहयोग लिया जाएगा। साथ ही डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, पाथ, पीसीआई, सीफार व अन्य स्थानीय संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया बीमारी मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होती है। यह बीमारी मुख्यतः व्यक्ति के शरीर के चार अंगों जैसे पैर, हाथ, अंडकोष और महिलाओं के स्तन को प्रभावित करती है। शुरूआत में इस बीमारी के कोई लक्षण नहीं दिखाई देते है। इसके लक्षण दिखने में 10 से 15 साल लगते हैं। इसलिए सभी को फाइलेरिया से बचाव की दवा खाना बेहद जरूरी है। जिससे उचित समय पर ही इसकी रोकथाम की जा सके। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (50 व 100 शैय्या जिला चिकित्सालय), समस्त एसीएमओ, अंधता निवारण, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, मलेरिया व सर्विलान्स अधिकारी, सूचना, बेसिक शिक्षा व अन्य विभागों के अधिकारी, आईएमए अध्यक्ष, डीपीएम, सहायक मलेरिया अधिकारी सहित यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ, पाथ, पीसीआई, सीफार संस्था के जिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सहायक अभियोजन अधिकारी का परिणाम घोषित

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज ने 69 पदों के लिए सहायक अभियोजन अधिकारी का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया है कि सहायक अभियोजन अधिकारी परीक्षा 2022 की लिखित परीक्षा का परिणाम 24 मई, 2023 को घोषित किया गया था, जिसमें कुल 220 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 12 से 16 जून को हुआ। इसमें एक अभ्यर्थी अनुपस्थित रहा। इसके आधार पर 69 अभ्यर्थियों को संस्तुत किया गया है। सचिव ने बताया है कि जिन घोषित अभ्यर्थियों के सम्मुख प्रोविजनल अंकित है, उनसे अपेक्षा है कि वे समय के अंदर वांछित अभिलेख प्रस्तुत कर दें। अन्यथा उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

संक्षिप्त खबरें

बीमारी से तंग आकर युवक ने की खुदकुशी

भागलपुर। विश्वविद्यालय थाना परिक्षेत्र अंतर्गत परबत्ती इलाके में एक युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक युवक की पहचान गोपालपुर के तीनटंगा के विभास कुमार के रूप में हुई है। मृतक विभास पिछले कई वर्षों से बीमार चल था, जिसका इलाज भागलपुर सहित कई अन्य राज्यों में भी कराया जा रहा था, लेकिन देर रात मृतक विभास अपनी लम्बे समय से ग्रसित बीमारी से तंग आकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक अपने पीछे अपनी नवविवाहिता पत्नी को छोड़ गए हैं। मृतक पैसे से नाई का काम करता था। विगत शादी ढाई वर्ष पूर्व उसकी शादी हिंदू रीतिरिवाजों के साथ हुई थी। वही घटना को लेकर मृतक के भाई ने बताया कि मेरा भाई लिबर कैंसर रोग से ग्रसित चल रहा था। हम लोगों ने उसका इलाज कई जगह कराया, लेकिन वह ठीक नहीं हुआ और कल शाम बीमारी से तंग आकर आत्महत्या कर ली है। वही मामले की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंच घटना की जांच में जुट गई है। पुलिस ने मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों के बताए बयान के आधार पर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवलखा लेजाया गया है। वही इस घटना से आहत हुए परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

अगवानी पुल हादसे के बाद भारत सरकार का बड़ा एक्शन

भागलपुर। सुल्तानगंज परिक्षेत्र स्थित अगुवानी पूल हादसे के बाद भारत सरकार का बड़ा एक्शन सामने आया है। पुल निर्माण करने वाली एसपी सिंगला कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा अबतक बनाये जा रहे छह पुलों पर एक विशेष जांच कमिटी बैठाने का आदेश जारी कर दिया गया है। बिहार में दो समेत देश के कई राज्यों में बन रहे छह पुलों पर विशेष जांच होने की बात बतायी जा रही हैं। बिहार में जेपी सेतु व विक्रमशीला सेतु के समानान्तर सेतु निर्माण कार्य पर भी जांच कमिटी बैठाई जाने के आदेश जारी किये गये है, वही भागलपुर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने मामले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण कार्य करने वाले एसपी सिंगला कंपनी के जितने भी काम है उनको रिजाइन किया जाए और इस कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जाय साथ ही दूसरे कंपनी को काम करने का मौका दिया जाय मैं नितिन गडकरी से मिलकर कहूंगा इस कंपनी का रिफाइन किया जाय और इस पुल निर्माण कार्य करने वाले एसपी सिंगला कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाय, जिससे इस तरह पूल भरभरा कर ताश के पत्ते की तरफ फिर ना गिरे और किसी बड़ी आपदा के शिकार और कोई न हो सकें।

दर्जनभर अतिथि शिक्षक और आधा दर्जन अनुदेशक का वेतन भुगतान नहीं कर रही है, प्राचार्या

वेली खड़गपुर। पॉलिटेक्निक कॉलेज रमणकाबाद हवेली खड़गपुर मुंगेर के एक दर्जन अतिथि व्याख्याताओं एवं अतिथि अनुदेशकों का वेतन माह फरवरी 2023 से प्राचार्या की लापरवाही से भुगतान नहीं किए जाने का समाचार प्राप्त हुआ है। पॉलिटेक्निक कॉलेज रमणकाबाद कॉलेज सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दर्जनभर अतिथि व्याख्याताओं और आधा दर्जन अतिथि अनुदेशकों का होली और राम नवमी का पर्व प्राचार्य खुशबू रानी की लापरवाही के कारण नहीं मना पाये हैं। सूत्रों के अनुसार दर्जन-भर अतिथि व्याख्याताओं तथा आधा दर्जन अतिथि अनुदेशकों का वेतन भुगतान नहीं किया जा सकता है जिससे इन व्याख्याताओं और अनुदेशकों के सामने भुखमरी की समस्या पैदा हो गई है। अनुदेशकों और अतिथि शिक्षकों ने बिहार के मुख्यमंत्री और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री से वेतन भुगतान कराए जाने की मांग की है।

बदला जा रहा है पॉलिटेक्निक कॉलेज का सीसीटीवी कैमरा

हवेली खड़गपुर। पॉलिटेक्निक कॉलेज में सीसीटीवी कैमरा बदले जा रहे हैं, जिससे कई अनैतिक कार्य को छुपाने का प्रयास जहां एक तरफ प्राचार्या द्वारा किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर नया सीसीटीवी कैमरा लगाकर राज्य सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है कॉलेज सूत्रों के अनुसार बताया गया है कि कई अनैतिक कार्य का पदार्फाश होने के भय से प्राचार्या ने पुरानी सीसीटीवी कैमरा को बदल कर नया सीसीटीवी कैमरा लगा रही है। पॉलिटेक्निक कॉलेज रमणकाबाद हवेली खड़गपुर के कंप्यूटर ऑपरेटर ने बताया कि प्राचार्या के कई काला करनामा इस सीसीटीवी कैमरे में कैद है जिससे अपने आप को बचाने के लिए तथा कर्मचारियों के द्वारा अवैध अनैतिक कार्य किए जाने के सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी कैमरा को हटाकर नया सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्राचार्या खुशबू रानी ने बताया कि विभागीय आदेश के आलोक में पुरानी सीसीटीवी कैमरा को हटाकर नये सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है।

एनटीपीसी में मना 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के निदेर्शानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 के लिए "वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योगह्व थीम के आधार पर एनटीपीसी कहलगाँव परिसर में 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। एनटीपीसी स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और कर्मचारियों के बीच स्वस्थ जीवन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उदेश्य से मानव संसाधन एवं कर्मचारी कल्याण संघ के तत्वावधन में दीप्तनगर टाउनशिप परिसर स्थित अलखनंदा भवन में योग प्रशिक्षक के मार्ग दर्शन में योग सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (ओ एंड एम) संजीव कुमार साहा, सहित सभी महाप्रबंधकगण के साथ साथ समस्त विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसियेसन, एनटीपीसी कर्मी, सृष्टि समाज की सदस्याओं तथा बालिका सशक्तिकरण की प्रतिभागी बालिकाओं ने प्राणायाम, योग आसन प्रशिक्षण अभ्यास कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। एनटीपीसी कहलगाँव में कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के बीच योग को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ह्लहर आंगन योगह्व प्रचार के उद्देश्य से एनटीपीसी कहलगाँव के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर बैनर, स्टैंडी, पोस्टर और वीडियो प्रदर्शित किए गए हैं। इंट्रानेट, सोशल मीडिया और ई-मेल संचार के माध्यम से पोस्टर, फ्लायर और फ्लैश चित्रों का डिजिटल प्रदर्शन भी सुनिश्चित किया गया है। वही कार्यक्रम के दौरान योगाभ्यास पूर्व मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (ओ एंड एम) संजीव कुमार साहा ने अपने संबोधन में कहा की योग से जीवन के सभी भाव नियंत्रित होते हैं। वही उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग करने से हम शारीरिक और मानसिक दोनो रूप में स्वस्थ रह सकते है। महाप्रबंधक श्री साहा, ने कहा कि योग से शारीरिक तंदुरूस्ती तो आती ही है, लेकिन सबसे ज्यादा मानसिक शांति मिलती है। इससे मन शांत रहता है एवं तनाव कम होता है साथ ही यह शरीर की सभी क्रियाओं को नियंत्रित भी करता है। स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन के निर्माण में योग के महत्व है, जो आगे चलकर एक स्वस्थ्य समाज और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करता हैं। उन्होंने ह्लहर आंगन योगह्व के आह्वान को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने का सभी से आह्वान किया है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (एफजीडी) राकेश चौहान, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सौरव शर्मा, अपर ,जीवन ज्योति चिकित्सालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुष्मिता सिंह, के अलावा परियोजना के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण, युनियन एवं एसोसियेशन के प्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में दीप्तिनगर के लोगों ने अपनी उपस्थित दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाया है।

युवक की पीट-पीटकर ग्रामीणों ने हत्या की वारदात को दिया अंजाम

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। कहलगांव थाना परिक्षेत्र स्थित रसलपुर ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत चाय टोला गांव इलाके में लखपति गोस्वामी के पुत्र गब्बर गोस्वामी की पीट-पीटकर हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है।घटना को लेकर बताया जा रहा है कि मृतक मानसिक तौर से विछिप्त था। युवक करीब नौ से दस बजे दिन के बीच शौच करने के लिए अपने घर से बहियार गया हुआ था। इसी दरमियान गांव के बीस पच्चीस लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी।

घटना के बाद स्थानीय रसूलपुर थाना पुलिस टीम सूचना मिलते ही एएसआई लक्ष्मण प्रसाद सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची, जहां काफी भीड़ लगी हुई थी। वही पुलिस टीम ने घायल विछिप्त युवक को अपनी पुलिस जीप में लाद कर त्वरित इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लेजाया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है, और मृतक युवक के शव का अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। वहीं घटना को लेकर मृतक युवक के पिता का कहना है कि बेटा मानसिक तौर पर बीमार था और लोगों ने छेड़खानी का आरोप लगाकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। पिता का कहना है कि गांव के ही लोगों ने पीटकर उसके बेटे की हत्या कर दी है। वही रसलपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी एसआई लक्षण प्रसाद का कहना है कि घटना के बाद अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे। जहां से युवक को प्राथमिक उपचार के लिए हॉस्पिटल लेजाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया गया।

पति ही जबरन करवाना चाहता है पत्नी से देह व्यापार का धंधा

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले भर में अपराधिक घटना के साथ साथ दुष्कर्म जैसी घटनाएं लगातार घटित होने का मामला सामने आता रहा है। इसी क्रम में जगदीशपुर थाना परिक्षेत्र इलाके के चांदपुर गांव से एक अजीबोगरीब घटना घटित होने का मामला सामने आ रही है। इलाके के एक महिला ने अपने पति पर जबर्दस्ती देहव्यापार में ठेले जाने का आरोप लगाया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि एक पति अपनी पत्नी से ही देह व्यापार का धंधा कराने को बिबस कर रहा था। महिला द्वारा विरोध करने पर उसके पति आए दिन मारपीट किया करता था, और जान से मारने की भी धमकी देते रहता था। मामले से निजात पाने के लिए पीड़ित महिला ने न्याय की गुहार लगाने के लिए उच्च अधिकारियों के दफ्तर पर दस्तक देने पहुंची है। मामले को लेकर जगदीशपुर चांदपुर गांव के रहने वाले रंजीत राय की बेटी रेशम कुमारी ने बताया कि मैं एक गरीब परिवार से हूं मेरे पिता के मृत्यु के बाद मेरा विवाह उत्तर प्रदेश अयोध्या के रहने वाले आशीष कुमार से हो गई, जब मैं अयोध्या गई तो आशीष कुमार वहां जबरदस्ती मुझ पर देह व्यापार करवाने को मजबूर किया करता था, मैं किसी तरह उसके चंगुल से निकल कर अयोध्या से भागकर अपनी मां के पास चांदपुर आई और न्याय की मांग को लेकर जगदीशपुर थाने में अपने पति आशीष के खिलाफ केस दर्ज कराने गई तो वहां मेरा केस नहीं लिया गया, फिर मैंने सीजेएम कोर्ट में केस दर्ज कराया, मेरे पति आशीष कुमार उत्तर प्रदेश अयोध्या से जगदीशपुर भागलपुर पहुंचकर कुछ गुंडों के साथ जबरदस्ती यहां भी देह व्यापार करने को कह रहे हैं, साथ ही विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। मैं अपनी जान माल की गुहार लगाने आज सिटी एसपी कार्यालय पहुंची हूं, मुझे डर है कि कहीं गुंडों से मिलकर मेरे पति आशीष कुमार मुझे और मेरे बच्चे को जान से ना मार दे, गौरतलब हो कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या का रहने वाला आशीष कुमार अपने आप को कथावाचक भी कहता है, लेकिन अंदर से वह काफी घिनौनी हरकत करता है। वह जबरन मुझे शराब पिलाने की भी कोशिश किया है, और मेरे साथ काफी मारपीट की है, लेकिन समाज में जब वह घर से निकलता है तो वह अपने आप को काफी साफ सुथरा इंसान प्रदर्शित करता है। अब देखने वाली बात है कि क्या पुलिस व्यवस्था की ढोलकी पीटने वाली सरकार की पुलिस पीड़िता को इंसाफ दिलाने के लिए उसके पति को न्यायिक हिरासत में भेजने में सफल हो पाती है कि नही या फिर महिला अपने इंसाफ के लिए यू ही भटक कर वेहसी दरिंदों के कोप का शिकार बन जायेगी।

28 बोतल विदेशी शराब के साथ एक युवक हुआ गिरफ्तार

भागलपुर। सबौर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत इंग्लिश गांव में शराब के अवैध कारोबार को संचालित करने की गुप्त सूचना के तहत मिली जानकारी पर स्थानीय इलाके के शंकर यादव के घर पर पुलिस ने दबिश देकर 28 बोतल विदेशी शराब के साथ शंकर यादव के पुत्र गुड्डू को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि वरीय पुलिस अधीक्षक को दूरभाष पर गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके के ग्रामीण के पुत्र गुड्डू यादव के द्वारा शराब की खरीद-फरोख्त की जाती है। उक्त सूचना के आलोक में वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सबौर थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल के द्वारा इंग्लिश गांव इलाके में पहुंच कर सुनियोजित तरीके से शंकर यादव के घर पर दबिश देकर उनके घर के भीतर छिपाकर रखी गई विदेशी शराब की 28 बोतल की बरामदगी के साथ शराब के धंधे में लिप्त गुड्डू यादव को रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया है।

संस्थान के सहयोग से कई बच्चों का भविष्य हुआ रोशन : पूनम

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। हेल्पिंग इंडिया फीडिंग इंडिया के सदस्यों ने नव विद्या विहार विद्यालय में तीन बच्चों का नमाकान करवाया है। उक्त तीनों बच्चे स्लम एरिया के रहने वाले हैं, संस्था के सदस्यों ने बच्चों के पढ़ाई की अच्छी गतिविधियों को देखते हुए उन बच्चों का नामांकन विद्यालय में दाखिल करवाने का काम किया है। ज्ञात हो कि उक्त बच्चों के घर परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नही रहने के कारण उन बच्चों के बीच अच्छी शिक्षा का अभाव देखा जा रहा था। ऐसी स्थिति में हेल्पिंग इंडिया फीडिंग इंडिया संस्था के सदस्यों द्वारा वैसे बच्चों के बीच बेहतर शिक्षा की नींव रखने के साथ साथ उन बच्चों का शहरी क्षेत्र के एक अच्छे स्कूल में दाखिला करवाया साथ ही उन सभी बच्चों का स्कूल फीस चुकाने की जिम्मेदारी भी ली है। ज्ञातव्य है कि हाई-फाई (हेल्पिंग इंडिया फीडिंग इंडिया) संस्था एक एनजीओ के क्षेत्र में लम्बे समय से जरूरत मंद लोगों के बीच काम कर रही है। उक्त संस्थान के द्वारा हाई-फाई गरीबों के बीच राशन, खाना, कंबल, कपड़ा आदि वितरण भी करते रही हैं, साथ ही गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करते के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर सहयोग प्रदान करने में आगे रही हैं। हाई फाई संगठन की शुरूवात झारखंड में 2017 में हुई। यह एक राष्ट्रीय स्तर संगठन है।

हाई फाई ने भागलपुर जिले में विगत अगस्त 2022 से लोक कल्याण कार्य में जुड़ी हुई है। हाई फाई द्वारा भागलपुर में प्रतिदिन 70-90 बच्चों को निशुल्क शिक्षा अबतक प्रदान करने के क्षेत्र में जुटी है। वही संस्थान के द्वारा अब तक शहर के गरीब परिवार के बीच करीब 6 हजार से भी ज्यादा लोगों के बीच भोजन, राशन, कपड़ा आदि से मदद कर उनके बीच सहयोग प्रदान करने में कृतिमान स्थापित कर चुकी है।

अपनी मांगों को लेकर किया एक दिवसीय धरना का आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। ग्राम रक्षा दल सह पुलिस मित्र के द्वारा संयुक्त रूप से समाहरणालय परिसर में अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। वही प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं में इन लोगों ने कार्य किया है, और लगातार कार्य कर भी रहे हैं।

वही ग्राम रक्षा दल सह पुलिस मित्र भागलपुर इकाई के द्वारा प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि सरकार के माध्यम से चलाए गए विभिन्न योजनाओं जैसे बाल विवाह, दहेज प्रथा, शराबबंदी, नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान व तिरंगा यात्रा अभियान जैसे कई कार्यक्रमों में हम लोगों ने बढ़-चढ़कर अपना सहयोग दिया है, साथ ही इन लोगों का कहना है कि पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव मिहिर कुमार सिंह के द्वारा विभागीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान विगत 7 नवंबर 2022 को पंचायत सरकार भवन में ग्राम रक्षा दल सदस्यों की सुरक्षा कर्मी सह सफाई कर्मी के नियोजन हेतु निर्देशित किया गया था। वही विशेष कार्य पदाधिकारी के द्वारा षष्टम राज्य वित्त आयोग पटना के द्वारा पंचायत सरकार भवन में सुरक्षा कर्मी और सुरक्षा दल को लेकर संविदा कर्मियों का नियोजन प्रस्तावित है, लेकिन सरकार की टालमोल व उदासीन रवैया के कारण हम लोगों का नियोजन नहीं किया जा रहा है, वही धरनार्थी लोगों का कहना है कि वेतन मानदेय, स्थायीकरण, जीवन सुरक्षा बीमा, पंचायत सरकार भवन में नियुक्ति, ग्राम पंचायत में मानव बल की नियुक्ति, नियोजन में प्रथम प्राथमिकता सहित, सरकारी नियुक्ति में प्राथमिकता सहित अन्य मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया है। वहीं धरनार्थी का कहना है कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती है तो इसके लिए सरकार के विरुद्ध चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य हों जाएंगे।

अत्याचार लगाम लगाने को लेकर एक अधिकारियों के साथ की बैठक

बैठक में कई बिंदुओं पर हुई वार्ता, दिये कई दिशा निर्देश

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। अनुसूचित जाती व जनजाति आयोग के अध्यक्ष शंभू कुमार सुमन ने समाहरणालय परिसर स्थित समीक्षा भवन में जिला परिक्षेत्र के सभी अधिकारियों के साथ अनुसूचित जाती व अनुसूचित जनजाति के ऊपर अत्याचार पर लगाम लगाने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के अनुसूचित जाती व जनजाति आयोग के अध्यक्ष शंभू कुमार सुमन ने किया। वही बैठक के क्रम में अनुसूचित जाती व जनजाति से संबंधित सभी विभागों के सभी पदाधिकारी व वरीय कर्मी मौजूद थे। वहीं बिहार सरकार के अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग के अध्यक्ष शंभू कुमार सुमन ने बताया कि कुछ दिन पहले पीरपैंती प्रखंड के बाखरपुर में एक बहुत ही बड़ी घटना घटित हुई थी, आयोग के स्तर पर जो शिकायत मिली थी, उस पर जांच की गई है और समाधान के लिए जिलास्तरीय व प्रखंडस्तरीय पदाधिकारी को कार्रवाई करने को आदेशित किया गया है, साथ ही उक्त मामले में संबंधित अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द केस का निष्पादन किया जाय, जिससे दोषियों को सजा मिल सके। इसके अलावा भी कई कांडों पर विस्तृत चर्चा की गई है, साथ ही उन्होंने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है अनुसूचित जाती व जनजाति पर किसी तरह का अत्याचार ना हो अगर किसी को किसी तरह की परेशानी है तो उसका समाधान आयोग करेगी, साथ ही उन्होंने कड़े शब्दों में अधिकारियों से कहा है कि अनुसूचित जाति व जनजाति थाने में अगर किसी भी पीड़ित परिवार को पदाधिकारी बिना एफआईआर दर्ज कराएं वापस भेज देती हैं, तो वैसे अधिकारी व पदाधिकारी के विरुद्ध शिकायत मिलने पर उन पदाधिकारी पर विभागीय स्तर पर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

जिला पदाधिकारी ने कच्ची कांवरिया पथ का किया औचक निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर। बुधवार को दोपहर बाद जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 2023 को लेकर कच्ची कावंरिया पथ पर मूलभूत सुविधा बहाल हो को लेकर जगह-जगह रुककर पूरे रास्ते का औचक निरीक्षण किया ।

गौरतलब है कि श्रावणी मेला शुरू होने से पहले स्वास्थ्य, सुरक्षा, बिजली, पेयजल, शौचालय, इत्यादि व्यवस्था को लेकर मुंगेर जिला के अंतर्गत पड़ने वाले 26किलोमीटर की दूरी कमंराय से कुमारसार के बीच बेहतर से बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो इसके लिए संपूर्ण कच्ची कमरिया पथ का निरीक्षण किया । अपने निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से तारापुर के कच्ची कावंरिया पथ पर स्थापित सरकारी धर्मशाला गोगाचक, तारापुर सुल्तानगंज एस एच-22 पर रत्नेश्वर नाथ महादेव मंदिर के समीप सरकारी धर्मशाला सहित संग्रामपुर प्रखंड के अंतर्गत पड़ने वाले मनियां एवं कुमारसार धर्मशाला का रंग रोगन करने से लेकर बिजली पानी की मुकम्मल व्यवस्था बहाल हो को लेकर भवन निर्माण को विशेष निर्देश दिया गया। श्रावणी मेला के दौरान असरगंज के कमरांय , चाफा , असरगंज थाना कच्ची कांवरिया पथ , असरगंज शंभूगंज कच्ची कावंरिया पथ, तारापुर के लखनपुर, धोबय, गोगाचक, बिहमा ,गनैली मड़वा संग्रामपुर के खैरामोर ,मनिया, कुमरसार, सहित सभी सरकारी धर्मशाला पर चिकित्सा शिविर के साथ-साथ अस्थाई पुलिस चौकी को खोलकर मेला को पूरी तरह से सुव्यवस्थित बनाने पर अनुमंडल क्षेत्र तारापुर के सभी पदाधिकारियों को विशेष निर्देश दिया गया । कच्ची कमरिया पथ पर जगह जगह महिला एवं पुरुष स्नानागार शौचालय का निर्माण से लेकर संपूर्ण कच्ची कावंरिया पथ पर बिजली की बेहतर व्यवस्था मेला शुरू होने से बहाल हो को लेकर विशेष निर्देश बिजली विभाग एवं पीएचईडी के पदाधिकारियों को दिया । विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के मौके पर मेला कंट्रोल रूम तारापुर थाना तारापुर को बनाए जाने की बातें भी बताई गई। जहां दंडाधिकारी पुलिस बल , मेडिकल की टीम एक एंबुलेंस की व्यवस्था 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे । जिला पदाधिकारी ने मेला शुरू होने से पहले असरगंज तारापुर एवं संग्रामपुर के अंचलाधिकारी को मेला शुरू होने से पहले शहर की मुख्य सड़कों से पूरी तरह से अतिक्रमण को हटाने का विशेष निर्देश दिया गया । जिससे देश-विदेश से आने वाले सड़क मार्ग से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो । श्रावणी मेला शुरू होने से पहले पुराना बिजली तार को बदलने लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । जिला पदाधिकारी ने कच्ची कावंरिया पथ निरीक्षण की शुरूआत कमरांय से तारापुर के बीच किया । इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार रंजन डीसीएलआर दिलीप कुमार अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी रामजनम पासवान, बीडीओ संजय कुमार, सीओ बंदना कुमारी थाना अध्यक्ष राजेश कुमार रंजन सहित पीएचडी बिजली विभाग, भवन निर्माण इत्यादि के पदाधिकारी निरीक्षण के दौरान मौजूद थे ।

जिलाधिकारी ने किया भ्रमणशील ग्रामीण बाजार का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर । शंकरपुर गांव में बुधवार को नाबार्ड द्वारा प्रायोजित किसान उत्पादन संगठन, अंगराज किसान उत्पादन कं0 लि0, शंकरपुर के द्वारा भ्रमणशील ग्रामीण बाजार के उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भ्रमणशील ग्रामीण बाजार का उद्घाटन मुंगेर के जिलाधिकारी नवीन कुमार ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उनके साथ मुंगेर के डीडीसी संजय कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो मंजूर आलम, सदर एसडीओ संजय कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी अनिल कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक इं अशोक कुमार, नाबार्ड के डीडीएम सुजीत कुमार एवं एफपीओ के निदेशक अभिमन्यु कुमार यादव सहित अन्य निदेशक एवं ग्रामीण उपस्थित थे। ज्ञात हो कि, अंगराज किसान उत्पादन कंपनी लिमिटेड, शंकरपुर अंगराज ग्रामीण विकास संगठन मुंगेर के अधीन एक किसान उत्पादन संगठन है जो कंपनी एक्ट के तहत निबंधित है। इसकी कार्यकारिणी में 5 निदेशक हैं। इससे सदर प्रखंड क्षेत्र के कुल 539 किसान जुड़े हुए हैं। इसका गठन वर्ष- 2016 में किया गया था। यह एफपीओ नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित है। जबकि, तकनीकी सहायता कृषि विज्ञान केंद्र, मुंगेर के द्वारा दी गई है। भ्रमणशील बाजार के लिए इस एफपीओ को नाबार्ड के द्वारा ही वाहन भी उपलब्ध कराया गया है।

कई तरह की कृषि उत्पाद बनाती है यह कंपनी: कंपनी और उसके कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए प्रायोजक नाबार्ड के डीडीएम सुजीत कुमार ने बताया कि, यह कंपनी वर्तमान में कई तरह के प्रसंस्कृत कृषि उत्पाद का उत्पादन कर रही है। वर्तमान में कंपनी के द्वारा सभी तरह के मसाले, चना सत्तू एवं मिक्स आटा का उत्पादन किया जा रहा है। आने वाले दिनों में मोटे अनाज से संबंधित विभिन्न तरह के प्रसंस्कृत उत्पाद भी बाजार में लाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि, यह किसानों का संगठन है। इसमें किसान द्वारा उपजाए गए कृषि उत्पादों को प्रसंस्कृत कर बाजार में कंपनी द्वारा लाया जा रहा है। इसके उत्पादों को आसानी से लोगों के बीच पहुंचाने और घूम- घूम कर बेचने के लिए नाबार्ड के द्वारा वाहन उपलब्ध कराया गया है।

युवती को शादी का झांसा दे लगातार किया यौन शोषण

युवक के दारोगा बनते ही परिजनों ने युवती के साथ शादी करने से किया इन्कार

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले भर में अजीबोगरीब घटनाएं घटित हो रही हैं कभी युवती के साथ जबरन धर्म परिवर्तन करने तो कभी दुष्कर्म करने तो कभी प्रेम जाल में फंसा कर सदी का झांसा देने व ट्यूशन पढ़ाई के दौरान शिक्षक द्वारा छेड़छाड़ करने की घटना सामने आती रही हैं। इसी कड़ी में एक और घटना सामने आई हैं।

एक युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसा कर शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बंध बनाया फिर दारोगा बनते ही युवक ने अपनी बेवफाई की मिसाल पेश की अजीबोगरीब घटना सामने आई है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि पहले युवक ने एक नाबालिक को प्रेम जाल में फंसाया फिर शादी का झांसा देकर कई साल यौन शोषण किया जब वह गर्भवती हो गई तो उसे दवा खिलाकर गर्भपात भी कराया दिया। इसी बीच जब लड़के की बिहार पुलिस में एसआई पद पर नोकरी हो गई, तो वह नाबालिग लड़की से शादी करने से इनकार कर दिया। मामला भागलपुर जिला परिक्षेत्र के एकचारी बुद्धूचक के टपुआ दियारा इलाके में घटित होने का मामला बताया जा रहा है। इलाके के रहने वाले यमुना मंडल की बेटी ने अपने साथ घटित हुई घटना के विरुद्ध अपने हक की लड़ाई व न्याय की गुहार लेकर सिटी डीएसपी कार्यालय पहुंचकर अजय कुमार चौधरी से मुलाकात कर अपने साथ घटित हुई घटना से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

वही युवती ने बताया कि एकचारी के बुद्धूचक टपुआ का रहने वाला रुदल पासवान का बेटा मनोज कुमार उर्फ गौरव कुमार जो वर्तमान में दारोगा के पद पर कार्यरत है, वह विगत वर्ष 2017 में अपने प्रेम जाल में फंसा लिया, उस समय मेरी उम्र 16 वर्ष की नवालिग थी, इसी दौरान गौरब ने मुझे अपने साथ शादी करने का झांसा देकर मेरे साथ लगातार यौन शोषण करने लगा। इसकी जानकारी मनोज कुमार उर्फ गौरव कुमार के घर वाले हो गई तो उस समय उसके घर वालों ने कहा कि वालिग होने पर शादी कर लेना हमलोग शादी करवा देगें, परन्तु उसको पढ़ने लिखने का खर्चा उनके पिता नहीं देने लगे तब मेरे बड़े भाई वकील मंडल ने मेरे साथ मनोज कुमार उर्फ गौरव कुमार को पढाई लिखाई का खर्चा देते रहा था, जब वर्ष 2021 में उसकी नौकरी दारोगा पद पर नियुक्ति हुई और वह मुझे साथ लेकर ट्रेनिंग तक मेरे साथ रहा और बराबर अश्वासन व प्रलोभन देते रहा कि ट्रेनिंग में जाने के पहले तुमसे कोर्ट मैरेज कर लेगें, इसी बीच मैं गर्भवती हो गई इसकी जजानकारी गौरव कुमार को दी तो उसने गर्भपात का मुझे जबरदस्ती गोली खिला दिया, और धमकी दिया कि जब तक गर्भ नहीं गिरेगा तो शादी नही करेंगे। मैं डर गई और गोली खाने से पुनः मासिक धर्म शरू हो गया, परन्तु उसे मेरे साथ शादी नहीं करना था उसे सिर्फ मेरा शारीरिक शोषण करना था और वह बिना शादी किए ट्रेनिंग में चले गया और जब वह ट्रेनिंग से लौटा तो मैं शादी करने कहने लगी तो वह कुछ कह कर बहाना बनाते रहा और टालमटोल करते रहा, नौकरी लगते ही उसके परिवार वाले को दहेज का लोभ हो गया और उनके घरवाले कहने लगे 20 से 25 लाख रुपए तुम्हें कोई भी दहेज दे देगा और यह लोग तो गरीब है, यह कहां से दहेज देगा, इसलिए दूसरे से शादी कर लो। वही लाचार धोखा खाई लड़की ने कहा कि मनोज कुमार उर्फ गौरव ने भी मुझे धोखा देते हुए कहा तुम्हें जहां शादी करनी है, कर लो मैं तुमसे शादी नहीं करने वाला हूं। अब सवाल यह उठता है कि यह लड़की अब कहां जाएगी, और कैसे क्या करेगी, धोखा खाई लड़की ने कहा मुझे कुछ समझ में नहीं आ रहा मुझे आत्महत्या छोड़कर दूसरा कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। साथ ही पीड़ित युवती ने बताया कि लड़के के घरवाले बार-बार धमकी दे रहे हैं कि तुम अपनी शादी कहीं और कर लो और

पोन्नियिन सेल्वन 2 में कम स्क्रीन टाइम मिलने पर शोभिता ने चुप्पी तोड़ी

शोभिता धुलिपाला इस साल अप्रैल में रिलीज हुई मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेल्वन 2 में नजर आईं। फिल्म में ऐश्वर्या राय ने लीड रोल अदा किया। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया मिली। हालांकि, फिल्म में शोभिता को बहुत ज्यादा स्क्रीन स्पेस नहीं मिला। इस बारे में अब एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है।

फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हैं

शोभिता का कहना है कि बेशक इस फिल्म में उनकी ख्वाहिश और अधिक स्क्रीन स्पेस मिलने की थी। लेकिन, कम स्पेस मिलने के बाद भी वह इसका हिस्सा बनने के लिए आभारी हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि पोन्नियिन सेल्वन 2 में काम करते हुए वह काफी सहज रहीं। शोभिता ने कहा, मुझे लगता है कि मुझे अपने करियर में यह बड़ी उपलब्धि मिली, भले ही इतनी बड़ी स्टारकास्ट में छोटा सा हिस्सा ही स्क्रीन पर मिला। लेकिन, मैं विभिन्न प्रकार के वातावरण का हिस्सा रही हूं और मुझे यह सब पसंद है।

नहीं बनना रातों रात स्टार?

एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे लगता है कि विविधता एक ऐसी चीज है, जो कलाकारों के आगे बढ़ने में और उनकी तरक्की में मददगार होती है। मैं रातों रात स्टार बनने के सपने नहीं देखती। मुझे वह जुड़ाव महसूस नहीं होता। मैं एक सार्थक और लंबा करियर चाहती हूं, जहां मुझे विभिन्न किरदार करने को मिले। मैं हर किरदार को अच्छी तरह से करना चाहती हूं।

छोटे किरदारों को बड़ा बनाया

शोभिता का कहना है, अपने करियर की शुरुआत से ही मुझे ऐसे किरदार नहीं मिले, जिनका स्क्रीन पर लंबा समय हो। इसलिए मैंने जितना भी स्पेस मिला, उसी में बेहतर करने के पंच सीखे। छोटे किरदारों को ही दिलचस्प बनाने पर मेहनत की। वर्क फ्रंट की बात करें तो शोभिता जल्द ही द नाइट मैनेजर के दूसरे पार्ट में नजर आएंगी। यह शो 30 जून को डिज्नी प्लस हॉट स्टार पर आएगा।

1920 हॉरर्स ऑफ द हार्ट सिर्फ एक डरावनी फिल्म से कहीं ज्यादा

भारतीय हॉरर फिल्म 1920 हॉरर्स ऑफ द हार्ट की रचनात्मक कहानी की निर्देशक कृष्णा भट्ट ने हाल ही में खुलासा किया है कि यह फिल्म सिर्फ डराने वाले भावनाओं के अलावा और भी बहुत कुछ प्रदान करती है। कृष्णा भट्ट इस फिल्म के साथ बॉलीवुड में बतौर निर्देशक अपने करियर की शुरुआत कर रही हैं। कृष्णा भट्ट के अनुसार, यह फिल्म डरावनी शैली से आगे बढ़कर मां-बेटी और पिता-बेटी के भावनात्मक रिश्तों की गहराई में उतरती है और भावनात्मक सिनेमाई अनुभव प्रदान करती है। बता दें कि फिल्म 1920 हॉरर्स ऑफ द हार्ट में टीवी जगत की जानी-मानी अभिनेत्री अविका गौर, राहुल देव, बरखा बिष्ट, अमित बहल और अवतार गिल नजर आएंगे। अविका गौर इस फिल्म के ज़रिए बड़े पर्दे पर अपनी धमाकेदार पारी की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि 1920 फिल्म श्रृंखला ने अपने भयानक अलौकिक और दमदार कहानी कहने के लिए प्रतिष्ठा प्राप्त की है, भट्ट का लक्ष्य 1920 हॉरर्स ऑफ द हार्ट में डरावनी और भावनाओं के बीच संतुलन बनाना है। पारंपरिक हॉरर फिल्मों से हटकर, उन्होंने बड़े पर्देपर एक ऐसी कहानी गढ़ी है जो दिल को छू जाती है, जिसका उद्देश्य दर्शकों को भावनात्मक और डरावने अनुभवों को साथ में महसूस कराना है। कृष्णा भट्ट का मानना है कि मजबूत भावनात्मक दृश्यों का समावेश कहानी में गहराई, डर और पारिवारिकता की भावनाओं को एक साथ उजागर करता है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने यह फिल्म देखी, उनकी आंखे नम थीं और यही मेरी लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। कृष्णा भट्ट की 1920 हॉरर्स ऑफ द हार्ट सिर्फ एक डरावनी फिल्म से कहीं अधिक है। भावनात्मक गहराई के साथ डर को मिलाकर, फिल्म अपनी शैली की बाधाओं को पार करती है।

4 साल बाद बड़े परदे पर कमबैक करेंगी विद्या बालन

एक्ट्रेस विद्या बालन की अगली फिल्म 'नीयत' का टीजर रिलीज हो चुका है। मेकर्स ने बुधवार को टीजर के साथ इसके कैरेक्टर पोस्टर्स भी लॉन्च किए। यह एक मर्डर मिस्ट्री है जिसमें विद्या डिटेक्टिव मीरा राव का किरदार निभा रही हैं। फिल्म के टीजर में मेकर्स ने कुछ खास जानकारी तो नहीं दी पर फिल्म और इसके किरदारों को लेकर सस्पेंस जरूर क्रिएट किया है। टीजर में बैकग्राउंड में एक डायलॉग है जिसमें कहा गया है, 'सस्पेक्ट आ रहे हैं, मकसद बन रहे हैं, तैयार हो जाइए। एक मिस्ट्री के लिए।'

राम कपूर से लेकर राहुत बोस तक आएंगे नजर

फिल्म की कहानी डिटेक्टिव बनीं विद्या के किरदार के इर्द-गिर्द बुनी गई है जो एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाती दिखेंगी। विद्या के अलावा इसमें राम कपूर, राहुल बोस, नीरज काबी, शाहना गोस्वामी, अमृता पुरी, दीपानिता शर्मा, निक्की वालिया, शशांक अरोरा, प्राजक्ता कोली और दानेश रजवी जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे।

विद्या की आखिरी रिलीज थी 'मिशन मंगल'

इस फिल्म को अनु मेनन ने डायरेक्ट किया है जो इससे पहले विद्या के साथ 'शकुंतला देवी' बना चुके हैं। यह फिल्म 7 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी और इसके जरिए विद्या 4 साल बाद बड़े परदे पर नजर आएंगी। उनकी आखिरी थिएटर रिलीज 'मिशन मंगल' थी।

निभा रहीं हैं डिटेक्टिव का रोल

'मिशन मंगल' के बाद विद्या के तीन प्रोजेक्ट्स 'शकुंतला देवी', 'शेरनी' और 'जलसा' ओटीटी पर ही रिलीज हुए हैं। यह दूसरा मौका है जब विद्या डिटेक्टिव के रोल में दिखेंगी। इससे पहले उन्होंने 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'बॉबी जासूस' में डिटेक्टिव का रोल किया था।

परिणीति चोपड़ा ने शिद्दत 2 से खींचा हाथ!

ओटीटी पर शिद्दत की सफलता के बाद, निर्माताओं ने हाल ही में इसके सीक्वल की घोषणा की थी। जहां फिल्म में सनी कौशल एक बार फिर जग्गी की भूमिका निभाने वाले थे, वहीं परिणीति को मुख्य भूमिका निभाने के लिए साइन किया गया था। लेकिन अब खबरें हैं कि अभिनेत्री ने फिल्म छोड़ दी है।

परिणीति चोपड़ा पिछले काफी समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा के संग अफेयर और फिर सगाई के कारण परिणीति खबरों में लगातार बनी हुई हैं। हालांकि, इन सभी के साथ परिणीति की प्रोफेशनल लाइफ को लेकर भी बीते दिनों बड़ी खबर आई थी। दरअसल, अभिनेत्री ने साल 2021 में आई रोमांटिक फिल्म शिद्दत का दूसरा पार्ट साइन किया था, जिसमें वह सनी कौशल के साथ इश्क फरमाती नजर आने वाली थी। इस खबर से जहां परिणीति के फैंस बहुत खुश हुए थे, वहीं अब कुछ ऐसी रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं जिनसे उनका दुखी होना बनता है। दरअसल, लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक परिणीति ने शिद्दत 2 से अपने हाथ खींच लिए हैं। ओटीटी पर शिद्दत की सफलता के बाद, निर्माताओं ने हाल ही में इसके सीक्वल की घोषणा की थी। जहां फिल्म में सनी कौशल एक बार फिर जग्गी की भूमिका निभाने वाले थे, वहीं परिणीति को मुख्य भूमिका निभाने के लिए साइन किया गया था। लेकिन हालिया चर्चाओं की मानें तो परिणीति ने यह प्रोजेक्ट छोड़ दिया है। एक न्यूज पोर्टल के मुताबिक, शिद्दत 2 की शूटिंग अगस्त में शुरू होनी थी, लेकिन तकनीकी दिक्कतों के कारण इसे अक्तूबर-नवंबर तक टाल दिया गया है। शेड्यूल में हुए इस बदलाव के कारण परिणीति इस फिल्म से अलग होती नजर आ रही हैं।

बताई फैसले की वजह

कथित तौर पर परिणीति चोपड़ा ने शिद्दत 2 की शूटिंग डेट्स में हुए इस बदलाव के कारण ही छोड़ा है। दरअसल, अभिनेत्री के पास दो अनटाइटल्ड फिल्में पाइपलाइन में हैं और वह इस साल अक्तूबर में राघव चड्ढा के साथ अपनी शादी की तैयारियों में भी व्यस्त रहने वाली हैं। डेट क्लैश को देखते हुए परिणीति चोपड़ा और निर्माता दिनेश विनन ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। कथित तौर पर निर्माताओं ने परिणीति की भूमिका के लिए वामीका गब्बी से संपर्क किया है।

साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म शिद्दत में सनी कौशल और राधिका मदान मुख्य भूमिका में नजर आए थे। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थे, जिसका निर्देशन कुणाल देशमुख ने किया था। फिल्म में राधिका-सनी को जोड़ी और केमिस्ट्री को लोगों का भरपूर प्यार मिला था। शिद्दत के सीक्वल का निर्देशन करण शर्मा द्वारा किया जाएगा।

योग करने से आती है पॉजिटिविटी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री हंसिका मोटवानी ने बुधवार सुबह योग आसन किए। अभिनेत्री ने कहा कि योग आपके भीतर पॉजिटिविटी लाता है। उन्होंने बताया कि वह रोजाना योग करती हैं और वह अपनी फिटनेस का खास ध्यान रखती है। योग के प्रति अपने पेशन को लेकर हंसिका ने कहा कि फिटनेस सभी के लिए मंत्र होना चाहिए। यह आपके अंदर पॉजिटिविटी तो लेकर आता ही है, साथ में आपका मन भी शांत रखता है। उन्होंने कहा कि रोजाना सिर्फ 15 मिनट का योग करने से आपके अंदर बहुत बदलाव आएंगे।

आनंद एल राय ने अनाउंस की तेरे इश्क में

डायरेक्टर आनंद एल राय की सुपरहिट फिल्म 'रांझणा' 2013 में रिलीज हुई थी। बुधवार को इस फिल्म की रिलीज के दस साल पूरे होने पर आनंद ने अपनी अगली फिल्म 'तेरे इश्क में' की अनाउंसमेंट की है। इस फिल्म में भी लीड एक्टर धनुष ही होंगे। यह तीसरी बार होगा जब आनंद और धनुष साथ काम करेंगे। इससे पहले दोनों 'रांझणा' (2013) और 'अतरंगी रे' (2021) में साथ काम कर चुके हैं। फिल्म का म्यूजिक ए आर रहमान देंगे। इसकी कहानी हिमांशु शर्मा और नीरज यादव ने लिखी है। इस अनाउंसमेंट के साथ मेकर्स ने एक टीजर शेयर किया है जिसे देखकर फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। इसे शेयर करते हुए आनंद ने लिखा, 'कुछ कहानियां किसी पुराने दोस्त जैसी मिल जाती हैं जो हाथ नहीं मिलातीं, सीधे आके गले लग जाती हैं। 10 साल पहले एक ऐसी ही कहानी मिली थी हमें.. कुंदन की कहानी। दोस्त था मेरा, पर जी ना सका.. उसका मूड नहीं था जीने का..अब दस साल बाद फिर एक किस्सा आया है, कुंदन और ये लड़का एक से ही हैं, बस इसका मूड दुनिया फूंक देने का है.. सिर्फ आपके लिए 'तेरे इश्क में..' फिल्म के टीजर में धनुष हाथ में जलती हुई कांच की बोतल लेकर दौड़ते नजर आ रहे हैं। वॉइस ओवर में उन्हीं की आवाज में डायलॉग चल रहा है, 'तेरे माथे की बिंदी मेरे हाथों की लकीरें खा जाती है, अपनी मांग के सिंदूर से क्या हर बार मेरी सांस, मेरी धड़कनों को टोकोगे, पिछली बार तो कुंदन था मान गया, पर इस बार शंकर को कैसे रोकोगे।'

बिग बी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने पर बोली पूजा हेगड़े

बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े, मेगास्टार अमिताभ बच्चन के साथ एक विज्ञापन में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने सेट से एक झलक साझा की है। एक्ट्रेस ने अपनी एक्साइटमेंट को साझा करते हुए, इंस्टाग्राम पर बिग बी की फोटो शेयर करते हुए उनकी तारीफ की। इस पल को कैद करते हुए एक्ट्रेस ने एक ब्लैक-एंड-व्हाइट तस्वीर फोस्ट करते हुए, अमिताभ बच्चन के काम के बारे में अपनी टिप्पणी दी। एक्ट्रेस ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, बस इस दिग्गज को काम करते हुए देख रही हूं! हमारे द्वारा शूट किए गए नए विज्ञापनों को देखने के लिए आप सभी का इंतजार नहीं कर सकती। कितना मजेदार था। रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में एक्ट्रेस अपने अगले बड़े बजट की तेलुगु एक्शन ड्रामा गुंटूर करम के लिए तैयार हैं। अमिताभ बच्चन को हाल ही में ब्रह्मास्त्र- पार्ट वन-शिवा, ऊंचाई और अलविदा जैसी फिल्मों में देखा गया था। उनके पास ढेर सारे प्रोजेक्ट हैं, जिनमें गणपथ और प्रोजेक्ट के शामिल हैं।

मॉनसून में देरी से बढ़ा महंगाई डायन का खतरा, हरकत में आई सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के कई हिस्सों में मॉनसून में देरी को देखते हुए खाद्य वस्तुओं की सप्लाई को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। कृषि, खाद्य और उपभोक्ता मामले के मंत्रालयों में अनाज की बुवाई से लेकर उत्पादन के अनुमान के आंकड़े जुटाए जा रहे हैं। खाद्य वस्तुओं के भंडारण को बढ़ाने के वस्तुओं की खरीदारी में तेजी लाई जा रही है। खाद्य मंत्रालय का कहना है कि चाहे चीनी हो या गेहूं किसी वस्तु की मार्केट में कमी नहीं होने देंगे। एक सीनियर अफसर का कहना है कि जल्द ही फेस्टिव सीजन शुरू होने वाला है। इसमें चीनी, चना, गेहूं, आटा, मैदा, चावल और मूंग समेत अन्य दालों की डिमांड चरम पर होगी। सरकार की पहली प्राथमिकता है किसी भी तरह से बढ़ती डिमांड के अनुसार इसकी सप्लाई मार्केट में की जाए। इसको लेकर योजना पर काम चल रहा है।

खाद्य मंत्रालय के अनुसार चावल और गेहूं खरीद में तेजी लाई जा रही है। चावल खरीद चालू मार्केट सीजन 2022-23 में अबतक बढ़कर 5.58 करोड़ टन पर पहुंच गई है। वहीं रबी मार्केटिंग ईयर 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में अब तक गेहूं की खरीद 2.62 करोड़ टन रही है, जो पिछले साल की कुल खरीद 1.88 करोड़ टन से कहीं अधिक है। मंत्रालय का कहना है कि गेहूं और चावल की मौजूदा खरीद से सरकारी भंडार में पर्याप्त खाद्यान्न है। गेहूं और चावल का कुल मिलाकर स्टॉक 5.7 करोड़ टन पर पहुंच गया है, जो देश की खाद्यान्न जरूरतों के लिहाज से संतोषजनक है। एफसीआई राज्य एजेंसियों के साथ मूल्य समर्थन योजना के तहत धान और गेहूं की खरीद करता है। धान की खरीद की जाती है और उसे मिलों में चावल में बदला जाता है।

स्टॉक की स्थिति- मंत्रालय के अनुसार, मौजूदा खरीफ मार्केटिंग ईयर (अक्टूबर-सितंबर) में 19 जून तक 5.58 करोड़ टन चावल की खरीद की गई थी। केंद्रीय पूल में लगभग 4.01 करोड़ टन चावल आ चुका है। वहीं डेढ़ करोड़ टन चावल अभी मिलना बाकी है। इधर कृषि मंत्रालय के तीसरे अनुमान के अनुसार, चावल उत्पादन 2022-23 फसल वर्ष के लिए रेकॉर्ड 13.55 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जबकि पिछले साल यह 12.94 करोड़ टन था। गेहूं के मामले में 21.29 लाख किसानों को लगभग 55,680 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान किया गया है।

अगर अल नीनो का ज्यादा असर हुआ तो बिस्किट, ब्रेड, पैकेज्ड फूड, बेवरेज आइटम्स जैसे फास्ट मूविंग कंस्यूमर फूड प्रॉडक्ट महंगे हो सकते हैं। इनकी डिमांड में कमी आ सकती है। बीएनपी परिबास की रिपोर्ट के अनुसार अल नीनो का सबसे अधिक असर स्नस्ष्टत सेक्टर पर पड़ सकता है। इन प्रॉडक्ट की डिमांड सुस्त पड़ सकती है। यह कम से कम रूरल इकॉनमी को पटरी पर से उतार भी सकता है। इससे बेशक कंपनियों के मार्जिन पर असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर अल नीनो ने अपना पूरा प्रभाव दिखाया तो इससे देश की इकॉनमी और मार्केट पर असर पड़ना तय है। यह कितना पड़ेगा, यह देखने वाली बात रहेगी। इधर कमोडिटी मार्केट एक्सपर्ट एस. वासुदेवन का कहना है कि अल नीनो का स्नस्ष्टत सेक्टर पर ज्यादा असर पड़ने की बात इसलिए कही जा रही है कि अगर चीनी, आटा, चावल महंगे होंगे तो इनसे बनने वाली चीजें महंगी होनी तय है। कोई भी कंपनी लागत बढ़ने का बोझ अपने ऊपर नहीं लेती है। अगर लेती भी है तो वह अपने प्रॉफिट मार्जिन का हिसाब लगाकर ऐसा करती है। ऐसे में स्नस्ष्टत के प्रॉडक्ट का महंगा होना तय है। इससे डिमांड कम होगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था पर जालसाजी और तस्करी के घातक प्रभाव के बारे में जागरूकता लाना जरूरी : कोठारी

भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम, भोपाल के प्रबंध निदेशक डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने आज कहा, अतीत में समाज में तस्करी को ग्लैमराइज किया जाता रहा है। इसमें कुछ लोग टैक्स चोरी करते है और अवैध गतिविधियों में तस्करी के पैसे का इस्तेमाल करते है। तस्करी से न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचता है, बल्कि अर्थव्यवस्था की स्थिरता पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। तस्करी से संबंधित खतरों और जोखिमों के बारे में जागरूकता लाना अति आवश्यक है। फिक्की कास्केड (अर्थव्यवस्था को नष्ट करने वाली तस्करी और जालसाजी जैसी गतिविधियों के खिलाफ समिति) की ओर से जालसाजी और तस्करी से निपटने के लिए निवारक रणनीतियां विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉ. कोठारी ने कहा, जालसाजी एक बड़ी समस्या है, विशेषरूप से एफएमसीजी जैसे उपभोक्ता उत्पादों के मामले में जहां 25-30 प्रतिशत उत्पाद नकली हैं।

एनपीएस में बड़े बदलाव पर विचार कर रही है सरकार, अंतिम वेतन का अधिकतम 45 प्रतिशत हो सकती है न्यूनतम पेंशन

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार मौजूदा राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) में बड़े बदलाव पर विचार कर रही है। इसके तहत अंतिम वेतन का 40-45 प्रतिशत तक न्यूनतम पेंशन मिल सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बीते अप्रैल माह में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की समीक्षा के लिए वित्त सचिव टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में कमेटी बनाई थी। केंद्र ने वर्ष 2004 से ओपीएस को समाप्त कर एनपीएस लागू किया था। इसके तहत पेंशन फंड में कर्मचारी अपनी बेसिक सैलरी का 10 तो सरकार 14 प्रतिशत का योगदान देती है। एनपीएस की राशि को बाजार में निवेश किया जाता है और उसके रिटर्न के आधार पर पेंशन राशि निर्भर करती है। वहीं, ओपीएस के तहत न्यूनतम पेंशन अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत है।

अभी 38 प्रतिशत तक मिलती है पेंशन- मौजूद पेंशन में कर्मचारियों को अंतिम वेतन का लगभग 38 प्रतिशत तक पेंशन मिलती है। अगर सरकार 40 प्रतिशत पेंशन सुनिश्चित करती है, तो उस पर 2 प्रतिशत राशि का अतिरिक्त भार पड़ेगा। हालांकि, अगर बाजार में निवेश पर रिटर्न घटता है तो पेंशन के मद में सरकार पर बोझ बढ़ जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, वित्त मंत्रालय ऐसा रास्ता अपनाना चाहता है, जिसके तहत पेंशन का भार सरकार पर कम से कम पड़े। संभावना है कि सरकार जो पेंशन योजना लाएगी, उसे महंगाई भत्ते से नहीं जोड़ा जाएगा।

विपक्ष शासित राज्यों में पुरानी पेंशन लागू होने से बढ़ा दबाव - राजस्थान, पंजाब, झारखंड व हिमाचल प्रदेश में ओपीएस लागू करने की घोषणा के बाद केंद्र पर कोई दूसरी आकर्षक पेंशन योजना लाने का दबाव बढ़ गया है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र नई योजना की घोषणा कर सकता है।

भारत 2028 तक बनेगा दुनिया में सबसे तेज बढ़ने वाला 5जी बाजार, बड़े पैमाने पर लग रहा नेटवर्क

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत 2028 के अंत तक दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ने वाला 5जी बाजार बन जाएगा। इस अवधि तक देश के 70 करोड़ लोग 5जी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करेंगे, जो कुल मोबाइल ग्राहकों का करीब 57 फीसदी होगा। 2022 तक एक करोड़ स्मार्टफोन धारक 5जी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रहे थे। एरिक्सन की ओर से बुधवार को जारी मोबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अक्तूबर, 2022 में शुरुआत होने के बाद 5जी दूरसंचार सेवाओं का बहुत तेजी से विस्तार हो रहा है। इस दौरान भारतीय दूरसंचार बाजार में डिजिटल इंडिया मुहिम के तहत बड़े पैमाने पर 5जी नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है। शुरुआत के चंद महीनों में ही 5जी ग्राहकों की संख्या एक करोड़ के स्तर पर पहुंच गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अगले पांच साल में मोबाइल यूजर्स की कुल संख्या 1.2 अरब पहुंच जाएगी। इनमें से अधिकतर लोग 5जी का इस्तेमाल करेंगे। इसके साथ ही 2028 तक वैश्विक 5जी बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 15 फीसदी से ज्यादा हो जाएगी। इस अवधि तक दुनियाभर में 4.6 अरब लोग 5जी का इस्तेमाल करेंगे।

फिच ने 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी का अनुमान बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत किया

नई दिल्ली, एजेंसी। रेटिंग ऐंजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। पूर्व में फिच ने भारत की वृद्धि दर छह प्रतिशत रहने की बात कही थी। जनवरी-मार्च की तिमाही में बेहतर वृद्धि दर को देखते हुए रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि के अनुमान को बेहतर किया है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही थी। वहीं 2021-22 में देश की अर्थव्यवस्था 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। रेटिंग एजेंसी ने गुरुवार को कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापक रूप से मजबूत है। 2023 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में यह सालाना आधार 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। हाल के महीनों में वाहन बिक्री के आंकड़े बेहतर रहे हैं। इसके अलावा पीएमआई सर्वे और ऋण की वृद्धि भी मजबूत रही है। इसके चलते चालू वित्त वर्ष के लिए हमने वृद्धि दर के अनुमान को 0.3 प्रतिशत बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है।''

गिरे खाद्य तेलों के भाव, उड़द के रेट में भी कमी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में तेल तिलहनों के भाव औंधे मुंह गिर गए। इस गिरावट के कारण सभी तेल तिलहन कीमतों में कमी आई। वहीं, इंदौर के संयोगितागंज अनाज मंडी में बुधवार को चना कांटा में 50 रुपये और उड़द के भाव में 100 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। तेल तिलहन कारोबार के जानकार सूत्रों ने बताया कि मलेशिया एक्सचेंज में 4 फीसद की गिरावट चल रही है, जबकि शिकागो एक्सचेंज में सोयाबीन तेल के लिए लोअर सर्किट लगाना पड़ा। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति में देशी खाद्य तेल-तिलहनों की खपत होनी अब काफी मुश्किल दिख रही है। सूत्रों ने कहा कि बंदरगाहों पर सूरजमुखी रिफाइंड तेल का थोक भाव 80 रुपये प्रति लीटर बैठता है और सोयाबीन रिफाइंड तेल का भाव भी 82-83 रुपये प्रति लीटर है। इसके उलट न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के हिसाब से स्थानीय सरसों तेल का थोक भाव पेराई के बाद 125 रुपये लीटर और सूरजमुखी तेल का थोकभाव पेराई के बाद 135 रुपये लीटर बैठता है।

एलन मस्क को 10.7 अरब डॉलर का तगड़ा झटका

टेस्ला के शेयरों में गिरावट से नेटवर्थ में आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से न्यूयॉर्क में मुलाकात की थी। उनकी कंपनी टेस्ला ने भारत में भारी निवेश के संकेत दिए थे। इससे कंपनी के शेयरों में भारी उछाल आई थी और मस्क की नेटवर्थ में 9.95 अरब डॉलर की उछाल आई थी। लेकिन बुधवार को उन्होंने एक ही झटके में इससे ज्यादा दौलत गंवा दी। बुधवार को टेस्ला के शेयरों में 5.46 फीसदी की गिरावट आई। इससे मस्क की नेटवर्थ में 10.7 अरब डॉलर यानी करीब 8,77,97,78,00,000 रुपये की गिरावट आई। मस्क की नेटवर्थ अब 232 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 95 अरब डॉलर की तेजी आई है। मस्क टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ हैं। साथ ही वह सोलरसिटी के चेयरमैन और माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर के मालिक भी हैं।

बुधवार को दुनिया के टॉप 12 अमीरों की नेटवर्थ में गिरावट आई जबकि मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की नेटवर्थ में इजाफा हुआ। मस्क के बाद सबसे ज्यादा नेटवर्थ गंवाने वाले लैरी पेज रहे। उनकी नेटवर्थ में 2.08 अरब डॉलर की गिरावट आई। इसी तरह सर्गेई ब्रिन ने 1.96 अरब डॉलर, स्टीव बाल्मर ने 1.46 अरब डॉलर और जेफ बेजोस ने 1.02 अरब डॉलर की नेटवर्थ गंवाई। दूसरी ओर घरेलू शेयर बाजार में आई रेकॉर्ड तेजी से अंबानी और अडानी का फायदा हुआ। अंबानी की नेटवर्थ में 33 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ जबकि अडानी की नेटवर्थ 22.3 करोड़ डॉलर बढ़ गई।

कौन है टॉप पर- मस्क 232 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में पहले नंबर पर बने हुए हैं। फ्रांस के बर्नार्ड आरनॉल्ट 197 अरब डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर हैं। जेफ बेजोस (149 अरब डॉलर) तीसरे, लैरी एलिसन (135 अरब डॉलर) चौथे, बिल गेट्स (132 अरब डॉलर) पांचवें, वॉरेन बफेट (118 अरब डॉलर) छठे, स्टीव बाल्मर (116 अरब डॉलर) सातवें, लैरी पेज (110 अरब डॉलर) आठवें, सर्गेई ब्रिन (105 अरब डॉलर) नौवें और मार्क जकरबर्ग (103 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। अंबानी 88.7 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में 13वें और अडानी 61.6 अरब डॉलर के साथ 21वें नंबर पर हैं।

सिल्वेस्टर दाकुन्हा का निधन, अमूल वाली लड़की बनाकर ब्रांड को दी थी नई पहचान

नई दिल्ली, एजेंसी। 1960 के दशक में शुरू हुए प्रतिष्ठित अमूल गर्ल अभियान के निर्माता, विज्ञापन उद्योग के दिग्गज सिल्वेस्टर दाकुन्हा का निधन हो गया है। डेयरी प्रोडेक्ट्स की चर्चित कंपनी अमूल के अटरली बटरली गर्ल कैंपेन बनाने वाले सिल्वेस्टर ने 80 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने ट्वीट कर उनके निधन की जानकारी दी।

जीसीएमएमएफ के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा, मुंबई में दाकुन्हा कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष सिल्वेस्टर के निधन से बहुत दुखी है। सिल्वेस्टर दाकुन्हा ने 1966 में जीसीएमएमएफ के स्वामित्व वाले ब्रांड अमूल के लिए अटरली बटरली अभियान की कल्पना की, जिसने अमूल गर्ल को दुनिया के सामने पेश किया जो आज भी जारी है।

सिल्वेस्टर दाकुन्हा के बेटे राहुल दाकुन्हा अब अपने पिता द्वारा शुरू की गई

विज्ञापन कंपनी को संभाल रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सिल्वेस्टर दाकुन्हा को श्रद्धांजलि दी। तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओब्रायन ने सिल्वेस्टर के निधन पर शोक जताया और उन्हें विज्ञापन जगत का दिग्गज बताया।

दुनिया में लंबे समय तक चलने वाले विज्ञापन में से एक - सिल्वेस्टर दाकुन्हा ने 1966 में अमूल गर्ल वाले विज्ञापन की कल्पना की थी। सफेद और लाल रंग के डॉटेड फ्रॉक में नजर आने वाली इस गर्ल की वजह से अमूल ब्रांड को देश और दुनिया में नई पहचान मिली। अमूल के जनरल मार्केटिंग मैनेजर पवन सिंह ने कहा कि सिल्वेस्टर के निधन से दुखी है। उन्होंने कहा कि अमूल गर्ल दुनिया में सबसे लंबे समय तक लगातार चलने वाले विज्ञापन में से एक है। विज्ञापन से कंपनी ने नई ऊंचाइयों को छुआ।

अमेजन प्राइम के फायदों का गुलदस्ता मध्य प्रदेश के ग्राहकों के बीच लगातार बांट रहा है खुशियां

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेजन प्राइम अपने ग्राहकों को खरीदारी से लेकर मनोरंजन जैसे कई बेजोड़ फायदे प्रदान करता है। इसी के साथ ही अमेजन प्राइम ने हमेशा से ही ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने, उन्हें अधिक से अधिक विकल्प प्रदान करने और प्रत्येक ग्राहक के जीवन में ज्यादा से ज्यादा खुशियां भरने का प्रयास किया है। मध्य प्रदेश के मेट्रो शहरों से लेकर बालाघाट, बुरहानपुर, देवास, गुना, मंदसौर, पन्ना और रीवा जैसे छोटे शहरों तक, प्राइम ने भारत के 99.5 प्रतिशत पिन कोड में सेलर्स और छोटे कारोबारियों को सशक्त बना रहा है। इसी के साथ ही अमेजन, देश भर में मौजूद अपने मैंबर्स के लिए शॉपिंग, मनोरंजन और बचत का एक खास मिश्रण पेश करता है। 2016 में लॉन्च होने के बाद से, अमेजन प्राइम अपने सदस्यों की बदलती जरूरतों और मांगों को पूरा करने के लिए अपने लाभों के गुलदस्ते को लगातार बड़ा बनाता जा रहा है। अमेजन प्राइम की एक मैंबरशिप में सदस्यों को ढेरों लाभ मिलते हैं। आज अमेजन प्राइम, अपने मैंबर्स को 40 लाख से अधिक प्रोडक्ट पर अनलिमिटेड मुफ्त वन डे डिलीवरी का लाभ प्रदान करता है। इसके साथ ही ग्राहक अपने को-ब्रांडेड आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हुए अनलिमिटेड 5 प्रतिशत कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं।

केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट ने इंडिया और सार्क ऑपरेशन के लिए शलभ चतुर्वेदी को मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त किया

नई दिल्ली, एजेंसी। सीएनएच इंडस्ट्रियल (एनवाईएसईः सीएनएचआई) के ब्रांड केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट ने श्री शलभ चतुर्वेदी को इंडिया और सार्क क्षेत्र का मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति 01 जून, 2023 से प्रभावी है।

श्री चतुर्वेदी एक दशक से अधिक समय से सीएनएच इंडस्ट्रियल के साथ हैं, कंपनी के निर्माण उपकरण खंड के भीतर वाणिज्यिक, औद्योगिक और अनुसंधान एवं विकास कार्यों में विभिन्न नेतृत्व पदों पर रहे हैं। हाल तक वे ग्लोबल क्वॉलिटी एंड रिलेबिलिटी डायरेक्टर के रूप में कार्य कर रहे थे, जिसमें वह मौजूदा और नए उत्पाद की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और सत्यापन विधियों के लिए जिम्मेदार थे। इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील, इटली और भारत में फैले संयंत्रों में निर्मित सभी निर्माण उपकरण

शामिल थे।

भारत से लेकर दुनियाभर के निर्माण उपकरण परिदृश्य के दो दशकों के अनुभव के साथ, श्री चतुर्वेदी इस क्षेत्र में केस निर्माण उपकरण ब्रांड के रणनीतिक और स्थायी विस्तार के लिए जिम्मेदार होंगे।

अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया प्रशांत में सीएनएच इंडस्ट्रियल कंस्ट्रक्शन सेगमेंट के वाइस प्रेसिडेंट अलेक्जेंडर मार्कोव ने कहा, 'हम मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में शलभ को उनकी नई भूमिका के लिए बधाई देते हैं।' शलभ के पास सफल से लेकर विकासशील बिजनेस का एक ट्रैक रिकॉर्ड है। मुझे विश्वास है कि भारत और सार्क क्षेत्र में केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट बिजनेस को और विस्तार देने के लिए वह नई भूमिका में वह अपने व्यापक अनुभव का इस्तेमाल करेंगे।'

श्री शलभ चतुर्वेदी ने अपनी नियुक्ति पर कहा, 'मेरे लिए यह एक जोशीली टीम का नेतृत्व करने और उद्योग में केस की स्थिति को और मजबूत करने का एक रोमांचक अवसर है।

गैलेक्सी एफ 54 5जी की सेल सेगमेंट में अग्रणी 108 मेगापिक्सल के नो शेक कैमरा, 6000 एमएएच की बैटरी, 6.7' के एसएमोलेड+ डिस्प्ले के साथ आज से शुरू हुई

गुरुग्राम, एजेंसी। सैमसंग के सबसे प्रीमियम एफ सीरीज़ स्मार्टफोन, गैलेक्सी एफ 54 5जी की सेल आज से शुरू हुई। गैलेक्सी एफ 54 5जी की स्लीक और प्रीमियम एस्थेटिक्स के साथ ैलेक्सी के आईकोनिक सिग्नेचर डिज़ाईन के कारण यह स्मार्टफोन बहुत ही आकर्षक दिखाई देता है।

गैलेक्सी एफ 54 5जी में श्रेणी की अग्रणी विशेषताएं हैं, जैसे इसमें 108मेगापिक्सल का नो शेक कैमरा, फ्लैगशिप कैमरा फीचर्स, जैसे एस्ट्रोलैप्स और नाईटोग्राफी, 6000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी और एक बेहतर सुपर एमोलेड+ 120 हर्ट्ज़ डिस्प्ले है,

जिसके कारण यह ग्राहकों को बहुत ही पसंद आएगा।

इस स्मार्टफोन में अन्य आकर्षक विशेषताएं जैसे वॉईस फोकस और सैमसंग वॉलेट मशहूर नॉक्स सिक्योरिटी द्वारा सर्वोच्च स्तर की सुरक्षा प्रदान करती हैं। यह लेटेस्ट वन यूआई 5.1 पर चलता है। इसके साथ चार जनरेशन तक ऑपरेटिंग सिस्टम के अपडेट और पाँच साल तक सिक्योरिटी अपडेट मिलेंगे, ताकि यूज़र्स का अनुभव सदैव विश्वसनीय व अप-टू-डेट बना रहे।

इसके अलावा, गैलेक्सी एफ 54 5जी ईको-फ्रेंडली सामग्री और सस्टेनेबल पैकेजिंग के साथ अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी द्वारा पर्यावरण के लिए सैमसंग की प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित करता है।

मूल्य, ऑफर, एवं उपलब्धताः दो खूबसूरत रंगों- मीटियर ब्लू और स्टारडस्ट सिल्वर में उपलब्ध गैलेक्सी एफ 54 5जी 8जीबी+ 256 2जीबी वैरिएंट में आता है। यह फ्लिपकार्ट, सैमसंग.कॉम, और रिटेल स्टोर्स पर आज से मिलेगा।

इंट्रोडक्टरी ऑफर में गैलेक्सी एफ 54 5जी चुनिंदा बैंक कार्ड्स पर 20 जून तक 27,999 रु. के ऑल-इंक्लुसिव मूल्य में मिलेगा। गैलेक्सी एफ 54 5जी पर ग्राहक आकर्षक नो-कॉस्ट ईएमआई भी प्राप्त कर सकते हैं।

खतरे में सहवाग का 319 का रिकॉर्ड, 5 भारतीय क्रिकेटर तोड़ने का रखते हैं दम

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया के अपने समय के स्टार सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने अपने करियर में कई बड़े स्कोर बनाया है। वीरू को विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी करना पसंद था। ऐसे में उन्होंने 2008 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में 319 रन बना दिए थे। इससे ज्यादा रन भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में किसी और खिलाड़ी ने नहीं बनाए। 15 साल बाद भी सहवाग का यह रिकॉर्ड कायम है। हालांकि टीम इंडिया में कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो वीरू का यह रिकॉर्ड धवस्त कर सकते हैं।

शुभमन गिल

टीम इंडिया के युवा स्टार सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल इस समय प्रचंड फॉर्म में चल रहे हैं। उनका बल्ला जमकर बोल रहा है। गिल लंबी रेस के घोड़े हैं। उन्हें बड़ी पारियां खेलना पसंद है। गिल के पास सहवाग के 319 रन के रिकॉर्ड को तोड़ने की क्षमता है।

विराट कोहली

भारतीय क्रिकेट टीम के रन मशीन विराट कोहली भी उन खिलाड़ियों में से हैं जो सहवाग का रिकॉर्ड चकनाचूर करने का दम रखते हैं। उनके नाम टेस्ट में 28 शतक हैं, जिसमें से 7 को उन्होंने दोहरे शतक में तब्दील किया है। किसी रोज अगर कोहली की किस्मत ने उनका साथ दिया तो वह 319 से ज्यादा बनाकर सहवाग का रिकॉर्ड धवस्त कर देंगे।

चेतेश्वर पुजारा

टीम इंडिया के टेस्ट में टॉप ऑर्डर बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का नाम उन खिलाड़ियों की लिस्ट में शुमार है जो सहवाग के 319 रन का रिकॉर्ड तोड़ने का दम रखते हैं। पुजारा ने अपने टेस्ट करियर में कुल 19 शतक लगाए हैं, जिसमें से तीन उन्होंने दोहरे शतक में बदले हैं।

अजिंक्य रहाणे

भारतीय टेस्ट टीम के मिडिल ऑर्डर के अहम बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने ड्ढञ्जष्ट फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गजब बल्लेबाजी की थी। वहीं रहाणे ने टीम इंडिया के लिए कई बड़ी पारी खेली हैं। एक बार अगर यह पिच पर टिक गए तो सहवाग का रिकॉर्ड धवस्त कर सकते हैं।

रोहित शर्मा

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टेस्ट में अब तक इतना नाम नहीं कमाया। लेकिन वनडे में उनके नाम सबसे ज्यादा 264 रन बनाने का रिकॉर्ड है। अगर वह वनडे में इतने रन बना सकते हैं तो जाहिर सी बात है वह टेस्ट में भी 319 से ज्यादा रन बनाने का दम रखते हैं। रोहित को टेस्ट में सिर्फ एक हिटमैन वाली पारी की जरूरत है, जिससे वह वीरू का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

याद रखने योग्य क्रिकेटर नहीं है ओली रॉबिनसन : मैथ्यू हेडन



मेलबर्न (एजेंसी)। आस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिनसन को 'भूलने योग्य ' क्रिकेटर करार दिया है जबकि पूर्व विकेटकीपर इयान हीली ने तो उन्हें पहचानने से इनकार कर दिया । पहले एशेज टेस्ट में आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को 141 के स्कोर पर आउट करने के बाद छींटाकशी करने वाले रॉबिनसन की काफी आलोचना हुई । वह दूसरी पारी में पुछल्ले बल्लेबाज पैट कमिंस और नाथन लियोन के विकेट नहीं ले सके और आस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट दो विकेट से जीता ।

हेडन ने 'सेन रेडियो' से कहा ,''पैट कमिंस ने बताया कि इंग्लैंड का सामना कैसे करना है । पैट कमिंस ने जो रूट को दो छक्के जड़े तब यह दूसरा गेंदबाज (रॉबिनसन) आया । वह याद रखने योग्य भी नहीं है। यह 124 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकता है, लेकिन यह किसी भी काम का नहीं। हेडन ने रॉबिनसन को पहचानने से भी इनकार करते हुए कहा ,'' कौन है ओली रॉबिनसन, वह ऐसा खिलाड़ी है जिसे देखकर आप सोचते हैं कि मैं इसकी खबर लेता हूं।

बता दें कि ओली रॉबिन्सन ने ख्वाजा का विकेट लेने के बाद उन्हें गाली दी थी और बाद में इसे सही ठहराते हुए कहा था कि रिकी पोटिंग भी ऐसा किया करते थे। फिर आईसीसी के रिव्यू पॉडकॉस्ट में रिकी पोटिंग ने कहा कि इस इं?लैंड टीम ने अभी ऑस?ट्रेलिया के खिलाफ नहीं खेला है। उन?हें जल?दी ही पता लग जाएगा कि एशेज क्रिकेट खेलना और बेहतरीन ऑस?ट्रेलियाई टीम के खिलाफ खेलना क?या है? अगर उसने पिछले एक हफ्ते के बाद से यह नहीं सीखा है, तो वह स?लो लर्नर है।

हसीन जहां ने आंखें बंद कर दिया पोज, मोहम्मद शमी पर साधा निशाना

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट मोहम्मद शमी और उनकी पत्नी हसीन जहां के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा है। इस कारण दोनों अलग भी रहते हैं। हसीन जहां इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं, जहां वह आए दिन वीडियो व तस्वीरें साझा करती हैं। फिलहाल, हसीन जहां ने अपनी आंखें बंद कर पोज देते हुए खूबसूरत फोटो तस्वीर शेयर की है, जिसके साथ ही उन्होंने कैप्शन देते हुए कुछ कहकर शमी पर निशाना साधा है। तस्वीर में हसीन जहां लाल रंग की प्रिंटेड साड़ी संग काले रंग का ब्लाउज पहने नजर आ रही है। वह आखों को बंद कर फोटो के लिए पोज देती हुई नजर आ रही हैं। इस पोस्ट में जिस चीज ने लोगों का ध्यान सबसे ज्यादा खिंचा वो है फोटो के साथ दिया गया कैप्शन।

हसीन जहां ने कैप्शन में लिखा है, 'किसी का बुरा करने में अगर कोई सफल होता तो हर कोई बुरा करने पर उतारू होता. दूसरों का बुरा कर अगर खुद वो अच्छे से रह पाता तो हर कोई बुरा नहीं हो जाता. दुनिया में कोई चाहे कितना ही बड़ा तीसमार खां ही क्यों न हो, जिंदगी उसे भी उसकी औकात दिखाती जरूर है। इसलिए इंसान को ये बात याद रखनी चाहिए की एक शक्ति सब पर नजर रखे हुए हैं और पूरी कायनात उसी के हाथों चलती है।' हालांकि हसीन जहां ने शमी का जिक्र नहीं किया, लेकिन यूजर्स का मानना है कि वह शमी को ये बाते सुना रही हैं। कुछ यूजर्स पोस्ट देखकर हसीन जहां की सराहना कर रहे हैं तो कुछ यूजर्स शमी के पक्ष में कमेंट्स करते नजर आए।

श्री कृष्ण की शरण में पहुंचे कुलदीप यादव, बांके बिहारी मंदिर में किए दर्शन

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के खत्म होने के बाद से रेस्ट पर चल रही है। जून के महीने में टीम की कोई सीरीज नहीं है। अब सीधा 12 जुलाई से रोहित सेना वेस्टइंडीज के साथ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी।

इसके बाद टीम इंडिया 3 वनडे और 5 टी20 भी कैरेबियन टीम के साथ खेलेगी। भारत अगले महीने इन मुकाबलों के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करने वाली है हालांकि वेस्टइंडीज जाने से पहले खिलाड़ी अपनी छुट्टियां मना रहे हैं। ऐसे में टीम के अनुभवी चाइनामैन कुलदीप यादव वृंदावन में दिखाई दिए, जिसके चलते वह सुर्खियों में है।

भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी कुलदीप यादव इस वक्त वृंदावन में हैं। जहां वह बांके बिहारी मंदिर में भगवान कृष्ण के दर्शन भी करके आए हैं। उनकी कुछ तस्वीरें भी मंदिर से सामने आई हैं। इतना ही नहीं बल्कि कुलदीप यादव ने खुद सोशल मीडिया के सबसे चर्चित प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर स्टोरी डाली है, जिसमें देखा जा सकता है कि कुलदीप बांके बिहारी मंदिर में हैं। यह पहले टीम इंडिया के खिलाड़ी नहीं हैं जिन्हें मंदिर में भगवन जी के दर्शन करते हुए देखा गया है।

उम्र और हालात को धता बताकर सुनील छेत्री ने किया करिश्माई प्रदर्शन

बेंगलुरू (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच के दौरान यहां वेस्ट ब्लॉक ब्लूज स्टैंड पर एक बड़े से बैनर पर लिखा था, 'अमर है नंबर 11। यह सुनील छेत्री के लिए दर्शकों की ओर से सम्मान की बानगी थी जिन्होंने भारतीय कप्तान के हर मूव की हौसलाअफजाई की। श्री कांतीर्वा स्टेडियम पर भारत ने 4.0 से जीत दर्ज की जिसमें 11 नंबर की जर्सी वाले छेत्री की हैट्रिक शामिल थी।

38 बरस की उम्र में जब खिलाड़ी संन्यास के बारे में सोचने लगते हैं, तब भी छेत्री दर्शकों के लिए आकर्षण का सबसे बड़ा केंद्र है। उनके खेल पर मानो उम्र का कोई असर ही नहीं है। पिछले शनिवार को भारत ने फीफा रैंकिंग में अपने से बेहतर टीम लेबनान को 2.0 से हराकर इंटर कांटिनेंटल की जीता और उसमें भी पहला गोल छेत्री का था। भारी बारिश के बीच भी यहां स्टेडियम में दर्शक भारी संख्या में उमड़े थे और उन्हें जीत से कम कुछ गंवारा नहीं था।

भारत और पाकिस्तान के बीच खेल के मैदान पर बरसों से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता हर मुकाबले को खास बनाती आई है और छेत्री अपनी ओर से इसे यादगार बनाना चाहते थे। छेत्री ने आईएसएल के एक वीडियो में कहा था, 'पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले जब भी हम खिलाड़ियों से मिलते तो काफी दोस्ताना बात होती है। मैं एक या दो बार पाकिस्तान गया तब भी काफी दोस्ताना माहौल था। वे पंजाबी बोलते हैं और हम भी पंजाबी में बात करते थे। लेकिन सीटी बजने के बाद पता नहीं क्या हो जाता है।

उन्होंने कहा, 'शायद हमारी और उनकी परवरिश ही ऐसे हुई है। हम उनसे कभी नहीं हारना चाहते और यही बात उनके बारे में भी कही जा सकती है। भारत के लिए 138 मैचों में 90 गोल कर चुके छेत्री सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में क्रिस्टियानो रोनाल्डो (123), अली देइ (109) और लियोनेल मेस्सी (103) के बाद चौथे स्थान पर हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद छेत्री ने कहा था, 'क्लीन शीट रखकर बहुत खुशी मिलती है। यही हमारा पहला लक्ष्य था। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में गोल करना आसान नहीं है। इसके बाद हर मैच में हमें और बेहतर प्रदर्शन करना होगा। परफेक्शन पर छेत्री का फोकस कमाल का है। हर खिलाड़ी की तरह एक दिन उनके कैरियर का भी पटाक्षेप होगा लेकिन तब तक मैच दर मैच उनके शानदार प्रदर्शन पर तालियां पीटने के लिए तैयार रहिए।

टेक महिंद्रा ग्लोबल चैस लीग

आनंद महिंद्रा और विश्वनाथन आनंद ने किया शुभारंभ

दुबई (एजेंसी)। भारतीय शतरंज के साथ साथ अब दुनिया भर की शतरंज का समय बदलने जा रहा है । जिस तरह आईपीएल नें क्रिकेट की तस्वीर बदल दी अब वैसी ही कुछ उम्मीद ग्लोबल चैस लीग (जीसीएल) से लोग कर रहे है । भारत की टेक महिंद्रा और विश्व शतरंज संघ सयुंक्त रुप से इस टूर्नामेंट का आयोजन दुबई मे करने जा रहे है । एक रंगारंग कार्यक्रम मे भारत के पाँच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद और भारत के जाने माने उद्योगपति आनंद महिंद्रा नें पहली चाल चलकर इस टूर्नामेंट का उदघाटन किया ।

ग्लोबल चैस लीग के पहले संसकरण में कुल छह टीमों को शामिल किया गया है जो डबल राउंड रॉबिन आधार पर कुल आपस में दस मुक़ाबले खेलेंगी और इसके बाद शीर्ष टीम प्ले ऑफ में प्रवेश करेगी ।

प्रतियोगिता में एक अलग तरह का स्कोरिंग सिस्टम रखा गया है जिसमें काले मोहरो से जीतने वाले खिलाड़ी को एक अतिरिक्त अंक मिलेगा । प्रतियोगिता में आज दो मुक़ाबले होंगे जिसमें त्रिवेणी कॉन्टिनेन्टल किंग से मुंबा मास्टर्स और चिंगारी गल्फ टाइटन्स से गैंग ऑफ ग्रांड मास्टर्स का मुक़ाबला होगा ।

धोनी को लेकर सीएसके सीईओ का बड़ा बयान आया सामने

वह जानता है कि उन्हें क्या करना है

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान एमएस धोनी के उल्लेखनीय समर्पण और प्रतिबद्धता ने टीम को 2023 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जीतने में मदद की। फाइनल के बाद की प्रस्तुति के दौरान धोनी ने व्यक्त किया कि खिताब जीतने के बाद संन्यास लेना आदर्श समय होगा, लेकिन उन्होंने कम से कम एक और सीजन के लिए खेलने की बात कही है। आईपीएल 2023 के समापन के बाद से ही धोनी के अगले आईपीएल में खेलने या ना खेलने की खबरें जोरों पर हैं जिस पर अब सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन ने सब साफ कर दिया है।

विश्वनाथन ने पुष्टि की कि धोनी तीन सप्ताह के लिए आराम करना चाहते हैं और फिर अपना रिहैब शुरू करना चाहते हैं, यह कहते हुए कि धोनी खुद अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में फैसला करेंगे और सीएसके के मालिक एन श्रीनिवासन को सूचित करेंगे। 2008 से धोनी ने टीम प्रबंधन से सीधा संवाद बनाए रखा है।

उन्होंने कहा, वास्तव में उन्होंने फाइनल खत्म होने के तुरंत बाद हमें बताया कि वह मुंबई जाएंगे, सर्जरी कराएंगे और रिहैब के लिए रांची वापस जाएंगे। मुंबई में रुतुराज की शादी 4 जून को थी इसके बाद मैं उनसे मिलने गया था। यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। वह काफी सहज हैं। उन्होंने कहा कि वह तीन सप्ताह तक आराम करेंगे और फिर अपना रिहैब शुरू करेंगे। और जैसा उन्होंने कहा, वह नहीं जा रहे हैं। जनवरी-फरवरी तक खेलने के लिए हमें उसे ये सब याद दिलाने की जरूरत नहीं है। सीएसके के सीईओ ने कहा, वह जानता है कि क्या करना है, इसके बारे में कैसे जाना है, इसलिए हम उससे नहीं पूछेंगे तुम क्या, कैसे करने जा रहे हो आदि।

पीसीबी के संभावित अध्यक्ष जका अशरफ का बड़ा फैसला

एशिया कप का 'हाइब्रिड मॉडल' ठुकराया

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के संभावित अगले अध्यक्ष जका अशरफ ने पाकिस्तान और श्रीलंका में सितंबर को होने वाले आगामी एशिया कप के लिए नजम सेठी के 'हाइब्रिड मॉडल' को ठुकरा दिया है। अशरफ ने इस्लामाबाद में बुधवार को कहा, 'पहली बात तो यह है कि मैं पहले भी एशिया कप के हाइब्रिड मॉडल को खारिज कर चुका हूं क्योंकि मैं इससे सहमत नहीं हूं। एशियाई क्रिकेट परिषद के बोर्ड ने फैसला किया था कि यह टूर्नामेंट पाकिस्तान में होगा तो यहीं होना चाहिए।

अशरफ के इस बयान के बाद भारत में इस साल के आखिर में होने वाले वनडे विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी भी खटाई में पड़ गई है। समझा जाता है कि पाकिस्तान के सहमति जताने के बाद पीछे हटने से बीसीसीआई भी कड़ा रूख अपना सकता है। एसीसी के कार्यकारी बोर्ड ने हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी है। अशरफ अगर अपना रूख नहीं बदलते हैं तो एशिया कप पाकिस्तान के बिना ही खेला जा सकता है।

एसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने कहा, 'एशिया कप मॉडल को एसीसी ने स्वीकार किया है और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। अशरफ जो चाहे, वह कहने के लिए स्वतंत्र हैं।% पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के करीबी अशरफ का पीसीबी अध्यक्ष बनना तय है चूंकि प्रधानमंत्री ही बोर्ड का मुख्य संरक्षक भी है और नियुक्तियां उनकी मर्जी से ही होती है। हाइब्रिड मॉडल को बीसीसीआई सचिव जय शाह की अध्यक्षता वाली एसीसी ने स्वीकार किया था। भारत ने साफ तौर पर कहा था कि वह पाकिस्तान खेलने नहीं जाएगा।

सेठी के अध्यक्ष पद से हटते ही 48 घंटे में हालात बदल गए। सेठी ने कहा था कि वह आसिफ जरदारी और शाहबाज शरीफ के बीच मतभेद का कारण नहीं बनना चाहते और इसी वजह से अध्यक्ष पद की दौड़ से हट रहे हैं। अशरफ ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वह नहीं चाहते कि बेमानी मैच पाकिस्तान में कराए जाएं। उन्होंने कहा, 'सभी मुख्य मैच पाकिस्तान से बाहर होंगे। नेपाल और भूटान जैसी टीमें पाकिस्तान में खेलेंगे जो गलत है। मुझे नहीं पता कि बोर्ड ने पहले किस पर मंजूरी दी। मैं देखता हूं कि इतने कम समय में क्या हो सकता है। हम वही करेंगे जो पाकिस्तान के लिए बेहतर हो।

उन्होंने यह भी कहा कि विश्व कप का मसला अभी हल नहीं हुआ है जिसके मायने हैं कि कार्यक्रम जारी करने में अभी और विलंब होगा। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के सामने चुनौतियां है। कई लंबित मसले हैं। एशिया कप है और फिर विश्व कप है। मैं किसी के खिलाफ नहीं बोलना चाहता क्योंकि अभी मैने पद नहीं संभाला है। पद संभालने के बाद देखते हैं कि क्या हालात है।

भारत-पाक मैच में भिड़ंत पर बोले इंडिया के मुख्य कोच इगोर स्टिमक, ...तो मैं फिर ऐसा करूंगा

बेंगलुरू (एजेंसी)। भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने पाकिस्तान के खिलाफ यहां सैफ चैंपियनशिप के पहले मैच में टीम की 4-0 की जीत के दौरान अपनी हरकत का बचाव करते हुए कहा है कि 'अन्यायपूर्ण फैसलों' के खिलाफ अपने खिलाड़ियों को बचाने के लिए वह फिर ऐसा करेंगे। बुधवार को श्री कांतीर्वा स्टेडियम में विरोधी खिलाड़ी को जानबूझकर रोकने के लिए स्टिमक को लाल कार्ड दिखाया गया था।

स्टिमक ने ट्वीट किया, 'फुटबॉल जुनून से जुड़ा है, विशेषकर तब जब आप अपने देश के लिए खेल रहे हों। आप कल के मेरे काम के लिए मेरे से नफरत या प्यार कर सकते हो लेकिन मैं एक योद्धा हूं और अगर मैदान पर अनुचित फैसलों के खिलाफ हमारे खिलाड़ियों को बचाने की जरूरत पड़ेगी तो मैं फिर ऐसा करूंगा।

बारिश के बीच पहले हाफ में भारत ने सुनील छेत्री के दो गोल से 2-0 की बढ़त बनाई लेकिन स्टिमक के अविवेक के एक क्षण ने अचानक माहौल को गरमा दिया। बेहद अनुभवी कोच और खिलाड़ी स्टिमक ने पाकिस्तान के खिलाड़ी अब्दुल्ला इकबाल से गेंद छीनने का प्रयास किया जबकि वह 'थ्रो-इन' ले रहा था।

इस पर कुछ मेहमान खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ के कुछ सदस्यों ने नाराजगी जताई।

रैफरी प्रज्जवल छेत्री और अन्य मैच अधिकारियों को इसके बाद हस्तक्षेप करके मामले को शांत कराना पड़ा। खिलाड़ियों के बीच गरमा-गरमी थमने के बाद रैफरी छेत्री ने विरोधी खिलाड़ी को जानबूझकर रोकने के लिए फुटबॉल नियमों के अनुसार स्टिमक को लाल कार्ड दिखाया। स्टिमक को इसके बाद बाकी मैच के दौरान टचलाइन पर खड़े होने की स्वीकृति नहीं थी और भारत के पूर्व डिफेंडर महेश गवली ने आगे उनकी भूमिका निभाई।

भारत और पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ियों को भी इस मामले में गैरजरूरी रूप से हस्तक्षेप के लिए पीले कार्ड दिखाए गए। पाकिस्तान की हार के बाद भारत के सहायक कोच गवली ने कहा कि स्टिमक को लाल कार्ड दिखाया जाना थोड़ा कड़ा था लेकिन रैफरी को नियमों के अनुसार काम करना था। गवली ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''हां, यह अपराध था और अगर आप नियमों के अनुसार चलो तो इसके लिए अधिकतर लाल कार्ड दिखाया जाता है। लेकिन हमें लगता है कि यह कोच के प्रति थोड़ा कड़ा था।

रिश्तेदारों ने गहने चुराने के शक में 23 साल की युवती को पीट-पीटकर मारा, बहन को भी किया अधमरा

नई दिल्ली, एजेंसी। गाजियाबाद की बागू कॉलोनी में बहन की ननद-नंदोई ने गहने चुराने के शक में सहारनपुर की 23 वर्षीय एक युवती की पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी दंपति ने मृतका की बहन को भी पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। बुधवार सुबह सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां युवती का शव पड़ा मिला। उसकी बहन घायल अवस्था में पड़ी थी। मृतका की घायल बहन की शिकायत पर पुलिस ने दंपति समेत आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है।

बागू कॉलोनी की गली नंबर-6 में रहने वाले रमेश कुमार अंबाला में कपड़ों की फेरी लगाता है।19 जून को रमेश के बेटे का जन्मदिन था। उसने पार्टी का आयोजन कर रिश्तेदारों को बुलाया था। जन्मदिन की पार्टी में उसकी पत्नी हिना के भाई शाहरुख और भाभी सानिया और उसकी सहारनपुर में रहने वाली बहन समीना अपने पिता अब्दुल रहमान के साथ आई थी। देर रात तक पार्टी चली और मंगलवार सुबह सभी रिश्तेदार लौट गए। उनके

जाने के बाद रमेश और हिना को पता चला कि घर में रखे करीब पांच लाख रुपये के जेवर चोरी हो गए हैं। उन्होंने पार्टी में शामिल रहे सभी रिश्तेदारों को वापस बुला लिया। मंगलवार देर रात तक सभी रिश्तेदार पहुंच गए। सानिया मंगलवार रात को हिना के घर पहुंच गई थी। हिना और उसके पति ने सानिया के साथ मारपीट शुरू की तो उसने आशंका जाहिर की शायद उसकी बहन समीना गहने ले गई हो। इसके बाद समीना और उसके परिजनों को बुलाने के लिए हिना ने झूठ बोला। उसने समीना से कहा था कि उसकी बहन सानिया और जीजा शाहरुख का एक्सीडेंट हो गया है। दोनों की हालत गंभीर हैं, लिहाजा वह जल्दी से आ जाए।

दम तोड़ने तक समीना को पीटते रहे: समीना के आने के बाद रमेश और हिना ने जेवर चोरी के बारे में उससे पूछताछ शुरू कर दी। सच उगलवाने के लिए दोनों ने उसे लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। गहने चुराने से मना करने के बावजूद दोनों बहनों को बेरहमी से पीटा गया, जिससे समीना की मौत हो गई और सानिया भी अधमरी हो गई। पुलिस के मुताबिक, समीना की हत्या करने के बाद आरोपी दंपति अपने साथियों के साथ सहारनपुर पहुंचा और गहने खोजने के लिए समीना के घर की तलाशी ली, लेकिन उन्हें वहां गहने नहीं मिले।

तेज आवाज में गाने बजाकर मारपीट: मारपीट के दौरान आवाज बाहर न जाए, इसके लिए आरोपियों ने तेज आवाज में गाने बजाकर समीना और सानिया को बेरहमी से पीटा। बुधवार सुबह पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल सानिया की शिकायत पर रमेश, उसकी पत्नी हिना, बेटे सनी, दोस्त हिमांशु, साढ़ू नौशाद और माजिद, रिश्तेदार इशान उर्फ जीशान और रुक्सार पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है।

रिश्तेदारों ने सबूत मिटाए, कपड़े बदले: पुलिस के मुताबिक, समीना और सानिया को इतनी बेरहमी से पीटा गया था कि समीना बुरी तरह लहूलुहान हो गई थी। समीना की हत्या करने के बाद आरोपियों ने सबूत मिटाने का प्रयास किया। हिना की रिश्तेदार रुकसार ने समीना के कपड़े बदले और घर में फैला खून साफ किया। बताया गया है कि आरोपियों ने पुलिस को सूचना देने के बजाए खुद गहने चोरी होने की पड़ताल शुरू कर दी और चोरी के शक में रात भर रिश्तेदारों के खिलाफ ऑपरेशन मारपीट चलाया।

कांग्रेस ने मणिपुर संकट पर अमित शाह की सर्वदलीय बैठक को देर से उठाया गया कदम कहा

नई दिल्ली, एजेंसी। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मणिपुर संकट पर विचार-विमर्श के लिए 24 जून को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक को कांग्रेस ने बहुत देर से उठाया गया कदम करार दिया। शाह पर निशाना साधते हुए कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने कहा, मणिपुर में मौत और विनाश के 50 दिनों के बाद, गृह मंत्री अमित शाह का सर्वदलीय बैठक का आह्वान बहुत देर हो चुकी है। सरकार मणिपुर के लोगों को सोनिया गांधी जी के संबोधन के बाद ही जागी। सरकार की आलोचना करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि सबसे पहले, इतनी गंभीर बैठक से प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) की अनुपस्थिति उनकी विफलताओं का सामना करने में उनकी कमजोरी और अनिच्छा को दर्शाती है। उन्होंने कहा, जब कई प्रतिनिधिमंडलों ने उनसे मुलाकात की मांग की, तब भी उनके पास उनके लिए समय नहीं था। उन्होंने कहा, गृह मंत्री की मणिपुर की यात्रा के बाद से चीजें खराब हो गई हैं। क्या हम उनके नेतृत्व में वास्तविक शांति की उम्मीद कर सकते हैं? कांग्रेस के राज्यसभा सांसद ने कहा, शांति के लिए कोई भी प्रयास मणिपुर में होना चाहिए, जहां संघर्षरत समुदायों को चर्चा के लिए एक मेज पर लाया जाता और राजनीतिक समाधान निकाला जाता। वेणुगोपाल ने कहा, अगर यह प्रयास दिल्ली में बैठकर किया जाता है तो इसमें गंभीरता की कमी होगी। पूरे देश को केंद्र सरकार से गंभीर हस्तक्षेप की उम्मीद है, जो अब तक नहीं हुई है। बुधवार को कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक वीडियो बयान में हिंसा प्रभावित मणिपुर में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया और शांति की अपील की। गौरतलब है कि मणिपुर में 3 मई से हुई हिंसक झड़पों के बाद 100 से अधिक लोग मारे गए हैं और लगभग 50,000 लोग राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं।

पश्चिम बंगाल हिंसा को लेकर सोनिया, राहुल और खरगे की चुप्पी पर भाजपा ने उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा को लेकर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए मणिपुर में जातीय आग भड़काने का भी आरोप लगाया है। भाजपा आईटी सेल के हेड और पश्चिम बंगाल भाजपा के सह प्रभारी अमित मालवीय ने ट्वीट कर कहा, पश्चिम बंगाल जल रहा है। पंचायत चुनाव खून से लथपथ है। सत्तारूढ़ टीएमसी के अपराधियों ने कांग्रेस सहित विपक्षी कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या की है। लेकिन मल्लिकार्जुन खरगे से लेकर राहुल गांधी या सोनिया गांधी तक किसी भी कांग्रेस नेता ने राज्य में व्यापक हिंसा और आगजनी के बारे में बात नहीं की है, क्योंकि उन्हें डर है कि ममता बनर्जी उनकी आलोचना करेंगी। लेकिन वही नेता मणिपुर में जातीय आग भड़का रहे हैं। मालवीय ने मणिपुर की हिंसा के लिए अदालत की टिप्पणी को बड़ी वजह बताते हुए कांग्रेस को उनके सरकार के कार्यकाल की याद दिलाते हुए आगे कहा, कांग्रेस के लोगों को मणिपुर हिंसा पर सबसे आखिर में लेक्च र देना चाहिए जिसका (हिंसा) भाजपा सरकार से कोई लेना देना नहीं है। और जो इस मामले में एक न्यायिक टिप्पणी का नतीजा है। इसके विपरीत, 2015-17 के बीच, कांग्रेस की ओकराम इबोबी सिंह सरकार द्वारा तीन विधेयकों - मणिपुर पीपुल्स प्रोटेक्शन बिल 2015, मणिपुर भूमि राजस्व और भूमि सुधार (सातवां संशोधन) बिल 2015 और मणिपुर दुकानें और प्रतिष्ठान (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2015 को पारित करवाने के फैसले के विरोध में हुए प्रदर्शन के बाद मणिपुर का चुराचांदपुर जिला लगभग दो वर्षों तक जलता रहा।

यमुना प्राधिकरण के 3 हजार आवंटियों का जुर्माना होगा माफ, 26 जून को बोर्ड बैठक में रखे जाएंगे 50 प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में जमीन नहीं मिलने के बाद भी जुर्माने की मार झेल रहे तीन हजार से अधिक आवंटियों के लिए राहत भरी खबर है। यीडा की 26 जून को होने वाली बोर्ड बैठक में इनका जुर्माना माफ करने की तैयारी है। यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक चेयरमैन नरेंद्र भूषण की अध्यक्षता में होगी। इसमें करीब 50 प्रस्ताव रखे जाने की उम्मीद है। जुर्माने की मार झेल रहे आवंटियों के लिए भी प्रस्ताव रखा जाएगा। बैठक में ऐसे आवंटियों को शून्यकाल का लाभ दिए जाने का प्रस्ताव रखा जाएगा।

प्रस्ताव के मुताबिक, अगर इसी जमीन पर कोर्ट स्टे है और आवंटी को अब तक कब्जा नहीं मिल पाया है तो उन्हें जुर्माने से राहत मिलेगी। इसके अलावा भूखंड का विकास नहीं होने, प्राधिकरण के पास जमीन नहीं होने आदि के चलते यदि कब्जा नहीं मिल पाया है और आवंटी पर जुर्माना लग रहा है तो यह जुर्माना भी माफ होगा। ऐसे आवंटियों की संख्या तीन हजार से अधिक है। इसमें आवासीय 2000 आवंटी हैं।

फ्लैटेड फैक्टरी की योजना का रास्ता साफ होगा - बोर्ड बैठक में कई अहम प्रस्ताव रखे जाने हैं। प्राधिकरण ने फ्लैटेड फैक्टरी परियोजना का ब्रोशर प्रस्तुत करेगा, ताकि इस योजना को निकाला जा सके। अगर किसी सेक्टर में किसी आवंटी को भूखंड नहीं मिल पा रहा है और भविष्य में उम्मीद भी कम है तो ऐसे आवंटियों को भूखंड दूसरी जगह दे दिया जाएगा।

बिना विलंब शुल्क के रजिस्ट्री करा सकेंगे - प्राधिकरण ने पिछली बोर्ड बैठक में बिना विलंब शुल्क के रजिस्ट्री कराने की समय सीमा घटाई थी। अब प्राधिकरण इस समय सीमा को बढ़ाने जा रहा है। अब जिन आवंटियों की चेक लिस्ट जारी हो गई है, वह 30 सितंबर तक बिना विलंब शुल्क के रजिस्ट्री करा सकेंगे।

43 जगहों पर श्मशान घाट और कब्रिस्तान बनेगा : जिन 29 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है, वहां 43 स्थानों पर श्मशान घाट और कब्रिस्तान बनेगा। इनमें 26 स्थानों पर शमशान घाट बनाए जाएंगे और 17 स्थानों पर कब्रिस्तान बनाए जाएंगे।

ओटीएस योजना आएगी: यीडा एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लाएगा। बकायेदार आवंटियों के लिए जो यह योजना होगी। लाभ लेने से पहले आवंटियों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। बहुत सारे आवंटियों का पैसा बकाया है। वह समय पर पैसा नहीं दे पाए हैं। इसके चलते उन पर जुर्माना लगाया गया है। इसी योजना में जुर्माने से छूट मिलेगी।

ये प्रस्ताव भी रखे जाएंगे: यीडा नौ गांव के किसानों को बहुत जल्द 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा देगा। इसको लेकर अदालत ने आदेश जारी कर दिया है। अदालत के आदेश पर अमल करने की सूचना बोर्ड को दी जाएगी। किसान इसकी मांग कर रहे थे। बैठक में सुरक्षा समूह का रिजयूल्यूशन प्लान, मास्टर प्लान, हेरीटेज सिटी की डीपीआर आदि प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखे जाएंगे।

ये है शून्यकाल - किसी आवंटी को प्राधिकरण ने भूखंड आवंटित किया है तो तय समय पर निर्माण कार्य करना है। निर्माण नहीं करने पर उस पर जुर्माना लगेगा, लेकिन कोर्ट स्टे के चलते उसे प्लाट पर कब्जा ही नहीं मिल पाया, लेकिन उस पर जुर्माना शुरू हो गया। कोर्ट स्टे की अवधि को शून्यकाल घोषित कर दिया जाता है। यानी इस दौरान कोई

गौतमबुद्ध नगर में 500 शक्ति दीदी होंगी नियुक्त, महिला सुरक्षा पर नोएडा पुलिस की नई पहल

नई दिल्ली, एजेंसी। नोएडा पुलिस ने उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत एक आउटरीच पहल के रूप में जिले भर में 500 महिलाओं को शक्ति दीदी के रूप में नियुक्त करने के लिए बुधवार को एक कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने मिशन शक्ति कार्यक्रम का दायरा बढ़ाने और प्रत्येक महिला के बीच सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसे हर घर तक ले जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि शक्ति दीदी के रूप में नामित की गई महिलाएं, महिलाओं से संबंधित मुद्दों और योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने को पुलिस और नागरिकों के बीच एक पुल के रूप में काम करेंगी और सुरक्षा मुद्दों से संबंधित शिकायतों पर उनका मार्गदर्शन करने की दिशा में भी काम करेगी।

जिले के विभिन्न क्षेत्रों से महिला प्रतिनिधि और कार्यकर्ता जनता और पुलिस के बीच मध्यस्थ के रूप में काम करेंगी। अधिकारियों ने कहा कि उनकी भूमिका में महिला सुरक्षा शिकायतों को सुव्यवस्थित करना और महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना शामिल होगा।

एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में, बुधवार को नोएडा सेक्टर-108 में पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय के सभागार में आयोजित एक उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कमिश्नरेट के नोएडा जोन-3 की 30 शक्ति दीदियों को कमिश्नर द्वारा शक्ति दीदी बैज से सम्मानित किया गया।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा, इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर घर महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लागू की गई नीतियों और योजनाओं से अवगत हो। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम केवल नवरात्र के दौरान पैदल गश्त तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरे वर्ष महिलाओं के वित्तीय, भावनात्मक और शारीरिक सशक्तिकरण पर केंद्रित है।

नोएडा की एसीपी-3 सौम्या सिंह ने कहा कि शक्ति दीदियों में अलग-अलग पृष्ठभूमि की महिला प्रतिनिधि शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू एवं कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को एक आतंकी समूह के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सेना, सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम ने गिरफ्तारी की और उनके कब्जे से गोला-बारूद और नकदी बरामद की। दोनों की पहचान शेतीपोरा बिजबेहारा के तौसीफ भट और अरवानी बिजबेहारा के अबरार-उल-हक के रूप में की गई है। उनके कब्जे से बारह एके -47 राउंड, एक हैंड ग्रेनेड और 1 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

बिरयानी देने से किया मना, 5 लोगों ने दुकानदार को लात-घूसों से पीटा

गुरुग्राम। गुरुग्राम में मुफ्त बिरयानी देने से इनकार करने पर कुछ युवकों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए एक बिरयानी और चिकन शॉप संचालक की पिटाई कर दी। आरोपियों ने मारपीट करते हुए वीडियो भी बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना के बाद दुकान संचालक डर के चलते अपने पैतृक स्थान बिहार लौट गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बादशाहपुर थाने में पुलिस ने मंगलवर को मामला भी दर्ज किया। थाना बादशाहपुर में तैनात सिपाही प्रवीण ने दी शिकायत में बताया कि इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप वायरल वीडियो में बादशाहपुर के वाटिका चौक के पास शमा बिरयानी और चिकन कॉर्नर पर कुछ लोग एक शख्स को लात-घूसों से पीट रहे थे। प्रवीण ने शिकायत में बताया कि मोनू के दोस्त शमा बिरयानी और चिकन कॉर्नर बिरयानी लेने मोनू के नाम पर गए थे। दुकानदार मोहम्मद मसूद ने मोनू पर पहले से ही करीब 1700 रुपये बकाये के कारण मना कर दिया। इसपर मोनू दोस्तों के साथ दुकान पर पहुंचा और दुकानदार की पिटाई कर दी।

शारजाह में ट्रक ने पिकअप वाहन को मारी टक्कर, एक भारतीय समेत 4 की मौत

दुबई, एजेंसी। शारजाह में एक भारी ट्रक की चपेट में आने के बाद एक पिकअप के कई बार पलट जाने से एक भारतीय और तीन पाकिस्तानियों की मौके पर ही मौत हो गई। खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना बुधवार सुबह करीब 5.45 बजे शारजाह-अल धाइद रोड पर अल धाइद ब्रिज और अल जुबैर जिले के बीच हुई। शारजाह पुलिस के उपमहानिदेशक कर्नल अब्दुल्ला अल दुखन ने कहा, दुर्घटना तब हुई जब पिकअप वाहन राजमार्ग की दाहिनी लेन को देखे बिना शारजाह-धाइद रोड में प्रवेश कर गया। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार ट्रक चालक को भी यह उम्मीद नहीं थी कि कोई वाहन अचानक लेन में आ जाएगा। बालू लदे ट्रक ने पिकअप को टक्कर मार दी, जिससे पिकअप वाहन कई बार पलट गया। खलीज टाइम्स ने कर्नल अल दुखन के हवाले से कहा है कि दुर्घटना के कारण ट्रक का इंजन केबिन उसकी बॉडी से अलग हो गया और पिकअप पर गिर गया, जिससे चार यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

पुलिस को दुर्घटना के बारे में एक कॉल मिली और उसने तुरंत एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा। ट्रक का चालक सुरक्षित है, चार यात्रियों के शवों को अल कुवैती अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है। अल धाइद रोड पर अक्सर घातक दुर्घटनाएं होती रहती हैं। हाल ही में, छह एशियाई प्रवासियों की मौत हो गई थी और 15 अन्य घायल हो गए थे जब एक ट्रक उसी सड़क पर मजदूरों को ले जा रही बस से टकरा गया।

तिरंगे की थीम पर सजा था डाइनिंग टेबल, शेफ के साथ फर्स्ट लेडी ने भी बंटाया हाथ



न्यूयार्क एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन ने बुधवार को व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए निजी रात्रिभोज की मेजबानी की। व्हाइट हाउस के अनुसार, इस दौरान राष्ट्रपति, प्रथम महिला और प्रधानमंत्री ने भारत को समर्पित संगीत का भी आनंद उठाया। बाइडन दंपती व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में 22 जून बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री मोदी के लिए राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे, जिसमें 400 मेहमानों के शामिल होने की उम्मीद है।

वहीं, अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा में पीएम मोदी का भव्य स्वागत होने के बाद बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने पीएम मोदी के लिए फैमिली डिनर का आयोजन किया। इसका मेन्यू भी सामने आया है।

इतना ही नहीं जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी के लिए डिनर तैयार करने में खुद जिल बाइडन ने शेफ का हाथ बंटाया। वहीं, प्रधानमंत्री के लिए व्हाइट हाउस के कार्यकारी शेफ क्रिस कॉमर फोर्ड और व्हाइट हाउस के कार्यकारी पेस्ट्री शेफ सूसी मॉरिसन ने डिनर का मैन्यू तैयार किया है।

डिनर का आयोजन व्हाइट हाउस की दक्षिणी लेन में हुआ। इतना ही नहीं डिनर को तिरंगे की थीम पर सजाया गया था। डाइनिंग मंडप हरे रंग से सजा है। वहीं मेज पर केसरिया रंग के फूल रखे गए। इसके अलावा यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिल्वेनिया का एक समूह ने भारतीय संगीत के साथ जिल बाइडन के गृह नगर की यादों गाने को बयां किया।

पाक राष्ट्रपति अल्वी ने रातों रात बदल दिया मुख्य न्यायाधीश, काजी फैज ईसा को बनाया नया चीफ जस्टिस

इस्लामाबाद एजेंसी। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने स्वतंत्र सोच वाले न्यायाधीश माने जाने वाले न्यायमूर्ति काझी फैज ईसा को पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट का अगला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया है। खास बात यह है कि इस बात की किसी को भनक नहीं लगी और राष्ट्रपति आरिफ ने रातोंरात अपने फैसले को अंजाम दे दिया। काझी फैज ईसा मौजूदा प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल के सेवानिवृत्त होने के बाद 17 सितंबर को कार्यभार संभालेंगे। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 175 के तहत प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति की है। राष्ट्रपति 17 सितंबर को न्यायमूर्ति काजी फैज ईसा को शपथ दिलाएंगे। एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, पाकिस्तानी उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश ने इस साल बाद में शीर्ष अदालत का प्रधान न्यायाधीश बनने पर कहा कि वह न्याय पीठों के गठन और मुकदमों के निर्धारण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का प्रयास करेंगे। अखबार ने कहा कि वह पांच सितंबर, 2014 से शीर्ष अदालत के न्यायाधीश हैं। इससे पहले उन्होंने 2009 से 2014 तक बलूचिस्तान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया था।

इजरायली हवाई हमले में तीन फिलिस्तीनी मारे गए

रामल्लाह, एजेंसी। फिलिस्तीनी और इजरायली सूत्रों ने बताया कि उत्तरी वेस्ट बैंक शहर जेनिन में एक कार पर इजरायली हवाई हमले में तीन फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बुधवार को कहा कि इजरायली सेना के टोही ड्रोन ने जेनिन के उत्तर में एक गांव अल-जलामा के पास हमला किया, इससे कार में सवार सभी तीन फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, फिलिस्तीनी प्राधिकरण की नागरिक सुरक्षा ने एक बयान में कहा कि उसके दल घटनास्थल पर पहुंचे, आग की लपटों को बुझाया और तीन युवकों के शव पाए। इसमें कहा गया है कि इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने नागरिक सुरक्षा दल को शव ले जाने से रोक दिया। फिलिस्तीनी सूत्रों ने कहा कि आईडीएफ ने फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी की एम्बुलेंस को जली हुई कार से शव ले जाने से भी रोका। एक बयान में, आईडीएफ ने कहा कि उसने बुधवार रात को ड्रोन का उपयोग करके वेस्ट बैंक में एक आतंकी सेल को नष्ट कर दिया। यह ड्रोन हमला वेस्ट बैंक में हाल ही में बढ़ी हिंसा के बीच हुआ है। सोमवार को जेनिन पर इजरायली सेना के हमले के दौरान छह फिलिस्तीनी मारे गए और कम से कम 90 अन्य घायल हो गए। मंगलवार को, इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) के सदस्य, दो फिलिस्तीनी बंदूकधारियों की मौत हो गई, जब उन्होंने वेस्ट बैंक शहर रामल्ला के पास गोलीबारी की और चार इजरायलियों को मार डाला।

तापमान बढ़ने से कुत्तों को ज्यादा गुस्सा आता है

डॉक्टर्स बोले- गर्मियों के मौसम में डॉग बाइट के मामले 11% बढ़ जाते हैं

लंदन/वाशिंगटन, एजेंसी। नई रिसर्च में खुलासा हुआ है कि गर्मियों के मौसम में कुत्तों को काफी ज्यादा गुस्सा आता है। डॉग बाइट के मामलों में भी इजाफा होता है। डॉक्टर्स के मुताबिक, ठंड और मानसून के मौसम की तुलना में डॉग बाइट के मामले गर्मियों में 11त्न बढ़ जाते हैं।

इसी तरह गर्मी का असर इंसानों पर भी होता है। उन्हें झुंझलाहट होती है। अमेरिका में एरिजोना रिसर्च सेंटर की एक स्टडी में देखा गया कि हाई टेम्परेचर की वजह से लोग गुस्सा हो जाते हैं और एक दूसरे से झगड़े करते हैं।

अमेरिका की दूसरी रिसर्च में पाया गया कि टेम्परेचर बढ़ने से हिंसा 4त्न और सामूहिक हिंसा में 14त्न तक बढ़ोतरी हुई है। वहीं, स्पेन में सड़क दुर्घटनाओं का खतरा 7.7त्न तक बढ़ गया है।

डॉग बाइट रेट और डेली टेम्परेचर लेवल पर स्टडी हुई: रिसर्चर्स ने डॉग बाइट रेट और हर दिन के तापमान के बीच संबंध जानने के लिए इन पर स्टडी की। इसमें पाया की जब सूर्य की किरणें या अल्ट्रावायलेट रे का लेवल ज्यादा था तब डॉग बाइट के मामले बढ़े। रिसर्च में डॉग ब्रीड का जिक्र नहीं किया गया। यानी कौन सी प्रजाति के कुत्तों पर गर्मी का असर ज्यादा हुआ, इस बारे में जानकारी नहीं दी गई। डॉग एग्रेशन के बारे में भी नहीं बताया गया।

69 हजार से ज्यादा डॉग अटैक पर हुई रिसर्च: अमेरिका के 8 शहरों- डलास, ह्यूस्टन, बाल्टीमोर, बैटन रूज, शिकागो, लुइसविले, लॉस एंजिल्स और न्यूयॉर्क में 2009 से 2018 के बीच हुए कुत्तों के हमलों पर रिसर्च हुई। इन मामलों की संख्या करीब 69,525 थी। यानी एक दिन में 3 मामले सामने आए। रिसर्च के मुताबिक, सिर्फ कुत्ते ही नहीं बल्कि टेम्परेचर के बढ़ते ही बंदर और चूहों को भी गुस्सा आता है।

अब जानिए इंसानों को गर्मी में ज्यादा गुस्सा क्यों आता है: डॉक्टर्स का कहना है कि गर्मी में इंसानों के शरीर का स्ट्रेस हॉर्मोन बढ़ने लगता है। स्ट्रेस हॉर्मोन को कॉर्टिसोल भी कहते हैं। ठंड में कॉर्टिसोल का लेवल कम रहता है, लेकिन जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है, वैसे-वैसे कॉर्टिसोल का लेवल भी शरीर में बढ़ने लगता है। इससे शरीर को नुकसान पहुंचता है।

सरल भाषा में समझेंङ्क गर्मी का असर मस्तिष्क पर पड़ता है। दमिग को जब पर्याप्त ऑक्सीजन और हाइड्रेशन नहीं मलिता तो वो रएिक्ट करता है और नतीजन हमें डप्रिशन, तनाव, गुस्से का अहसास होता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129